हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 156

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

महाराष्ट्र में एनडीए के बीच सीट शेयरिंग फाइनल:शाह के घर बैठक चली... | शेर आया... जैसी बम की फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या | करवाचौथ सुहागिनों द्वारा पति की रक्षा का महापर्व!

मूल्य : 2 रुपए

**झारखंड विस चुनाव : सीट शेयरिंग में हर पहलू पर रखा गया ध्यान, 43 से 45 सीट आ सकती है झामुमो के खाते में**

# एनडीए के बाद इंडिया में भी सीटों का हुआ समझौता, जेएमएम-कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ेंगे

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद दोनों प्रमुख गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग हो गई है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के एक दिन बाद इंडिया गठबंधन ने भी इस बात का ऐलान कर दिया कि उनका अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बातचीत फाइनल हो गई है.



### कांग्रेस-झामुमो ने घटक दलों के लिए छोड़ी 11 सीटें

कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. इन दोनों दलों के हिस्से 70 सीटें आईं हैं. इंडिया गठबंधन के बाकी सहयोगी दल 11 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. शनिवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह घोषणा की. जानकारी के अनुसार, झामुमो के खाते में 43 से 45 सीटें आ सकती हैं. वहीं कांग्रेस के खाते में 28 से 30 सीट आने की संभावना है. चर्चा यह है कि शेष 11 सीटों में सात राजद और चार माले के खाते में जाने की संभावना है.

### वामदल भी होंगे इंडिया का हिस्सा

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के साथ एक और सहयोगी शामिल हो रहे हैं. वामदलों की भी इसमें भूमिका होगी. उन्होंने कहा कि पहले चरण में हमने तय किया है कि राज्य की 70 सीटों पर झामुमो और कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे. शेष 11 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल और वामदल के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे.

### 20 अक्टूबर को आ सकती है कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट

राहुल गांधी के दिल्ली से रांची आने के पहले ही झारखंड में इंडिया के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा हो गई. हेमंत सोरेन ने झारखंड कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर की मौजूदगी में घोषणा की कि कांग्रेस और झामुमो 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. बाकी 11 सीटों पर राजद और वामदल अपने-अपने उम्मीदवार खड़े करेंगे. अब सहयोगी दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नाम तय करके उनकी सूची जारी करेंगे. कांग्रेस की सूची 20 अक्टूबर को आ जाने की उम्मीद है.

### मनोज झा ने कहा- आरजेडी के पास तमाम विकल्प खुले हुए हैं

झारखंड विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर राजद नेता मनोज झा ने कहा कि आरजेडी का पूरा नेतृत्व यहां है। आज सुबह बैठक हुई, जिसमें ये पाया गया कि ताकत जनाधार की है जो राजद के पक्ष में है। पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े, क्योंकि लालू यादव का हृदय विशाल था। दुख के साथ कहना पड़ता है कि एक तरफा फैसला लिया गया। अलग-अलग जिलों में हमारी जो मौजूदगी है वो बहुत ताकतवर है। हम अपने गठबंधन के सहयोगियों को कहेंगे कि उसके अनुसार फैसला लें।

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे रांची, सीएम हेमंत ने की मुलाकात

रांची : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को रांची पहुंचे. इसके बाद वे होटल रेडिशन ब्लू पहुंचे. वहां सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित इंडि गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से भी मुलाकात की. राहुल गांधी रांची के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. राहुल गांधी के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई कांग्रेस ने नेताओं ने उनका स्वागत किया. बताते चलें कि वहां बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इसी होटल में ठहरे हुए हैं.



## संक्षिप्त खबरें

### सेमीकंडक्टर तेजी के बीच एनालॉग डिवाइसेज के लिए भारत प्रमुख आरएंडडी केंद्रः कंपनी

वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को अपने प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार अवसर के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलुरू स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया (एडीआई) के भारत में प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक श्रीनिवास प्रसाद ने पीटीआई-भाषा कहा, हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से एक के रूप में देख रहे हैं, और बेंगलुरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में से एक है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि एनालॉग डिवाइस में बनने वाली लगभग हर चिप में, एडीआई इंडिया ने किसी न किसी तरह से भूमिका निभाई होगी। भारत में सेमीकंडक्टर के अवसर के बारे में प्रसाद ने कहा कि कंपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा में भारी निवेश जारी रखने की योजना बना रही है। साथ ही कंपनी भारत में मौजूद अपार बाजार अवसरों की तलाश भी कर रही है।

### भारत और सिंगापुर ने अपनी पहली साइबर नीति पर की चर्चा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत और सिंगापुर ने अपनी पहली साइबर नीति पर बाचतीत की, जो इस साल सितंबर में पीएम मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान जारी संयुक्त वक्तव्य में शामिल प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। सिंगापुर में हुई इस वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय के साइबर कूटनीति के संयुक्त सचिव अमित ए शुक्ला और सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी के मुख्य कार्यकारी डेविड कोह ने की। मीडिया रिपोर्ट में एक बयान में कहा गया कि बातचीत में दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वैश्विक साइबर संवाद में साइबर खतरे के परिदृश्य, राष्ट्रीय साइबर रणनीतियां एवं नीतियां, खतरों का आकलन और नीतियां एवं विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संवाद में साइबर खतरे की चेतावनियों और प्रतिक्रियाओं, अनुभवों के आदान-प्रदान और विशेष रूप से महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना और संयुक्त क्षमता निर्माण व प्रशिक्षण गतिविधियों की सुरक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के संबंध में द्विपक्षीय सहयोग का भी पता लगाया गया है। पीएम मोदी की सिंगापुर यात्रा के मौके पर जारी भारत-सिंगापुर संयुक्त वक्तव्य में सन्निहित भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय सहयोग के लिए डिजिटलीकरण स्तंभ में साइबर स्पेस प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। बयान में यह भी कहा गया है कि द्विपक्षीय वार्ता इस दिशा में एक अहम कदम है और इससे भारत और सिंगापुर के बीच साइबर स्पेस सहयोग के संभावित और व्यावहारिक क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है।

### तैयारियां पूर्णः सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई को अब आप भी लाइव देख सकेंगे

नई दिल्ली(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनता के हित में बड़ा और सार्थक कदम उठाया है। अब कोई भी आम आदमी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को लाइव देख सकेगा। इसके लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। अब से, आप सभी अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर देख पाएंगे। इससे पहले तक, सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान पीठ और राष्ट्रीय महत्व के अन्य मामलों की सुनवाई को ही यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम करता था। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में स्वप्निल त्रिपाठी मामले में अपने फैसले में महत्वपूर्ण मामलों में कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग का समर्थन किया था। इसके बाद, देश के कोने-कोने के नागरिकों को शीर्ष अदालत की कार्यवाही देखने का मौका मिले, इसलिए पूरे न्यायालय ने संविधान पीठों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने का फैसला किया। इसके अलावा, महत्वपूर्ण सुनवाई का लाइव ट्रांसक्रिप्शन तैयार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग तकनीक का भी उपयोग किया जाता है। हाल ही में, नीट-यूजी मामले और आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को लोगों ने काफ़ी संख्या में ऑनलाइन देखा। पिछले साल अगस्त में, संविधान के अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी।वाई। चंद्रचूड़ ने कहा था कि शीर्ष अदालत देश भर की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को सक्षम बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रही है।

## विस चुनाव से पहले चेकिंग तेज, बंगाल सीमा पर कार से 11.38 लाख रुपए बरामद

**मैथन (धनबाद)** : झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले चेकिंग अभियान तेज हो गया है. इसी कड़ी में धनबाद जिले में झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा से 11.38 लाख रुपए दो कार से बरामद हुए हैं. दोनों कार के मालिकों से पूछताछ की जा रही है. झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा के डीबुडीह चेकपोस्ट पर शुक्रवार की रात मैथन पुलिस ने दो वाहनों से इतनी बड़ी राशि जब्त की है. दोनों वाहनों के मालिक से मैथन पुलिस पूछताछ कर रही है. पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.



### एक कार से 10 लाख, दूसरी कार से मिले 1.38 लाख रुपए

मैथन पुलिस ने बताया कि एक कार से 10 लाख रुपए बरामद हुए जबकि दूसरी कार से एक लाख 38 हजार रुपए मिले हैं. दोनों वाहन पश्चिम बंगाल से झारखंड में प्रवेश कर रहे थे. इसी दौरान वाहन की जांच-पड़ताल की गई, तो यह राशि उनसे बरामद हुई.

### सीईओ झारखंड ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की समीक्षा बैठक

चुनाव से पहले झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सभी प्रवर्तन एजेंसियों के सीनियर ऑफिसर्स के साथ लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं. उन्होंने अफसरों से कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सभी एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करके काम करें. किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर पैनी नजर रखें.

## डीसी, एसएसपी और एसडीओ ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का किया निरीक्षण

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर रांची डीसी वरुण रंजन, एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा और सदर एडीओ उत्कर्ष कुमार ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का निरीक्षण किया. तीनों अधिकारियों ने शुक्रवार की देर रात झारखण्ड-बंगाल बॉर्डर पर स्थित मुरी और दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया.



इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये. साथ ही अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब व नगदी की धर-पकड़ के लिए चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया. गौरतलब है कि झारखंड की सभी 81 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा. 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान की तिथि निर्धारित की गई है, जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी.

## प्रियंका गांधी 23 अक्टूबर को करेंगीं नामांकन दाखिल, भाई राहुल भी होंगे साथ

**आगामी** वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को जब अपना नामांकन दाखिल करेंगीं, तो उस समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी भी मौजूद होंगे. वायनाड से उपचुनाव लड़ने जा रहीं प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले वायनाड कलेक्ट्रेट तक रोड शो करेंगीं. इस दौरान उनके साथ राहुल गांधी भी होंगे.



### राहुल गांधी के रायबरेली से सीट बरकरार रखने के कारण वायनाड का सीट हुआ था खाली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 का लोकसभा चुनाव वायनाड और अमेठी की दो सीटों से लड़ा था और दोनों सीटों पर विजयी हुए थे. उन्होंने वायनाड खाली कर दिया, जिससे सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता हुई है.

### गांधी परिवार अकेले चुनाव लड़कर तीन लाख वोट पा जाये तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा : दिनेश

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने वायनाड से लोकसभा उपचुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा पर एक बार फिर हमला बोला और पूरे गांधी परिवार को 'पलायनवादी' करार दिया. दिनेश सिंह ने एक खुले पत्र के माध्यम से गांधी परिवार को चुनौती देते हुए कहा कि मैं इन सब गांधियों को रायबरेली आमंत्रित करता हूं, जब मन करे पंजा निशान लेकर, कॉग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अकेले दिनेश प्रताप सिंह से चुनाव लड़ लें, तीन लाख वोट अगर पा जायेगें तो मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा.

## भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की जेएसएससी-सीजीएल के अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग

रांची : प्रदेश भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार से जेएसएससी- सीजीएल (झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023) के अंतिम परीक्षा फल प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की है. इस संबंध में पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत भी की है. इसमें कहा गया है कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है. 15 अक्टूबर से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21-22 सितंबर को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था. परीक्षा के बाद इसके पेपर लीक की शिकायत कैंडिडेट्स की ओर से की गयी थी. हाईकोर्ट में भी एक पीआईएल दायर किया गया था. हरियाणा में अभी हुए चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी और चुनाव आयोग ने परीक्षा परिणामों पर रोक लगा दी थी. इसे देखते यहां भी रिजल्ट के अंतिम प्रकाशन पर रोक लगे. सर्टिफिकेट जांच और अन्य कार्यक्रम को रोका जाए. जेपीएससी, जेएसएससी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं के रिजल्ट प्रकाशन और इससे संबंधित सभी कार्यों पर आदर्श आचार संहिता को देखते रोक लगायी जाए.

### नेता प्रतिपक्ष का विरोध

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने जारी रिजल्ट को लेकर आपत्ति जताई है. एक्स पर लिखा था कि "हेमंत जी" यह हड़बड़ी बहुत भारी पड़ेगी. रिजल्ट जारी करना युवा विरोधी हेमंत सरकार के निक्कम्मेपन की पराकाष्ठा है.

## ईडी का आरोप- खाड़ी देशों में 13,000 एक्टिव पीएफआई मेंबर्सः इन्हें करोड़ों के फंड जुटाने का टारगेट, भारत में आतंकियों तक हवाला से पहुंचाई रकम

**नई दिल्ली**ः भारत में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ 2 साल से चल रही ईडी की जांच में नए खुलासे हुए हैं। ईडी ने शुक्रवार को बताया कि पीएफआई के सिंगापुर और खाड़ी देशों में 13 हजार से ज्यादा एक्टिव मेंबर्स हैं, जिन्हें करोड़ों रुपए के फंड जुटाने की जिम्मेदारी मिली हुई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पीएफआई ने खाड़ी देशों में रह रहे प्रवासी मुस्लिम समुदाय के लिए डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटियां बनाई हैं। इन्हीं कमेटियों को फंड जुटाने की जिम्मेदारियां दी गई थीं। ईडी ने बताया कि विदेशों से जुटाए करोड़ों के फंड को अलग-अलग बैंकिंग चैनलों के साथ-साथ हवाला के माध्यम से भारत भेजा जाता था, ताकि इस फंड को ट्रेस न किया जा सके। यह फंड भारत में बैठे पीएफआई के अधिकारियों और आतंकियों तक आतंकी घटनाओं को





अंजाम देने के लिए पहुंचाया जाता था। सितंबर 2022 में देशभर में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए और ईडी ने छापा मारा था। इसमें पीएफआई से जुड़े कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। इन पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई थी। छापेमारी के बाद केंद्र सरकार ने 28 सितंबर 2022 को पीएफआई संगठन को बैन कर दिया था। ईडी तब से पीएफआई के खिलाफ जांच कर रही है।

### ईडी की जांच में 4 खुलासे

- जांच से पता चला है कि पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से अलग हैं। पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है, लेकिन जांच में पता चला है कि पीएफआई के वास्तविक उद्देश्यों में जिहाद के माध्यम से भारत में एक इस्लामिक आंदोलन खड़ा करना है।
- पीएफआई दावा करता है कि वह अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करेगा, लेकिन जांच में पता चला है कि फिजिकल एजुकेशन की क्लासेस की आड़ में पीएफआई पंच, किक, चाकूबाजी और स्टिक अटैक के हिंसक तरीकों की प्रैक्टिस करवाता था।
- देश में मौजूद पीएफआई के ठिकानों में से कोई भी पीएफआई के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं था। फिजिकल एजुकेशन की क्लासेस की जगह भी डमी ओनर्स के नाम पर रजिस्टर्ड थी।
- 2013 में केरल के कन्नूर जिले में नारथ आर्म्स कैंप में पीएफआई के फिजिकल एजुकेशन क्लास में विस्फोटकों और हिंसक हथियारों की ट्रेनिंग दी गई। इसका उद्देश्य अलग-अलग धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और पीएफआई मेंबर्स को आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार करना था।

### पीएफआई पर 5 साल के बैन की वजह

- पीएफआई से खतराः पीएफआई और इससे जुड़े संगठन गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। ये गतिविधियां देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इनकी गतिविधियां भी देश की शांति और धार्मिक सद्भाव के लिए खतरा बन सकती हैं। ये संगठन चुपके-चुपके देश के एक तबके में यह भावना जगा रहा था कि देश में असुरक्षा है और इसके जरिए वो कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहा था।
- पीएफआई का सीक्रेट एजेंडाः क्रिमिनल और टेरर केसेस से जाहिर है कि इस संगठन ने देश की संवैधानिक शक्ति के प्रति असम्मान दिखाया है। बाहर से मिल रही फंडिंग और वैचारिक समर्थन के चलते यह देश की आतंरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है। पीएफआई खुले तौर पर तो सोशियो-इकोनॉमिक, एजुकेशनल और पॉलिटिकल ऑर्गनाइजेशन है पर ये समाज के खास वर्ग को कट्टरपंथी बनाने के अपने सीक्रेट एजेंडा पर काम कर रहा है। ये देश के लोकतंत्र को दरकिनार कर रहा है।

## झारखंड के नए डीजीपी बनाए गए अजय कुमार सिंह, हटाए गए अनुराग गुप्ता

रांचीः सीनियर आईपीएस अफसर अजय कुमार सिंह झारखंड के नए डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) नियुक्त किए गए हैं. इससे पहले भी वे राज्य के डीजीपी रह चुके हैं. वे फिलहाल झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पद पर पदस्थापित थे. चुनाव आयोग के निर्देश पर अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से डीजीपी पद से हटा दिया गया है. गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नए डीजीपी की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है.





### 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं अजय कुमार

1989 बैच के आईपीएस अफसर अजय कुमार सिंह को एक बार फिर झारखंड डीजीपी की जिम्मेदारी दी गयी है. नीरज सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद इन्हें झारखंड का नया डीजीपी बनाया गया था. इससे पहले वे एसीबी का डीजी और झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष रह चुके हैं. हजारीबाग, धनबाद समेत कई जिलों में एसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं. बिहार के कई जिलों में भी एसपी रह चुके हैं.

## रांची पहुंचीं बीजेपी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन



रांची : बीजेपी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन शनिवार की सुबह रांची पहुंची. रांची एयरपोर्ट पर बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. वानथी श्रीनिवासन भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन करेंगी.

## झामुमो, कांग्रेस की घोषणा पर राजद ने जताई आपत्ति, रांची में थे तेजस्वी यादव फिर भी नहीं बुलाया गया

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस के 70 सीटों पर मिलकर लड़ने की घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन में खटपट शुरू हो गई. राष्ट्रीय जनता दल ने इस घोषणा पर आपत्ति जताई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के नेता जब गठबंधन के तहत 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे थे तो राजद के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव, राज्यसभा सांसद डॉक्टर मनोज झा, झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव सहित कई नेता रांची में ही थे. लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसी को नहीं बुलाया. एक तरफ घोषणा कर दी. राजद ने इस पर आपत्ति जताई है. मनोज झा ने कहा है कि यह गठबंधन के लिए ठीक नहीं है. रांची में रहने के बावजूद तेजस्वी यादव को इस अवसर पर नहीं बुलाया गया. जबकि गठबंधन के मुद्दे पर तेजस्वी यादव ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कुछ घंटे पहले ही बातचीत की थी. मनोज झा ने कहा कि गठबंधन में राजद को 5 सीट देने की बात चल रही है. यह हमारी पार्टी के साथ अन्याय होगा. 2019 के चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल को 7 सीट मिली थी. पिछले चुनाव में 5 सीटों पर हमारे उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे. इसलिए हमारी दावेदारी यहां कम से कम एक दर्जन सीटों पर है. इन सीटों पर हम मजबूत हैं. हम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. बावजूद हमारी अनदेखी की गई. उन्होंने कहा कि घोषणा से हमारे कार्यकर्ताओं में निराशा है. हम बैठक कर इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे.

## 21 तक लाइसेंसी हथियार जमा कराएंः रांची डीसी

रांचीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी वरुण रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय में विधानसभा आम निर्वाचन से सम्बंधित चुनाव कार्यों को सुचारु रूप से संचालन के लिए पुलिस पदाधिकारियों, खनन, उत्पाद, वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की. डीसी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी चेक नाकों को अविलंब क्रियाशील करें. डीसी ने रांची जिले में बालू के अवैध खनन को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया एवं जिला खनन पदाधिकारी एवं जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. वहीं जिले में अवैध शराब निर्माण के अड्डों की सूची तैयार कर उन्हें बंद करने के लिए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया. साथ ही सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं प्रमुख अंतर जिला चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने को भी कहा.

## सीबीएसई इंटर स्कूल आर्चरी प्रतियोगिता में रांची की अनुष्का ने जीता गोल्ड मेडल



रांची : डीएवी गांधी नगर, शिशु विहार की छात्रा अनुष्का तिवारी ने सीबीएसई इंटर स्कूल तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है. वह कक्षा 4 की छात्रा है. अनुष्का ने गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल के साथ-साथ पूरे परिवार का नाम रौशन किया है. अनुष्का की सफलता पर डीएवी शिशु विहार की प्रभारी डॉ. जया जयसवाल ने कहा कि जीवन में हर छोटी सफलता भी मायने भी रखती है

स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप कुमार झा ने कहा कि सुबह की असेंबली वाइब उत्साह से भरी होती है. अनुष्का को बधाई देते हुए प्रिंसिपल ने कहा कि आप हम सभी के लिए प्रेरणा हैं. मौजूद छात्रों से कहा कि खुद पर विश्वास रखें और कड़ी मेहनत करें. अपने सपनों को कभी न छोड़ें. कहा कि अनुष्का की उपलब्धि इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है.

## झारखंड विधानसभा चुनाव – रांची जिला में दूसरे दिन एक नॉमिनेशन

रांचीः झारखंड में पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन रांची जिला में एक प्रत्याशी ने नॉमिनेशन किया. रांची जिला में पहले चरण में पांच विधानसभा में चुनाव होने हैं. बता दें कि पहले दिन रांची जिला में 2 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया था. जिसमें रांची विधानसभा और कांके विधानसभा से एक-एक प्रत्याशी थे.

जानें दूसरे दिन किस विधानसभा में कितने नॉमिनेशन

तमाड़- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-0

रांची- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-1

हटिया- नामांकन-1 (विजय सिंह) पार्टी- सम्पूर्ण क्रन्ति पार्टी, फॉर्म बिक्री- 3

कांके- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-1

मांडर- नामांकन- 0, फॉर्म बिक्री-1

## 15 साल पुराने सरकारी वाहनों की अब नीलामी नहीं, स्क्रैप की जाएगी



रांचीः 15 साल से पुराने सरकारी वाहनों की अब नीलामी नहीं की जायेगी. इन्हें अब स्क्रैप कर दिया जायेगा, सड़कों पर चलने के लिए रखा जायेगा. मंत्रिपरिषद ने इस संबंध में पहले फैसला लिया था, जिसके बाद परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है. ऐसे वाहनों को रजिस्ट्रड वेह्किल स्क्रेपिंग फैसिलिटी के माध्यम से विधिवत स्क्रैप किया जायेगा. हालांकि, यह नियम देश की रक्षा या विशेष प्रयोजन के लिए उपयोग में आने वाले बख्तरबंद या अन्य विशेष वाहनों पर लागू नहीं होगा.

# झारखंड विधानसभा चुनावः 66 बीजेपी प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी, रांची से सीपी सिंह और धनवार से बाबूलाल मरांडी को टिकट

रांचीः भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पहली लिस्ट जारी की । जिसमें 66उमीदवार के नाम की घोषणा की गई ।

### इन चेहरों पर भारतीय जनता पार्टी ने जताया भरोसा

1. राजमहल- अनंत ओझा
2.बोरियो- लोबिन हेंब्रम
3.लिट्टीपाड़ा-बाबूधान मुर्मू
4.महेशपुर- नवनीत हेंब्रम
5.शिकारीपाड़ा- परितोष सोरेन
6.नाला- माधवचंद्र महतो
7.जामताड़ा- सीता सोरेन
8.दुमका- सुनील सोरेन
9.जामा- सुरेश मुर्मू
10.जरमुंडी-देवेंद्र कुंवर
11.मधुपुर- गंगानारायण सिंह
12.सारठ- रंधीर सिंह
13.देवघर-नारायण दास
14.पौड़ैयाहाट- दवेंद्रनाथ सिंह
15.गोड्डा- अमित मंडल
16.महगामा-अशोक भगत
17.कोडरमा-नीरा यादव
18.बरकट्ठा-अमित यादव
19.बरही-मनोज यादव
20.बड़कागांव- रोशन लाल चौधरी
21.सिमरिया- उज्जवल दास
22.हजारीबाग- प्रदीप प्रसाद
23.बगोदर-नागेंद्र महतो
24.जमुआ- मंजू देवी
25.गांडेय- मुनिया देवी
26.गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी
27.बेरमो- रवींद्र पांडेय
28.बोकारो- विरंची नारायण
29.चंदनक्यारी-अमर बाउरी
30.सिंदरी-तारा देवी
31.निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता
32.धनबाद- राजसिन्हा
33.झरिया-रागिनी सिंह
34.बाघमारा- शत्रुध्न महतो
35.बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी
36.घाटशिला- बाबूलाल सोरेन
37.पोटका- मीरा मुंडा
38.जमशेदपुर पूर्वी- पूर्णिमा दास
39.सरायकेला- चंपाई सोरेन
40.चाईबासा- गीता बलमुचू
41.मझगांव- बड़कुंवर गगरई
42.जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा
43.चक्रधरपुर-शशिभूषण समद
44.खरसांवा- सोनाराम बोदरा
45.तोरपा- कोचे मुंडा
46.खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा
47.खिजरी-रामकुमार पाहन
48.धनवार- बाबूलाल मरांडी
49.रांची- सीपी सिंह
50.हटिया-नवीन जायसवाल
51.कांके-जीतू चरण राम
52.मांडर- सन्नी टोप्पो
53.सिसई-अरूण उरांव
54.गुमला- सुदर्शन भगत
55.विशुनपुर- समीर उरांव
56.सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा
57.कोलेबिरा- सुजान जोजो
58.मनिका- हरेकृष्ण सिंह
59.लातेहार-प्रकाश राम
60.पांकी- शशिभूषण मेहता
61.डाल्टनगंज- आलोक चौरसिया
62.विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी
63.छत्तरपुर- पुष्पा भुईंया
64.हुसैनाबाद- कमलेश सिंह
65.गढवा- सत्येंद्र तिवारी
66.भावनाथपुर- भानू प्रताप शाही ।

## विस चुनाव को लेकर IG अभियान ने की बैठक, कहा- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी का अनुपालन करें सुनिश्चित

रांचीः विधानसभा चुनाव को लेकर आईजी अभियान एवी होमकर ने जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ शनिवार को समीक्षा बैठक की. उन्होंने कहा कि कहा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करें. इसके अलावा उन्होंने जिले के एसपी को निर्देश दिया कि जिलों में एस ड्राईव चलाकर लंबित वारंट, कुर्कियों, लंबित काण्डों का शीघ्र निष्पादन, लाईसेंसी हथियारों के संबंध में, सक्रिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुये उन पर कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की. उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करने, आवश्यकतानुसार नये पोस्ट का निर्माण और स्वंय एसपी के द्वारा चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग और डीआईजी द्वारा चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया जाय.

### नक्सल अभियान की वर्तमान स्थिति पर किया विमर्श

आईजी अभियान ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव दौरान प्रतिनियुक्ति किये जाने वाले सीएपीएफ, सैप और अन्य केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के आवासन, परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था और क्षेत्र में चुनाव के उपरान्त शीघ्र अगले प्रतिनियुक्त स्थल पर सुरक्षित भेजना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही उग्रवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे नक्सल अभियान की वर्त्तमान स्थिति, आगामी विधानसभा चुनावके मद्देनजर अलग-अलग नक्सल और गैर नक्सल प्रभावी क्षेत्रों के लिए बनायी गई कार्य योजना सहित नक्सल तथा आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान की स्थिति पर विमर्श किया.

## झारखंड का सीनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए ट्रायल रांची में संपन्न

रांचीः 4 से 15 नवंबर 2024 तक तमिलनाडु में आयोजित 14 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024, में झारखंड हॉकी टीम के भागीदारी को लेकर चयन ट्रायल किया गया. झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित किया गया. इस चयन ट्रायल में झारखंड के विभिन्न जिला से 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस चयन ट्रायल में 25 खिलाड़ी चयनित किए गए है.

## बाबूलाल का राहुल पर तंज, कहा- आपकी आंखों के सामने सब हो रहा और आप चुप हैं

रांचीः बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा है. कहा है कि जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले 5 साल से आदिवासियों पर दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे?



### पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में नहीं मिला आरक्षण

बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं. लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला है. दलितों और आदिवासियों की जमीनें लूटकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है. आपने और आपके सहयोगी दल झामुमो ने बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को वोटर बनाकर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए, अपनी पार्टी और जेएमएम को गैर-संवैधानिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की है. यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं.

### युवाओं के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

आपकी सरकार के सहयोगी दल जेएमएम के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में युवाओं को नौकरियों का झांसा देकर उनके फार्म के पैसे दलालों में बांट दिए जाते हैं. दलालों और बिचौलियों द्वारा परीक्षा लीक करवाई जाती है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था, तब आप कहां थे? हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं, माताओं और बहनों से अनेकों वादे किए, लेकिन एक भी वादा धरातल पर पूरा नहीं हुआ. उनके सहयोगी होने के नाते, क्या आप संविधान की कसम खाकर कह सकते हैं कि आपने जनता के हित में काम किया है?

### राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा

राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा है, राज्य भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है. कांग्रेस नेता धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है. क्या आप इन भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देंगे? जिस संविधान की आप बात कर रहे हैं, उसकी रक्षा की जिम्मेदारी राज्य के मुख्यमंत्री की है. लेकिन राज्य की जनता अब यह मान चुकी है कि संविधान का रक्षक ही संविधान का भक्षक बन चुका है. बात चाहे युवाओं की बेरोजगारी हो, महिलाओं के सुरक्षा की हो, या आदिवासियों के अधिकार की, हर मोर्चे पर आपकी सरकार विफल रही है. झारखंड की जनता ने आपको और आपके सहयोगियों को सत्ता में बिठाया, लेकिन आपने जनता के साथ विश्वासघात किया है.

## जेसीईसीईबी : एमबीबीएस में 20 और बीडीएस में 173 सीट रिक्त

रांची . राज्य के मेडिकल संस्थानों में स्टेट कोटा के तहत एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस कोर्स में नामांकन की प्रकिया चल रही है। इसमें झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, जेसीईसीईबी की ओर से तीसरे राउंड की प्रक्रिया चल रही है। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में रिक्त सीटों की अपडेट सूची जारी कर दी गई है। इसके तहत राज्य के सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस कोर्स में कुल 378 सीटें रिक्त हैं। जिसमें से एमबीबीएस की कुल 20 सीटें रिक्त हैं। इसमें राज्य के 6 सरकारी कॉलेजों में 17 सीटें रिक्त हैं। वहीं बीडीएस की 173 सीटें रिक्त हैं। बीएचएमएस में 185 सीटें हैं। तीसरे राउंड के लिए च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया खत्म हो गई है। वहीं स्ट्रे वैकेंसी राउंड 19 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। रिम्स डेंटल कॉलेज में बीडीएस की 5 सीट रिक्त हैं। वहीं अवध डेंटल कॉलेज जमशेदपुर में 64 सीट, हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल हजारीबाग में 68 सीट, वनांचल डेंटल कॉलेज गढ़वा में 36 सीट रिक्त हैं। वहीं बीएचएमएस संस्थानों में गवर्नमेंट होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज गोड्डा में 14 सीट, देवकी महावीर होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज गढ़वा में 35 सीट, मां कलावती होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज में 85 सीट, लक्ष्मी चंद्रवंशी होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज में 51 सीट रिक्त हैं।

## गृह विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ राशि स्वीकृत की

रांची : गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की है. स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी 24 जिलों के लिए है. जारी आदेश में कहा गया है कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए यह अनुदान राशि स्वीकृत की जायेगी. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निर्णय के बाद डीसी द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा. 24 जिलों के लिए 19.19 करोड़ की राशि आवंटित :

– रांची : 1.50 करोड़
– खूंटी : 68 लाख
– लोहरदगा : 01 करोड़
– गुमला : 02 करोड़
– सिमडेगा : 50 लाख
– लातेहार : 50 लाख
– पलामू : 1.40 करोड़
– गढ़वा : 1.05 करोड़
– चाईबासा : 45 लाख
– सरायकेला : 50 लाख
– जमशेदपुर : 70 लाख
– दुमका : 50 लाख
– जामताड़ा : 27.82 लाख
– साहेबगंज : 66 लाख
– पाकुड : 30 लाख
– गोड्डा : 80 लाख
– देवघर : 58 लाख
– हजारीबाग : 01 करोड़
– रामगढ़ : 01 करोड़
– चतरा : 50 लाख
– कोडरमा : 60 लाख
– गिरिडीह : 1.50 लाख
– धनबाद : 60 लाख
– बोकारो : 60 लाख
– कुल : 19.19 करोड़

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के राशन कार्ड, आधार, बीपीएल कार्ड निर्गत करने के मामले की होगी जांच

रांचीः बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच के लिए कदम बढ़ा दिए गये हैं. झारखंड हाइकोर्ट द्वारा पारित न्यायादेश के बाद गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पूरे संथालपरगना के विभिन्न जिलों में अब तक जारी राशन कार्ड, आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड इत्यादि निर्गत करने के संबंध में आधार क्या है इसकी जांच कराने का फैसला लिया है. इसके लिए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से रिकार्ड ऑफ राइट्स के वेरिफिकेशन के आधार पर अब तक आधार कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि निर्गत करने के संबंध में मंतव्य मांगा गया है. गृह विभाग ने इसके अलावा रिकार्डस ऑफ राइट्स की वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी है. इस काम में भू-राजस्व विभाग के आलावा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से भी मंतव्य लिया जा रहा है. झारखंड में रहने, निवास स्थान इत्यादि जांच इसके आधार पर की जा सकेगी.

## टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार और केरेडारी थाना प्रभारी को डीआईजी का आदेश, टीपीसी संगठन पर करें कड़ी कार्रवाई

रांचीः हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने टीपीसी उग्रवादी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. शनिवार को डीआईजी ने टंडवा स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार, बुढ़मू और केरेडारी थाना प्रभारी और एसडीपीओ के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान डीआईजी में थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में सक्रिय टीपीसी उग्रवादी के खिलाफ एक्शन प्लान बनाकर कड़ी कार्रवाई करें. इसके अलावा डीआईजी ने कहा, जिन नंबरों से कोयला कारोबारी समेत कई कारोबार से जुड़े लोगों को धमकी आ रही है,उसका अनुसंधान करें. साथ ही घटित कांड का त्वरित अनुसंधान करने के आदेश दिए.



### ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालकों को टीपीसी ने दी थी चेतावनी, कहा- ना चलाये वाहन

हजारीबाग और चतरा में कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालकों को टीपीसी उग्रवादी संगठन ने बीते दिनों चेतावनी दी थी. संगठन ने प्रेस नोट जारी कर हाइवा चालकों को वाहन नहीं चलाने को कहा था. संगठन ने जारी प्रेस नोट में कहा था, कि बड़कागांव केरेडारी से टंडवा, टंडवा से पिपरवार तक हाइवा चलाने वाले सभी चालकों और उपचालकों को कड़ी हिदायत के साथ चेतावनी दी जा रही है. पहले भी कई बार चेतावनी दी गयी है. पहली चेतावनी सदाबह नदी के पास गोलीबारी करके दी गयी थी. फिर भी कंपनी ने संगठन से बात नहीं किया. इस वजह से केरेडारी में आगजनी और गोलीबारी के साथ चालकों के साथ मारपीट की गयी. फिर भी कंपनी को कोई फर्क नहीं पड़ा. इसलिए आप सभी हाइवा चालकों और उपचालकों से निवेदन है कि आप इस कंपनी में गाड़ी नहीं चलाए.

## डीसी, एसएसपी और एसडीओ ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का किया निरीक्षण

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर रांची डीसी वरुण रंजन, एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा और सदर एडीओ उत्कर्ष कुमार ने झारखंड-बंगाल बॉर्डर का निरीक्षण किया. तीनों अधिकारियों ने शुक्रवार की देर रात झारखण्ड-बंगाल बॉर्डर पर स्थित मुरी और दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा- निर्देश दिये. साथ ही अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब व नगदी की धर-पकड़ के लिए चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया. गौरतलब है कि झारखंड की सभी 81 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा. 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान की तिथि निर्धारित की गई है, जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी.



# मानव तस्करी के शिकार बच्चों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार की क्या है नीतिः हाई कोर्ट

रांचीः ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) की शिकार लड़की के अब तक बरामद नहीं होने से संबंधित एक मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है. एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ को मौखिक बताया गया कि ट्रैफिकिंग की शिकार पीड़ित लड़की को अब तक पुलिस की एसआईटी टीम नहीं ढूंढ सकी है. लेकिन एक अन्य लड़की ढूंढ ली गई है. राज्य सरकार की ओर से पीड़ित लड़की को खोजने के संबंध में अद्यतन जानकारी देने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गई. इस पर हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शिकार जो बच्चे बरामद हो रहे हैं उनके पुनर्वास के लिए राज्य सरकार के पास कोई स्कीम है या नहीं? ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चे पुलिस अगर बरामद करती है तो उनका पुनर्वास कैसे किया जाए, इस पर राज्य सरकार की क्या नीति है? खंडपीठ ने इस पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है. अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी. बता दे कि यह मामला लातेहार जिला से जुड़ा हुआ है. लड़की की गुमशुदगी को लेकर लातेहार के महुआटांड़ में कांड संख्या 11 /2023 दर्ज की गई है.

### संविदा कर्मियों की सेवा विस्तार : हाईकोर्ट ने कहा-किसी व्यक्ति को लंबे समय तक कम वेतन पर नहीं रखा जा सकता

संविदा कर्मियों की सेवा विस्तार किये जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने ने मौखिक रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को कम वेतन पर लंबे समय तक नहीं रखा जा सकता है. सरकार संविदा कर्मियों को शोषित नहीं कर सकती है. अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य में पंचायत स्तर पर विभिन्न संविदा कर्मियों से काम ले रही है. यदि सरकार लगातार ऐसे लोगों से काम ले रही है और भविष्य में भी ऐसे पद बने रहेंगे तो इस पदों पर नियमित नियुक्ति की जानी चाहिए. अदालत ने इस मामले में सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल आइता उरांव और अन्य 158 द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने यह आदेश दिया था कि संविदा कर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ नहीं मिल सकता. एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की गयी थी. जिसपर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ सुनवाई कर रहा है. प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की.

### ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने जेई सुरेश प्रसाद वर्मा सहित दो प्रतिवादियों को किया नोटिस

रिश्वत लेने एवं अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोपी ग्रामीण विकास विभाग सरायकेला के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा से संबंधित जमशेदपुर एसीबी में दर्ज केस में चाईबासा के एसीबी की विशेष अदालत में चल रही ट्रायल को रांची पीएमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने मामले में ईडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रतिवादी सुरेश प्रसाद वर्मा एवं आलोक रंजन को नोटिस जारी किया है. चाईबासा की एसीबी की विशेष अदालत ने इससे संबंधित केस को रांची पीएमएलए कोर्ट में ट्रांसफर करने को लेकर 44(1) सी पीएमएलए के तहत ईडी के आवेदन को खारिज कर दिया था. जिसे ईडी ने क्रिमिनल रिवीजन दाखिल कर हाई कोर्ट में चुनौती दी है. ईडी का कहना है कि इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है, यह शेड्यूल ऑफेंस का मामला है इसलिए चाईबासा में एसीबी की अदालत में चल रही केस की ट्रायल को रांची के पीएमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए. बता दे की नवंबर 2019 को एसीबी जमशेदपुर की टीम के हाथों सुरेश प्रसाद वर्मा दस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए थे. इसके बाद जब एसीबी की टीम ने उनके आवास की तलाशी ली थी, तो वहां से दो करोड़, 45 लाख 44 हजार रुपये नकदी व काफी मात्रा में आभूषण व निवेश से संबंधित कागजात मिले थे. मामले को लेकर एसीबी जमशेदपुर में कांड संख्या 13/2019 दर्ज किया गया था. जिसका ट्रायल चाईबासा में एसीबी की विशेष अदालत में चल रहा है.

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्री को रौंदा, मौत: बेटी को परीक्षा दिलाकर दरभंगा से सीतामढ़ी लौट रहे थे, चालक फरार

सीतामढ़ी. सीतामढ़ी में स्टेट हाईवे-87 सुरसंड-पुपरी मुख्य पथ पर शुक्रवार की रात हुए सड़क हादसे में एक पिता और पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना सुरसंड थाना क्षेत्र के धनारी मोर और कोवारी के बीच की है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चार छक्का वाहन की ठोकर से बाइक पर सवार पिता-पुत्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया हैं। मृतक पिता की पहचान परिहार थाना क्षेत्र के बराही गांव निवासी राजा राम साह और उनकी बेटी मधु प्रिया(18) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजा राम साह अपने पुत्री मधु प्रिय को परीक्षा दिलाने के लिए दरभंगा गए थे। इसी दौरान परीक्षा देकर सुरसंड स्थित घर पर लौट रहे थे, तब बीती रात एसएच 87 पर दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसके कारण उन दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बता दें की राजा राम साह वर्तमान में सुरसंड के बराही पेट्रोल पंप के स्टे बगल में पान-पुरिया का दुकान चलाते थे, उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस घटना की सूचना मिलते ही बराही गांव से भी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी मृत्युंजय नाथ ओझा सहित दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और स्थानीय थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर सुरसंड थानाध्यक्ष धनंजय पांडेय, अवर निरीक्षक राजेश कुमार साह, पुलिस जवान के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया।

## बाढ़ में संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत: ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप, परिजन बोले- दहेज के लिए बेटी को मार डाला; 3 महीने पहले हुई थी शादी

पटना. पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल में संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत हो गई। तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। परिजनों ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पति गोविंद प्लंबर मिस्त्री है। मृतका की पहचान रविता कुमारी(19) के तौर पर हुई है। घटना सादिकपुर गांव की है। अथमलगोला के मेकरा गांव निवासी पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पैसे देने से मना करने पर ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद पति बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया। सादिकपुर गांव के कुछ दबंग लोग मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, पति गोविंद पंडित ने कहा कि पेट में दर्द की शिकायत पर पत्नी को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां से डॉक्टरों ने अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। फिर वहां से भी एनएमसीएच भेज दिया। ईसीजी जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाढ़ थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि फोन पर दहेज के लिए विवाहिता की हत्या की सूचना मिली थी। अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। परिजनों का कहना है कि दहेज के लिए बेटी की हत्या हुई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## पुलिसकर्मी ने युवक को जड़ा थप्पड़, गालियां भी दीं:पटना में गाड़ी में टक्कर के बाद हुआ था विवाद

पटना. पटना में अनिसाबाद मोड़ के पास एक पुलिसकर्मी ने युवक को सरेआम थप्पड़ मार दिया। कॉलर पकड़कर उसे गालियां भी दी। इसका वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पर गर्दनीबाग थाना प्रभारी ने कहा कि दो लोगों के बीच विवाद हुआ था। मामला सुलझाने के लिए जमादार मौके पर पहुंचे थे। थप्पड़ मारने और मारपीट के आरोपों को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। जांच के लिए पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया है। पीड़ित आदित्य कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के सीनियर अधिवक्ता प्रताप नगर निवासी मंगलम से मिलकर वापस लौट रहा था। अनिशाबाद मोड़ के पास मेरी गाड़ी से एक बाइक से टच हो गई। जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। इतने में अनिशाबाद थाना में पदस्थापित जमादार अवधेश कुमार वहां पहुंचे और पिटाई शुरू कर दी। मेरा कॉलर पकड़कर थाना ले जा रहे थे। मुझे गालियां भी दी। उन्होंने वरीय अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बिहटा में बर्थडे पार्टी के दौरान फायरिंग:डांसर से छेड़खानी, 2 नामजद समेत 20 अज्ञात पर केस दर्ज

पटना. बिहटा के आईआईटी थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। नशे में धुत युवकों ने डांसरों के साथ छेड़खानी भी की है। इस संबंध में थाने में FIR दर्ज कराई गई है। डांसर की शिकायत पर 2 लोगों को नामजद किया गया है। साथ ही 15 से 20 अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है। नामजद किए गए युवकों में स्व. विजेंद्र यादव के पुत्र दीपू कुमार और माहेश्वरी यादव के पुत्र मुन्ना यादव शामिल है। जानकारी के मुताबिक हिरामनपुर पकड़ी गांव में दीपू के बर्थडे को लेकर पार्टी का आयोजन किया था। इसमें डांसरों को बुलाया गया था। इस दौरान नशे में धुत युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। डांसरों के साथ छेड़खानी करने लगे। हथियार के भय के कारण किसी की हिम्मत उन्हें रोकने की नहीं हो रही थी। इस बीच किसी ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से सभी फरार हो गए। हालांकि आईआईटी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने फायरिंग की घटना से इन्कार किया है। उन्होंने बताया कि डांसर प्रभा कुमारी ने छेड़खानी का मामला दर्ज कराया है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चार सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे एंबुलेंस चालकः बोले-चार महीने से नहीं मिला वेतन

कैमूर. कैमूर में डायल 102 एंबुलेंस चालकों का चार सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल आज शनिवार से शुरू हो गया हैं। सभी सदर एंबुलेंस चालक अस्पताल भभुआ में धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि हम लोगों की मांग है की जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक हम लोगों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिसमें चार माह का बकाया वेतन ,पीएफ और ईएसआईसी खाते में जमा करना होगा। नई कंपनी में हम लोगों का समायोजन करना होगा । मृत ईएमटी के परिजनों को उनका काटे गए 3 माह का वेतन देना होगा। एंबुलेंस कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष गणेश कुमार पांडे और प्रदेश सचिव ऋषि मुनि राम ने बताया कि पीडीपीएल कंपनी के तहत काम कर रहे कर्मचारियों का वेतन पिछले चार महीने से बकाया है। पहले भी सिविल सर्जन ने दशहरा से पहले वेतन भुगतान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं हुआ। इससे पहले भी पुरानी कंपनी छह महीने का वेतन नहीं देकर भाग गई थी। अब नई कंपनी के आने से कर्मचारियों को चिंता है कि उन्हें बकाया वेतन मिलेगा या नहीं और नई कंपनी उन्हें काम पर रखेगी या नहीं।वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट में हैं, और बच्चों की स्कूल फीस न भरने के कारण नाम काटा जा रहा है। अगर जल्द मांगें नहीं मानी गईं, तो वे भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे रहे हैं।

## बाढ़ में बंद घर से चोरी:शुक्रवार देर रात मेन गेट का लॉक तोड़कर अंदर घुसे चोर, कीमती सामान ले उड़े

पटना. बाढ़ के मलाही गांव में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया है। शुक्रवार देर रात मेन गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और कीमती सामान ले उड़े। मकान मालिक अपने परिवार के साथ बाहर रहते हैं। देखभाल और साफ-सफाई के लिए एक महिला को चाबी दे रखा है। केयर टेकर ने बताया कि मेरी तबीयत कुछ दिनों से ठीक नहीं है। साफ-सफाई के बाद ताला लगाकर घर चली जाती हूं। आज सुबह जब पहुंची तो मेन डोर का लॉक टूटा हुआ था। अंदर कमरे में पूरा सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद इसकी जानकारी मकान मालिक मुन्ना सिंह को दिया। वो फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। जल्द ही यहां आएंगे। वहीं, मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दरोगा हनुमान सिंह ने बताया कि रात के समय ताला तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। कितने की चोरी हुई है, ये अभी स्पष्ट नहीं है। लैंड लॉर्ड के आने के बाद ही कुछ क्लियर हो पाएगा। छानबीन की जा रही है।

# बाढ़ में देसी शराब के 12 ठिकानों पर रेड:मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई, 10600 किलो जावा महुआ और 185 लीटर शराब बरामद



पटना. बाढ़ में मद्य निषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग इलाकों में देसी शराब के 12 ठिकानों पर टीम ने छापा मारा। इस दौरान कुल 10,600 किलो जावा महुआ और 125 लीटर चुलाई शराब को नष्ट किया। उत्पाद अधीक्षक स्मिता प्रीतम के नेतृत्व में ये कार्रवाई की गई है।

### ड्रोन और डॉग स्क्वॉयड की मदद से रेड

उत्पाद थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि बिहार में जहरीली शराब से मौत के बाद टीम अलर्ट मोड में है। जिले में लगातार टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। अनुमंडल क्षेत्र के बिंद टोला और फतेहचंद में देसी शराब चुलाई अड्डे को नष्ट किया गया है। इस दौरान ड्रोन और डॉग स्क्वॉयड की भी मदद ली गई। दोनों जगहों पर लोहे के ड्रम में 8100 किलो, प्लास्टिक ड्रम में 1500 किलो और प्लास्टिक गैलन में 1000 किलो जावा महुआ जब्त हुआ। साथ ही चुलाई शराब भी बरामद हुआ है। सभी को नष्ट कर दिया गया है। शराब माफियाओं के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### मुजफ्फरपुर में शराब माफिया का पैंतरा, ईंट के नीचे स्प्रिट

बिहार में ट्रेक्टर ट्रेलर पर ईंट के नीचे गैलन में स्प्रिट की खेप आसानी से एक से दूसरे जिले पंहुचाई जा रही है। इस तरह जहरीली शराब बनाने वाले माफिया स्प्रिट ढोने के लिए नए तरीके निकाल रहे हैं। इसका खुलासा शनिवार की सुबह मुजफ्फरपुर में उत्पाद पुलिस टीम की छापेमारी में हुई है। उत्पाद पुलिस ने मानियारी टोल प्लाजा पर 34 गैलेन में करीब 1300 लीटर स्प्रिट के साथ ट्रेक्टर ट्रेलर जब्त किया है। ट्रेक्टर पर नीचे में स्प्रिट के गैलेन और ऊपर में ईंट रखा था। समस्तीपुर होकर मुजफ्फरपुर तक दो जिले का बॉर्डर चेक पोस्ट क्रॉस कर इतनी मात्र में स्प्रिट लाई जा रही थी। नकली शराब बनाने के लिए ले जाई जा रही स्प्रिट के साथ ट्रैक्टर चालक मीनापुर थाना के राघोपुर निवासी मो. शमशाद और हथोड़ी इलाका निवासी मानिशंकर कुमार कुमार को गिरफ्तार किया है। स्प्रिट की खेप को बोलेरो गाड़ी से माफिया स्कॉर्ट कर रहे थे। नाटकीय ढंग से मणिशंकर कुमार को उत्पाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक से कॉल करवाकर बुलवाया। इसतरह टायर पंगचर होने का बहाना बनवाकर बुलवाया और दबोच लिया। उत्पाद सहायक आयुक्त विजय शंकर डूबे ने बताया कि स्प्रिट में यदि इथाइल अल्कोहल है तो इसे शराब की रूप में इस्तेमाल हो सकता है और अगर स्प्रिट मिथाइल अल्कोहल है तो वह जहरीली है। इसे पीने वाले की मौत हो जाएगी। ट्रैक्टर पर जब्त 34 गैलेन में 1300 लीटर स्प्रिट की यह खेप बेगूसराय से मुजफ्फरपुर लाई जा रही थी। जब्त स्प्रिट की जांच लैब में कराई जाएगी। यदि स्प्रिट मिथाइल अल्कोहल निकलता है तो यह माना जायेगा कि सिवान और छपरा की बाद मुजफ्फरपुर को भी दहलाने की बड़ी साजिश रची गई थी। स्प्रिट की साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी की लिए बेगूसराय से लेकर मीनापुर, मानियारी और कांटी इलाके में छापेमारी चल रही है।

### कांटी और मीनापुर में पहुंचाई जाती स्प्रिट

पूछताछ में गिरफ्तार मणिशंकर कुमार और शमशाद ने उत्पाद पुलिस को बताया है कि स्प्रिट की इस खेप को मीनापुर और कांटी इलाके में उतारा जाना था। दोनों इलाके के धंधेबाजो ने इसे मंगवाया था इन इलाकों में भारी मात्रा में स्प्रिट से बनी नकली शराब बिकती है। स्प्रिट से बनी एक ग्लास शराब 50 रुपये में बेचीं जाती है। जब्त खेप से करीब 8 हजार लीटर शराब बनाई जाती।

### पंक्चर का पैसा देने आया तो धाराया

ट्रैक्टर चालक ने पकड़ाने के बाद उत्पाद पुलिस को बताया कि धंधेबाज बोलेरो से आगे आगे चल रहा है। उसे टायर पंगचर के बहाने बुलाना होगा। अन्यथा और किसी बात के लिए कॉल किया तो वह जान जायेंगे कि माल पकड़ा गया। इस तरह वे लोग भाग जायेंगे। इस तरह टायर पंगचर की झूटी कहानी बनाकर मानिशंकर को बुलाया गया।

# नीतीश बोले- 2 बार हम इधर-उधर चले गए थेः अब कहीं नहीं जाएंगे, वो लोग अनाप-शनाप गड़बड़ करते हैं, इसी में सब खराब हो गया



पटना. सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा है कि 'दो बार गलती हो गई है। अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। शुरू से हम लोग साथ थे। जब पार्टी बनाए थे तो साथ थे। हम लोग गड़बड़ कर दिए। इधर-उधर चले गए। बीजेपी से दो बार अलग हो गए, लेकिन अब हम कहीं नहीं जाएंगे।' आरजेडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'वो लोग जरा सा गड़बड़ नहीं करता है। बहुत गड़बड़ करता है। अब आ गए हैं, तो कहीं नहीं जाएंगे।' सीएम अब हमेशा NDA के साथ रहने की बात कही। मुख्यमंत्री शनिवार को पटना में पशुपालन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने ये बयान दिया।

### ललन सिंह और विजय सिन्हा के कंधे पर हाथ रखा

शनिवार को ज्ञान भवन में पशुपालन विभाग की ओर से मत्स्य पालन में ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी शामिल हुए। सीएम ने इस दौरान ललन सिंह और विजय सिन्हा के कंधे पर हाथ भी रखा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया।

### मछली पालन में बिहार आत्मनिर्भर- सीएम

सीएम ने आगे कहा कि '2005 के पहले मछली पालन का धंधा खराब था। यहां कुछ नहीं था। बिहार में दूसरे राज्यों से मछली आती थी। जब मौका मिला तो काम किया। सरकार में आने के बाद काम शुरू हुआ। बिहार में कृषि रोड मैप पर काम हो रहा है। पहले से चौथी कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में राष्ट्रपति को बुलाया। 2005 में बिहार में मछली का उत्पादन 2 लाख 88 मैट्रिक टन था। आज 8 लाख मैट्रिक टन से अधिक है। बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। मछली दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार ने 2022 से आज तक 80 हजार करोड़ रुपए बिहार को दिए हैं।

## कारोबारी के घर से 6 लाख की चोरी:पटना सिटी में सोने-चांदी के जेवरात समेत कीमती सामान ले उड़े चोर, पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद




पटना. पटना सिटी के बाइपास थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक घर से 6 लाख की चोरी हुई है। सोने-चांदी के जेवरात समेत कीमती सामान चोर ले उड़े। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर के समय बाहरी धवलपुरा में कारोबारी महाराणा प्रताप के घर में एक चोर घुस गया। घटना के वक्त परिवार के सदस्य छत पर बने कमरे में आराम कर रहे थे। इस दौरान आराम से अलमारी का लॉक तोड़कर जेवरात और कीमती सामान लेकर फरार हो गया। घर के लोग जब नीचे आए, तब घटना की जानकारी मिली। पीड़ित महाराणा प्रताप सिंह ने बताया कि करीब 6 लाख की चोरी हुई है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने चोर की तस्वीर जारी कर आम जनता से पहचान में मदद कि अपील की है। नाम गुप्त रखा जाएगा।

## 10% ब्याज न देने पर कर्जदाता ने किया हमलाः बगहा में धारदार हथियार से अटैक, पड़ोसी से लिए थे पैसे

बगहा (वाल्मिकीनगर). बगहा नगर थाना क्षेत्र में कर्ज विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब कर्जदार को 10% ब्याज नहीं देने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना नगर के वार्ड नंबर 26, रामधाम मंदिर मोहल्ला की है। हमले में रोहित कुमार (25) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय निवासियों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया।

रोहित कुमार ने पिछले साल अपने पड़ोसी मनीष कुमार गुप्ता से 25 हजार रुपए उधार लिए थे, जिसे धीरे-धीरे वह चुका चुका था। हालांकि लेन-देन के समय ब्याज की कोई शर्त नहीं रखी गई थी, लेकिन मनीष गुप्ता ने अब 10% ब्याज की मांग की समझौता करने की बात कही, तो मनीष गुप्ता नाराज हो गए और 10% से एक रुपए भी कम स्वीकार न करने की धमकी दी। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई, जिसके बाद मनीष गुप्ता अपने दो साथियों के साथ रोहित के घर पहुंचा और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रोहित को स्थानीय लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर घनश्याम कुमार ने उसका इलाज किया। डॉक्टर ने बताया कि इलाज के बाद रोहित की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। घायल रोहित कुमार ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मनीष गुप्ता और उसके दो साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है ताकि दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# आरसीपी सिंह का बीजेपी से मोहभंग, नई पार्टी बनाएंगे? पटना में लगे टाइगर जिंदा है के पोस्टर

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रताप सिंह उर्फ आरसीपी सिंह का भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से मोहभंग हो गया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले वे नई पार्टी बनाने जा रहे हैं। पटना में आरसीपी सिंह के समर्थकों ने पोस्टर भी लगाए हैं, जिसमें टाइगर अभी जिंदा है और टाइगर रिटर्न लिखा गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के एनडीए में रहने से वे बीजेपी में साइडलाइन हो गए थे। बीजेपी में आने से पहले आरसीपी लंबे समय तक जेडीयू में रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरसीपी सिंह ने हाल ही में एक चैनल से बातचीत में नई पार्टी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह बिहार के




विकास के लिए काम करना चाहते हैं। बीजेपी तो क्या अभी किसी भी पार्टी में कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में अभी सदस्यता अभियान चल रहा है। मगर उन्होंने अपनी मेंबरशिप रिन्यू नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि समर्थकों की राय है कि उन्हें नई पार्टी बनानी चाहिए। हालांकि, नई पार्टी बनाकर वे अकेले चुनाव लड़ेंगे या फिर गठबंधन से जुड़ेंगे, यह फिलहाल उन्होंने साफ नहीं किया है। ब्यूरोक्रेट से नेता बने आरसीपी सिंह जेडीयू के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी गिनती पहले नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में होती थी। हालांकि, 2020 के बाद से उनके जेडीयू के शीर्ष नेतृत्व एवं बीजेपी से संबंध खराब होने लगे। इस दौरान वे जेडीयू कोटे से केंद्र में मंत्री भी बने। बाद में बीजेपी नेताओं से नजदीकी बढ़ने के चलते सीएम नीतीश से उनकी अनबन होने लगी। अगस्त 2022 में लंबे गतिरोध के बाद आरसीपी सिंह ने जेडीयू छोड़ दी थी। इसके कुछ महीनों बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से नाता जोड़ा था। हालांकि, बीजेपी में उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली।

## बिहार में मनचलों नें दो नाबालिग लड़कियो को उठाया,गन्ने के खेत में एक से रेप

बगहा. पश्चिमी चंपारण के बगहा पुलिस जिले के नौरंगिया थाने के एक गांव में घर के बाहर बैठी दो नाबालिग बच्चियों को दो मनचले जबरन उठाकर गन्ने के खेत में ले गये। यहां एक नाबालिग से दुष्कर्म किया और दूसरे से दुष्कर्म का प्रयास किया। रातभर दोनों नाबालिग गायब रही। सुबह में घर पहुंची तो परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिफ्तार कर लिया है। आगे की छानबीन जारी है। इस वारदात से दोनों लड़कियां काफी डरी हुई हैं। दुष्कर्म पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गांव के रहने वाले मनोज मुशहर और दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस को दिये आवेदन में मां ने कहा है कि मैं अपने पति के साथ पास के जंगल से लकड़ी लाने बीते 15 अक्तूबर को गयी थी। पति-पत्नी दोपहर तीन बजे लकड़ी लेकर जंगल से घर लौटे तो मेरी 12 साल की बेटी दरवाजे पर नहीं थी। खोजबीन में मालूम चला कि पास की रहने वाली एक 13 साल की बच्ची भी घर से गायब है। पड़ोसी होने के नाते दोनों लड़कियां दोस्त भी हैं। दोनों गांव में साथ में ही खेलती थीं। हमलोगों ने अपने स्तर से रात में दोनों की खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सुबह सात बजे दोनों बच्चियां घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकादी दी। दोनों बच्चियों ने बताया कि दोपहर एक बजे हमदोनों घर के बाहर दरवाजे पर बैठे थे। उसी दौरान घर के समीप लगे गन्ने के खेत से मनोज मुशहर और दिनेश कुमार निकल कर आए। दोनों ने पास आते ही हमलोगों का मुंह दबा दिया और उठाकर गन्ने के खेत में ले गये। मनोज मुशहर ने 12 साल की नाबालिग से दुष्कर्म किया। दिनेश भी 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया।

## सेना के जवान ने कार से मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को कुचला, मौत

सुपौल. बिहार के सुपौल जिले के पिपरा में शनिवार को सेना के जवान ने कार से महिला को कुचल दिया। सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। हादसा पिपरा थाना इलाके के श्यामनगर में नेशनल हाइवे 106 पर सुबह के समय हुआ, जब महिला मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। वहीं, उसे टक्कर मारने वाला जवान ड्यूटी जॉइन करने परिवार के साथ कोलकाता जा रहा था। महिला की मौत के बाद परिजन में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान रामपुर पंचायत के पकड़ी वार्ड 18 निवासी जनार्दन मंडल की पत्नी सीता देवी (50) के रूप में हुई है। वह सुबह के समय सड़क किनारे वॉक पर निकली थीं। तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए पिपरा सीएचसी ले गए। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सुपौल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुपौल पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पिपरा थाना पुलिस ने परिजन को आश्वासन देकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की आगे की कार्यवाही में जुटी है। दूसरी ओर, हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आक्रोषित ग्रामीणों ने कार और उसमें सवार सभी लोगों को अपने कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष अमित ककुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि घोंघडिया निवासी एक शख्स कार चला रहे थे। वह सेना में हवलदार के पद पर तैनात हैं। ड्यूटी जॉइन करने के लिए वे अपने घर से कार में सवार होकर परिवार के साथ कोलकाता के लिए निकले थे। तभी श्यामनगर में उनकी कार से महिला को टक्कर लग गई।

# संजीव हंस पर ललन सिंह बोले- जैसी करनी, वैसी भरनी:केंद्रीय मंत्री ने कहा- जो जैसा करता है, वैसा ही पाता है; कानून अपना काम करती है



पटना. बिहार कैडर के आईएएस संजीव हंस की गिरफ्तारी पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बयानबाजी की है। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा है कि 'जैसी करनी, वैसी भरनी'। उन्होंने यह भी कहा है कि जो जैसा करता है, वैसा भरता है। कानून अपना काम करती है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि एक मिनट में शराबबंदी अच्छी और बुरी हो जाती है। वह हमारे साथ थे तो शराबबंदी अच्छी थी। अब विपक्ष में हैं तो खामियां हैं। राजनीति करनी है तो बोल रहें हैं। हम लोग अपना काम कर रहे हैं। कानून अपना काम कर रही है।

### तेजस्वी ने बिहार सरकार पर आरोप लगाया था

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 2004-05 में बिहार के ग्रामीण इलाकों में 500 से भी कम शराब की दुकानें थीं। लेकिन, 2014-15 में यह बढ़कर 2,360 हो गई। 2004-05 में पूरे बिहार में लगभग 3000 शराब की दुकानें थीं। यह 2014-15 में बढ़कर 6000 से अधिक हो गई थी। 1947 से 2005 तक 58 साल में बिहार में सिर्फ 3000 दुकानें ही खुली थी। लेकिन, 2005 से लेकर 2015 तक नीतीश कुमार ने 10 साल में इसे डबल कर दिया था। 58 साल में बिहार में हर साल औसतन 51 दुकानें खोली गईं। लेकिन, 2005-15 के 10 साल के नीतीश राज में हर साल औसतन 300 दुकानें खुलीं।

## सलमान के घर की बढ़ाई गई सुरक्षा, एके-47 के साथ सुरक्षाकर्मी हुए तैनात

मुंबई(ईएमएस)। फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर लगभग 30 पुलिसकर्मी हाई टेक हथियारों के साथ तैनात किए गए हैं। गैलेक्सी अपार्टमेंट के आसपास पुलिस के जवान एके-47 जैसे घातक हथियारों के साथ मौजूद हैं। पुलिस उस शख्स की तलाश कर रही है, जिसने मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के नाम धमकी भरा मैसेज भेजा था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या यह धमकी वाकई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी हुई है या कोई और गैंग स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नाम मुंबई ट्रैफिक पुलिस को धमकी भरे संदेश मिलने के बाद उनके घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है।बता दें कि शुक्रवार को मुंबई ट्रैफिक पुलिस को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नाम पर एक धमकी भरा संदेश मिला है। धमकी भरे संदेश में अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वाट्सएप नंबर पर भेजे गए संदेश में कहा गया है कि इसे हल्के में न लें। अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे। मैसेज में आगे चेतावनी दी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो सलमान खान की स्थिति बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी।

## भारत के भगोड़े आतंकवादियों की सूची में कनाडाई अधिकारी का नाम भी शामिल!

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत-कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। बिगड़ते संबंधों के बीच दिल्ली ने भगोड़े आतंकवादियों की सूची में कनाडाई सीमा सेवा एजेंसी के एक अधिकारी का नाम शामिल किया है। इस सूची में शामिल आतंकियों को भारत कनाडा से निर्वासित करना चाहता है। भारत ने यह सूची ट्रूडो सरकार को सौंप दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रतिबंधित इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवॉयएफ) के सदस्य और सीबीएसए में कार्यरत संदीप सिंह सिद्धू को पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में उसकी संलिप्तता के लिए सूची में शामिल किया गया है। सिद्धू कथित तौर पर 2020 में बलविंदर सिंह संधू की हत्या को अंजाम देने खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे और आईएसआई के अन्य गुर्गों के साथ संपर्क में था। संधू को खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ अपनी लड़ाई के लिए जाना जाता था। वह अलगाववादी आंदोलन में प्रतिरोध का प्रतीक बन गए थे। संधू को उनकी बहादुरी के लिए शौर्य चक्र से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह का विरोध करने के लिए भी जाना जाता था। एक रिपोर्ट के मुताबिक संदीप सिंह सिद्धू को कथित तौर पर सीबीएसए में सुपरिटेंडेंट के पद पर प्रमोट किया गया था। एनआईए ने कहा कि कनाडा का खालिस्तानी गुर्गा सनी टोरंटो और पाकिस्तान का आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ रोडे संधू की हत्या करने के मास्टरमाइंड हैं। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चला है कि क्या सनी टोरंटो, संदीप सिंह सिद्धू का ही दूसरा नाम है। भारत और कनाडा के संबंध इस समय सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। हाल ही में कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को संदिग्ध इंसान बताया था। भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अपने छह डिप्लोमेट्स को वापस बुला लिया था। कनाडा की विदेश मंत्री का कहना है कि देश में शेष बचे भारतीय राजनयिक भी नोटिस पर हैं। कनाडा की विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार वियना संधि का उल्लंघन करने वाले या कनाडाई लोगों के जीवन को खतरे में डालने वाले किसी भी राजनयिक को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अशनीर ग्रोवर का भारत-पे से अब कोई संबंध नहीं रहेगा, समझौता पत्र पेश किए जाने के बाद याचिका वापस लेने की अनुमति मिली

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतपे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दायर अपनी याचिका को फिनटेक कंपनी के साथ समझौते के बाद वापस ले लिया है। ग्रोवर ने पहले बोर्ड पर दबाव डालने और गलत प्रबंधन (मिसमैनेजमेंट) का आरोप लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। एनसीएलटी ने 14 अक्टूबर 2024 को 30 सितंबर 2024 का समझौता पत्र पेश किए जाने के बाद ग्रोवर को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। गौरतलब है कि ग्रोवर के वकील ने ट्रिब्यूनल के सामने समझौता पेश कर याचिका वापस लेने की अपील की थी। एनसीएलटी के आदेश में कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है, इसलिए अशनीर को याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है और मामला समाप्त कर दिया गया है। इसके बाद, 17 अक्टूबर को अशनीर ग्रोवर ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल से भी अपनी याचिका वापस ले ली, जिसमें उन्होंने एनसीएलटी मामले की जल्दी सुनवाई की मांग की थी। पहले दायर याचिका में ग्रोवर ने खुद को फिर से भारत पे का एमडी बहाल करने और रेसिलिएंट इनोवेशन के बोर्ड द्वारा किए गए बदलावों को अवैध घोषित करने की मांग की थी। उन्होंने कंपनी का ऑडिट कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा कराने और अपनी पत्नी माधुरी जैन को फिर से नौकरी पर बहाल करने की भी अपील की थी, जिन्हें कंपनी के बोर्ड ने हटाया था। समझौते के तहत अब अशनीर ग्रोवर का भारत से कोई संबंध नहीं रहेगा। उनके शेयर एक पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा संभाले जाएंगे, जबकि कुछ शेयर कंपनी के फायदे के लिए रेसिलिएंट ग्रोथ ट्रस्ट को ट्रांसफर किए जाएंगे।

## महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग पर अखिलेश यादव बोले- 12 सीटों की मांग उचित

लखनऊ (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर कहा कि हमारी कोशिश होगी कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा के चुनाव के बाद महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव होने जा रहा है। हालांकि उपचुनाव भी हो रहे हैं। लेकिन, झारखंड और महाराष्ट्र में देश की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण चुनाव होने जा रहे हैं और हाल में ही हम लोगों ने यह देखा है कि हरियाणा का हारा हुआ चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने जीत लिया, इसलिए महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल मिलकर भारतीय जनता पार्टी को हराएंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साध। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार छीनी और हथियाई हुई सरकार है। यह खोके से डराकर बनाई हुई सरकार है। महाराष्ट्र में महा भ्रष्टाचार चल रहा है। जनता अब इस सरकार को बदलने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुकी है। इंडिया गठबंधन के और जितने भी सहयोगी दल हैं, हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे और जीत का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि सपा महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी से 12 सीटों की मांग कर रही है, जो सही है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी ज़्यादा से ज़्यादा सीटों पर जीतकर आएगी। हमने जनता का विश्वास जीता है। हम निसंदेह महाराष्ट्र चुनाव में बेहतर करेंगे।

# महाराष्ट्र में एनडीए के बीच सीट शेयरिंग फाइनलःशाह के घर बैठक चली; भाजपा 155, शिवसेना शिंदे 78, एनसीपी अजित गुट 55 सीटों पर लड़ेंगे

**नई दिल्ली/मुंबईः** महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर शुक्रवार देर रात अमित शाह के घर एनडीए के घटक दलों की ढाई घंटे बैठक चली। इसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार शामिल हुए। बैठक में राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित गुट में सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 155, शिवसेना शिंदे गुट 78 और एनसीपी अजित पवार गुट 55 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में छोटी पार्टियों को भी कुछ सीटें दिए जाने पर सहमति बनी। कुछ सीटों को लेकर पेंच अमित शाह के निर्देश के बाद राज्य स्तर पर सुलझाया जाएगा। दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद दोनों उप मुख्यमंत्री, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार महाराष्ट्र लौट आए हैं, जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अभी भी दिल्ली में होने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा को अपने कोटे से छोटी पार्टियों को सीट देनी है। किसी पार्टी के पास जिताऊ उम्मीदवार नहीं होने की स्थिति में 5 जगह प्लस-माइनस किया जा सकता है।



### राज ठाकरे के बेटे भी चुनाव लड़ सकते हैं

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को चुनावी मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। अमित ठाकरे के लिए मुंबई के माहिम और भांडुप पश्चिम विधानसभा सीट का जायजा लिया जा रहा है। माहिम सीट से शिंदे सेना के सदा सरवणकर मौजूदा विधायक हैं। भांडुप पश्चिम विधानसभा सीट पर ठाकरे सेना के रमेश कोरगांवकर मौजूदा विधायक हैं। अगर एमएनएस माहिम विधानसभा सीट से अमित ठाकरे को उतारती है तो शिवसेना(यूबीटी) इस सीट से अपना उम्मीदवार नहीं उतारने पर विचार कर सकती है। 2019 विधानसभा चुनाव में जब आदित्य ठाकरे पहली बार चुनाव लड़ रहे थे, तब एमएनएस ने वर्ली सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। 2024 लोकसभा चुनाव में एमएनएस के समर्थन की वजह से महायुति के उम्मीदवार राहुल शेवाले को माहिम विधानसभा सीट पर करीब 14 हजार की लीड मिली थी। इसलिए भी एमएनएस को लग रहा है कि अमित ठाकरे के लिए माहिम विधानसभा सीट सुरक्षित हो सकती है।

### शरद पवार बोले- एमवीए में सीटों के बंटवारे के बारे में फैसला पाटिल लेंगे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा है कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है। एमवीए में राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र के चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं सीधे तौर पर शामिल नहीं हूं।'

जयंत पाटिल (राकांपा-एसपी की प्रदेश इकाई के प्रमुख) पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनसे मिली जानकारी के अनुसार, कुल 288 सीट में से 200 पर सहमति बन गई है। यह पूछे जाने पर कि सतारा जिले में राकांपा किन सीटों की मांग करेगी, उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे के बारे में फैसला पाटिल लेंगे।

### 20 अक्टूबर को कांग्रेस सीईसी करेगी मीटिंग

महाराष्ट्र कांग्रेस 20 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक करेगी, जिसमें राज्य के उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। महाराष्ट्र चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी की बुधवार को दिल्ली के हिमाचल भवन में बैठक के बाद, विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि हम 20 अक्टूबर को एक और बैठक करेंगे और सब कुछ अंतिम रूप दिया जाएगा। झारखंड और महाराष्ट्र में देश की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण चुनाव होने जा रहे हैं और हाल में ही हम लोगों ने यह देखा है कि हरियाणा का हारा हुआ चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने जीत लिया, इसलिए महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल मिलकर भारतीय जनता पार्टी को हराएंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साध। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार छीनी और हथियाई हुई सरकार है। यह खोके से डराकर बनाई हुई सरकार है। महाराष्ट्र में महा भ्रष्टाचार चल रहा है। जनता अब इस सरकार को बदलने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुकी है। इंडिया गठबंधन के और जितने भी सहयोगी दल हैं, हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे और जीत का परचम लहराएंगे।

# सुप्रीम कोर्ट की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिएः सीजेआई

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करना उचित है, लेकिन परिणामों के परिप्रेक्ष्य से उसकी भूमिका या कार्य को नहीं देखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के आयोजित पहले सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, उच्चत न्यायालय की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान पिछले 75 वर्षों में विकसित हुआ है और कुछ ऐसा है जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि



आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।

उन्होंने कहा, "एक कानूनी पेशेवर के रूप में हमारे पास यह समझने के लिए मजबूत सामान्य ज्ञान होना चाहिए कि न्यायाधीशों को अधिकार है और उन्हें मामले दर मामले के आधार पर निर्णय लेना चाहिए, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उस विशेष स्थिति में तथ्यों पर कानूनी सिद्धांत को कैसे लागू किया जाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई पहलों के बारे में कहा कि शीर्ष अदालत ने प्रौद्योगिकी के मामले में बहुत कुछ किया है, जिसमें मामलों की ई-फाइलिंग, केस रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, संवैधानिक पीठ की दलीलों को लिपिबद्ध करना या अदालती कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारी अदालती कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग इसके विपरीत पहलुओं के बावजूद परिवर्तनकारी रही है।

## प्रशांत किशोर की सभा में बवालः उपचुनाव में प्रत्याशियों के चयन पर भिड़े कार्यकर्ता

गया (ईएमएस)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में गया जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक सभा हंगामे का शिकार हो गई। यह सभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुलाई गई थी, जहां कार्यकर्ताओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कुर्सियां फेंकी गईं। इस हंगामे के बीच प्रशांत किशोर मौके से निकल गए।

बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय से प्रत्याशी उतारने की योजना थी, जिसके तहत मोहम्मद अफजल हसन और खिलाफत हुसैन के नाम प्रमुखता से सामने आए थे। प्रशांत किशोर ने जैसे ही एक प्रत्याशी का नाम घोषित करना शुरू किया, वैसे ही दूसरे प्रत्याशी के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रशांत किशोर माइक से समझाने की कोशिश करते रहे कि वे दबाव में काम नहीं करेंगे, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। सभा के दौरान प्रशांत किशोर की अपील का कोई असर नहीं हुआ और उग्र समर्थकों ने कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। प्रशांत किशोर मंच छोड़कर वहां से चले गए, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ मचानी शुरू कर दी। हालांकि, प्रशांत किशोर ने इस सभा के दौरान कहा कि वह दबाव में राजनीति नहीं करेंगे और जल्द ही प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दोनों विधानसभा के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करेंगे। इस सभा में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्याशियों में से मो. अमजद हसन और खिलाफत हुसैन के नाम पर चर्चा हो रही थी। इसके अलावा मो. दानिश मुखिया और प्रो. सरफराज खान ने भी अपने नाम आगे रखे थे, लेकिन बाद में दानिश मुखिया और सरफराज खान ने अपने नाम वापस ले लिए। हंगामे के बावजूद, प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कर दिया कि वह पार्टी के उम्मीदवारों का चयन दबाव के तहत नहीं करेंगे। सभा के बाद भी पार्टी कार्यकर्ताओं में तनाव बना रहा और विवाद का समाधान नहीं हो सका।

## 370 पर सीएम उमर ने साधी चुप्पी, विरोधियों ने घेरा और कहा- ये तो भाजपा की गोद में बैठ गए

जम्मू(कश्मीर)। जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस की सरकार बन गई है। राज्य की कमान उमर अब्दुल्ला को मिली है। उनके मुख्यमंत्री बनते ही विरोधियों ने उन्हे निशाने पर लिया है। अनुच्छेद 370 के नाम पर सत्ता में आई नेकां को विरोधी घेर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी 370 भूल चुकी है और अब भाजपा की गोदी में बैठकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने अपनी पहली बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, लेकिन विशेष दर्जे की बहाली पर चुप्पी साध ली है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विरोधियों ने इसके लिए भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। एक सूत्र ने कहा, "मसौदा तैयार हो गया है और सीएम इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपने के लिए कुछ दिनों में नई दिल्ली जाएंगे और उनसे राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करेंगे।" बारामुल्ला के सांसद इंजीनियर राशिद ने उमर अब्दुल्ला पर भाजपा के हाथों में खेलने का आरोप लगाया। आपको बता दें कि इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने राशिद को भाजपा का मोहरा करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि वोटों को विभाजित करने के लिए अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। अब, राशिद ने आरोप लगाया कि एनसी ने अपनी 42 सीटें इसलिए जीतीं क्योंकि उसे भाजपा से रणनीतिक मदद मिली।रशीद ने कहा, एनसी ने अनुच्छेद 370 के खिलाफ लड़ाई का वादा किया है, लेकिन उमर केवल राज्य का दर्जा बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करके मुख्य मुद्दों से भटक रहे हैं। सांसद ने कहा कि चूंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही राज्य का दर्जा देने का वादा कर चुके हैं, इसलिए इस मुद्दे पर जोर देते हुए बाकी दूसरे मुद्दों को नजरअंदाज करना नए सीएम द्वारा विश्वासघात के समान है।रशीद ने दावा किया कि उमर ने हाल ही में विशेष दर्जा बहाल करने की बात कही थी। रशीद ने कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि अगर तब तक बीजेपी सत्ता में रहती है तो क्या कश्मीरियों को 100 साल तक इंतजार करना चाहिए। उमर के सहयोगी और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने पहले ही घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी तब तक कैबिनेट में शामिल नहीं होगी जब तक कि राज्य का दर्जा वापस नहीं आ जाता। वहीं, पीडीपी के युवा अध्यक्ष और पुलवामा के विधायक वहीद पारा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उमर अब्दुल्ला का राज्य के दर्जे पर पहला प्रस्ताव 5 अगस्त, 2019 के फैसले के समर्थन से कम नहीं है। अनुच्छेद 370 पर कोई प्रस्ताव नहीं है। मांगों को केवल राज्य के दर्जे तक सीमित करना एक बड़ा झटका है। इन्होंने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के वादे पर जनता से वोट मांगा था।पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने तर्क दिया कि प्रस्ताव कैबिनेट के बजाय विधानसभा में पारित किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, मेरी जानकारी के अनुसार राज्य का दर्जा या अनुच्छेद 370 जैसे प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए विधानसभा ही उचित संस्था है।

## हरियाणा में सुप्रीम कोर्ट आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागूःकोटे में कोटा मिलेगा

हरियाणा में नई सरकार के शपथग्रहण के बाद सीएम नायब सैनी ने चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में पदभार संभाला। पहले फैसले में सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में किडनी की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की फ्री डायलिसिस होगी। भविष्य में यह फ्री सुविधा मेडिकल कॉलेजों में भी उपलब्ध कराई जाएगी। फिर सीएम ने सभी मंत्रियों के साथ जाकर उन्हें जॉइनिंग कराई। इसके बाद सीएम ने कैबिनेट की पहली मीटिंग की। इसके बाद सीएम सैनी ने कहा कि ये हमारी पहली कैबिनेट की बैठक थी। इस बैठक में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का हमारी कैबिनेट ने सम्मान किया है, जो एससी में वर्गीकरण का मामला था, हमारी कैबिनेट ने उसे आज से ही लागू करने का फैसला लिया है। इसके बाद सीएम नायब सैनी दिल्ली रवाना हो गए हैं। जहां नए बनाए 13 मंत्रियों के पोर्टफोलियो को लेकर चर्चा होगी। मंत्रियों को कल विभाग मिल सकते हैं। एडवोकेट यशस्वी ने बताया कि अभी सुप्रीम कोर्ट के लिए 15 प्रतिशत और ST के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण है। इस 22.5% के आरक्षण में ही राज्य एससी व एसटी के उन कमजोर वर्गों का कोटा तय कर सकेंगे, जिनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है।

## अगर मैं सत्ता में आ गया तो जाति को गाली देने वालों को राजनीति नहीं करने दूंगाः पप्पू यादव

छपरा,(ईएमएस)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सारण और सिवान में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। पप्पू यादव ने पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात कर दस-दस हजार की आर्थिक मदद दी है।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि जो लोग नफरत पैदा कर रहे हैं और जाति को गाली दे रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि त्रिशूल और जाति को गाली देना बंद कीजिए। ये बिहार है। सबको सिखा देता है। मैं जिस दिन सत्ता में आ गया तो जाति को गाली देने वालों को राजनीति नहीं करने दूंगा। न उनको कभी टिकट देंगे। कानून लाएंगे कि कोई भी दल ऐसे लोगों को टिकट नहीं दे सकेगा।

पप्पू यादव ने जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना पर कहा कि इससे बड़ी दुखद घटना नहीं हो सकती है। यह मौत नहीं है, बल्कि हत्या है। इस हत्या में जो भी शामिल हैं, उनके खिलाफ केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना की तर्ज पर कानूनी कार्रवाई कर आजीवन कारावास की सजा दी जाए। इसके पहले भी इस तरह की घटनाओं में केस कमजोर किया गया है। इसके पहले भी ऐसी घटना में मैं आया था, उसमें न थाने पर कार्रवाई, न किसी पदाधिकारी पर कार्रवाई और न बेचने और बनाने वालों पर कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से मांग करता हूं कि बेचने और बनाने वालों को आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान हो। उनको कभी भी जमानत नहीं मिले. ऐसी घटना से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारी को नौकरी से बर्खास्त कर देना चाहिए और उसके ऊपर हत्या का केस दर्ज होना चाहिए।

पप्पू यादव ने कहा एक नेता ने कहा कि लोग तो मरते रहते हैं। मैं उस नेता से पूछना चाहता हूं कि जब बिहार में शराब चालू थी, तब ऐसा नहीं हो रहा था क्या।

# दिल्ली में फिर बढ़ा एयर पॉल्यूशन, यमुना में जहरीला झागः आसमान में धुंध, लोगों को सांस लेने में परेशानी; मंत्री बोले- सर्दी की वजह से समस्या

**नई दिल्लीः** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह एयर क्वालिटी में काफी गिरावट देखी गई। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 पॉइंट को पार कर गया। सुबह आसमान में धुंध छाई रही और लोगों को सांस लेने में भी परेशानी महसूस हुई। उधर, यमुना नदी में जहरीला झाग लगातार दूसरे दिन भी नजर आ रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी बढ़ने की वजह से दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी खराब हो रही है। दो दिन से पॉल्यूशन का स्तर बढ़ रहा है। इससे लोगों को गले में दर्द, सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन हो रही है। इसी के साथ त्वचा से जुड़ी बीमारियां होने का भी खतरा बढ़ जाता है।

### दिल्ली में पॉल्यूशन पर इमरजेंसी मीटिंग हुई



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पॉल्यूशन को लेकर 18 अक्टूबर को इमरजेंसी मीटिंग की थी। उन्होंने कहा कि कुल 13 हॉटस्पॉट हैं, जहां एक्यूआई 300 को पार कर गया है। मंत्री ने अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा- पॉल्यूशन इतना ज्यादा क्यों हो रहा है, इसकी वजह पता करें।

### यमुना में झाग को लेकर जल बोर्ड की बैठक

यमुना नदी के जहरीले झाग दिखाई दे रहा है। एक्सपर्ट का कहना है कि इसमें अमोनिया और फॉस्फेट की मात्रा बहुत ज्यादा है। इससे स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। छठ पूजा जैसे प्रमुख त्योहार नजदीक आ रहे हैं। इस दौरान जहरीले झाग की वजह से दिक्कत हो सकती है। इसे लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने मीटिंग की है। जल बोर्ड छठ पूजा के पहले झाग को हटाना चाहता है। दरअसल, हर साल ओखला के कालिंदी कुंज में बैराज पर छठ पूजा के दौरान नदी में डुबकी लगाने के लिए सैकड़ों भक्त आते हैं। बैठक में भाग लेने वाले एक अधिकारी ने दावा किया कि महीने के बीच से, पैनल छठ पूजा से पहले और उसके दौरान ओखला बैराज के डाउनस्ट्रीम में पोर्टेबल एंटी-सर्फेक्टेंट स्प्रिंकलर तैनात करेगी। वहीं कालिंदी कुंज में नदी और नालों के तल को साफ करने का काम किया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा- यमुना नदी का पानी जहरीला हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे 2025 तक यमुना नदी को साफ कर देंगे। जब लोग यमुना नदी में छठ पूजा का त्योहार मनाएंगे, तो उन्हें किन बीमारियों का सामना करना पड़ेगा? यमुना नदी की सफाई के लिए आए सारे पैसे विज्ञापनों पर खर्च कर दिए। जहरीली राजनीति दिल्ली में जहरीली हवा और पानी का कारण है।

### पर्यावरण मंत्री बोले- बीजेपी को बोलने का हक नहीं

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा- दिल्ली के पर्यावरण पर भाजपा को कुछ भी बोलने का हक नहीं है। क्योंकि यूपी, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र में भाजपा सरकार सो रही है।

### जीआरएपी-1 के तहत ये पाबंदियां रहेंगीं

सभी प्रकार के कंस्ट्रक्शन मटेरियल को ढ़क कर रखना होगा। सड़को पर पानी का छिड़काव और मैकेनिकल स्वीपिंग की जाए।
- शहर के प्रमुख चौराहों पर एंटी स्मोग गन का प्रयोग किया जाए।
- ओपन एरिया में किसी प्रकार का कूड़ा वगैरह नहीं जलाया जाएगा।
- सड़कों पर लगने वाले जाम को नियंत्रित किया जाए। पलूशन फैलाने वाली गाड़ियों पर ज्यादा से ज्यादा जुर्माना लगाया जाए।
- शहर में अवैध रूप से स्टोन क्रशर और अन्य कंस्ट्रक्शन पर रोक लगाई जाए।
- हॉट मिक्स प्लांट को बंद कराया जाए।

# सम्पादकीय

कोयलांचल संवाद 6

रांची, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com

## शेर आया... जैसी बम की फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या

बचपन में एक झूठे गड़रिये की कहानी शेर आया शेर आया शीर्षक से स्कूल में सुनी और पढ़ी थी। इस कहानी के केंद्र में झूठा गड़रिया था जो गांव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शेर आने की झूठी अफवाहें फैलाता था, लेकिन जब वाकई शेर आ गया तो उसकी बात पर किसी को यकीन नहीं हुआ और इस तरह उस झूठे गड़रिये की कहानी का अंत हो गया। यह शिक्षाप्रद कहानी झूठ नहीं बोलने या अफवाह फैलाने से बचने के लिए सबक देती है। इस कहानी की याद इस वक्त इसलिए आ गई कि देश में बम की फर्जी धमकियों के मामलों ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, रेल और सरकारी दफ्तरों में बम होने की झूठी अफवाहें फैलाने वाले अब एयरलाइंस को अपने निशाने में ले रखे हैं। इस साल विभिन्न भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट्स को अभी तक करीब 400 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं कि इससे पहले तक तो इस तरह के धमकी भरे कॉल इतनी तादाद में कभी नहीं मिले। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड बनाने जैसा हो गया है। पर इससे क्या, क्योंकि एक बम की फर्जी धमकी भी बहुत ज्यादा नुकसान करने वाली साबित होती है। बम की एक फर्जी धमकी से जहां एयरलाइंस को करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं यात्रियों को होने वाली परेशानियों का तो आंकलन भी नहीं किया जा सकता है। इस लिहाज से बम की फर्जी कॉल्स एक बेहद गंभीर और खतरनाक समस्या बन गई है। यह न केवल सुरक्षा बलों और प्रशासन के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है, बल्कि व्यापारिक व सामाजिक सामान्य कामकाज को भी बाधित कर रही है। इस प्रकार के धमकीभरे कॉल व संदेश के कारण कई बार सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, ऑफिसों, और यहां तक कि ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों समेत हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसी स्थितियाँ ना केवल जान-माल के नुकसान की संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि अनावश्यक तनाव और भय का माहौल भी पैदा करती हैं।

सामान्य सी बात है कि जब कहीं बम होने की फर्जी सूचना होती है, तो पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आती हैं। बम स्क्वॉड और सुरक्षा दल उस स्थान को खाली करवाते हैं और गहन जांच शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया में समय, संसाधन और मानवशक्ति की भारी बर्बादी होती है। वास्तविक आपात स्थितियों के लिए तैनात किए जाने वाले बलों का भी एक तरह से दुरुपयोग होता है। ऐसे में अन्य महत्वपूर्ण स्थालों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि ऐसी घटनाओं से समाज में सुरक्षा को लेकर अविश्वास और अनिश्चितता की भावना को बढ़ावा मिलता हैं। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में तो इस तरह के फर्जी कॉल का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर देखने को मिलते हैं। पढ़ाई रोक कर बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाना, माता-पिता व अन्य परिजनों का तनावग्रस्त हो जाना। यह सब भी असुरक्षा की भावना भरने जैसी बात होती है। ऐसे हालात से गुजरने वाले मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिनकी मनःस्थिति भी विकट हो जाती है। इसलिए इस तरह की धमकियों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

विमान में बम की झूठी धमकी से जो परेशानियों होती हैं, उसमें करोड़ों का खर्च हो जाता है। धमकी झूठी होने के बावजूद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, फिर पूरे विमान और यात्रियों को जांच प्रक्रिया से गुजारना, इसके बाद विमान को सेवा में वापस लाने के लिएऑपरेटिंग क्रू की नई जोड़ी की व्यवस्था करना कम चिंता की बात नहीं है। एयरलाइंस अधिकारियों की मानें तो ऑपरेटिंग क्रू, फ्लाइट के जेएफके एयरपोर्ट तक नहीं पहुंचने से यात्रियों को परेशानी होती है। इसी दौरान कोई यदि बीमार है या बीमार हो जाए तो एक अलग तरह की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कहते हैं कि पिछले हफ्ते से तो मानों बम की फर्जी धमकियों की बाढ़ सी आ गई है। गुरुवार देर रात तक करीब 40 बम की झूठी धमकियां मिली हैं, जिससे एयरलाइंस को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा है। ऐसा नहीं है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियाँ इस दिशा में कुछ नहीं कर रही हैं, लेकिन जो हुआ है अब तो वो नाकाफी साबित हुआ है। यह सच है कि सरकार व सुरक्षा एजेंसियों ने बम की फर्जी कॉलों के प्रति कठोर कदम उठाए हैं। इस तरह के फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन मामले कम होने की बजाया और बढ़ते जा रहे हैं, जिससे यह संदेश जा रहा है कि फर्जी धमकी देने वालों का रोकने में कहीं न कहीं हम सभी से चूक हो रही है। कई दफा तो शरारती तत्व या असंतुष्ट व्यक्ति व नाबालिग भी सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसी कॉल कर देते हैं। इन्हें भी सबक देने और ऐसा नहीं करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए समाज को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। ऐसे में सभी को बताना होगा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल होना न केवल अपराध है, बल्कि यह समाज के लिए भी हानिकारक है। शेर आया शेर आया जैसी झूठी अफवाहों से बाहर निकलने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना भी एक सहयोगी कदम हो सकता है।

## गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा।

जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है।

अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

## समाज के लिए खतरा बनता अपराधियों का महिमामंडन

> सबसे अफसोसनाक है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर योगेश ने कहा कि मुझे बदायूं से अरेस्ट किया गया था। मेरे टांग में गोली लगी है। मैं आसिफ बाबा गैंग में हूं। उस गैंग को भी लॉरेंस बिश्नोई ही चलाते हैं। मैं गरीब हूं। मुझे सताया गया और मुझ पर मुकदमे लगाए गए हैं। सलमान केस में कुछ लोग बीच में आ गए तो कुछ न कुछ तो होगा ही। बाबा सिद्दीकी कोई सही आदमी थोड़ा था, उस पर मकोका के केस लगे थे। आम आदमी पर मकोका थोड़े ही लगता है? दाऊद इब्राहिम से भी उसके संबंध थे। एक शूटर इतने बड़े - बड़े खुलासे कर रहा है, जो खुद को बहुत गरीब भी बता रहा है इससे पता चलता है कि कैसे युवाओं को पथभ्रष्ट किया जा रहा है।

दिलीप कुमार पाठक

किसी हिन्दी फ़िल्म की तरह महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कई बार के विधायक अभिनेता सलमान खान के क़रीबी नेता बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या कर दी गई। किसी पूर्व मंत्री की हत्या हो जाना, कानून व्यवस्था की पोल तो खोल ही रहा है साथ ही तमाम तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। वहीँ सोशल मीडिया से लेकर मेन स्ट्रीम मीडिया में बाबा सिद्दीकी की हत्या करने की जिम्मेदारी लेने वाले वाले गैंग एवं लॉरेंस बिश्नोई का महिमामंडन भी चल रहा है, जो बेहद ख़तरनाक है। किसी भी समाज एवं समुदाय के लिए हिंसा खतरनाक है, वहीँ इस तरह से अपराधियों का महिमामंडन करना हमारे समाज के युवाओं को भ्रमित कर सकता है। युवावस्था यूँ भी बहुत पेचीदगियों से भरी होती है। इस उम्र में हिंसा युवाओं को आकर्षित करती है। अतः मीडिया एवं हमारे समाज का उत्तरदायित्व हो जाता है कि समाज को एक शांति की राह पर ले जाया जाए। मेनस्ट्रीम मीडिया को विश्नोई समाज से सीखना चाहिए, जब पूरी मीडिया लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने पर तुली हुई है, तब विश्नोई समाज़ के अध्यक्ष ने अपने समाज की तरफ़ से बात रखी साथ ही लॉरेंस बिश्नोई को हीरो बनाने वाली सोच की निंदा भी की।

**विश्नोई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बिश्नोई का कहना है**

- विश्नोई समाज किसी भी अपराध का समर्थन नहीं करता है। अगर लॉरेंस बिश्नोई ने बाबा सिद्दीकी की मौत की जिम्मेदारी ली है तो वो गलत है। हमारे समाज का इससे कोई लेना-देना नहीं है। हमारा समाज पेड़ों के लिए कुर्बानी दे सकता है, तो इंसान की हत्या का समर्थन कैसे करेगा ? हमारे समाज का इससे कोई ताल्लुक नहीं है। हर समाज में ऐसे अपराधी होते हैं और सलमान खान के साथ-साथ लॉरेंस बिश्नोई भी अपराधी है। काले हिरण शिकार मामले में सलमान खान का माफी मांगना और नहीं मांगना यह उनका विषय है और वो मामला कोर्ट में है अतः उसका फैसला कोर्ट करेगा लेकिन हत्या के समर्थन में हम नहीं है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के छह दिन बाद सलमान खान को पुनः जान से मारने की धमकी मिली है, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के नाम का धमकी भरा मैसेज मिला है। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताया है। मैसेज में ये भी लिखा है कि इसको हल्के में ना लें, वरना सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। देश की कानून व्यवस्था बहुत ही लाचार दिख रही है, यहां कोई भी किसी का मर्डर कर रहा है, कोई भी किसी को धमकी दे रहा है, ये आज के दौर में सबसे ख़राब बात है। रात - दिन मीडिया में ऐसी मानसिकता का महिमामंडन करना बेहद घिनौना है। हो सकता है इससे कुछ दिनों के लिए टीआरपी मिल जाएगी लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव बहुत बुरे होने वाले हैं। मुंबई पुलिस पर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं क्या कोई जेल में बैठकर मुंबई में किसी को भी मरवा सकता है? मुंबई पुलिस निगरानी के नाम पर क्या कर रही है? इस हत्याकांड को लेकर आरोपों के घेरे में जिस तरह के लोग आ रहे हैं, उससे यह भी जाहिर हुआ है कि जेल में बंद कोई अपराधी कैसे आपराधिक साजिशों को आसानी से अंजाम दे लेता है और पुलिस लाचार होकर देखती रहती है। बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ऐसे नेता थे, जिनकी राज्य की राजनीति और फिल्म उद्योग में खासी पकड़ और पैठ थी। जब इतने ऊंचे कद के नेता की सरेआम हत्या करने में अपराधियों को कोई खास बाधा पेश नहीं आई, तो आम लोग किस आधार पर खुद को सुरक्षित मानें। पकड़े गए आरोपियों के जरिए सामने आ सके ब्योरे यह बताने के लिए काफी हैं कि वारदात को अंजाम देते हुए उनके भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। इससे सबसे चौकस मानी जाने वाली मुंबई पुलिस की कुशलता पर भी सवाल उठे हैं। सलमान खान का परिवार काफ़ी चिंचित है, जो मजबूत होने की कोशिश कर रहा है लेकिन ऐसे वक़्त आसान नहीं होता। उनके परिवार ने बाबा सिद्दीकी पर हमले ने एक नया शक पैदा किया है, जिनका सलमान खान या उनके परिवार से कोई सीधा संबंध नहीं था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या का श्रेय लिया है। लेकिन उनका मानना है कि सलमान खान के खिलाफ ताजा धमकियां एक गहरी और अधिक बड़ी साजिश को छिपाने की एक चाल हो सकती हैं। 'क्या किसी के लिए जेल से काम करना वाकई इतना आसान है? और कोई सलमान को डराने के लिए बाबा सिद्दीकी पर हमला क्यों करेगा? यह सब बहुत ही संदिग्ध लगता है। ' मामला इतना आसान नहीं है जितना बनाया जा रहा है।

सबसे अफसोसनाक है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर योगेश ने कहा कि मुझे बदायूं से अरेस्ट किया गया था। मेरे टांग में गोली लगी है। मैं आसिफ बाबा गैंग में हूं। उस गैंग को भी लॉरेंस बिश्नोई ही चलाते हैं। मैं गरीब हूं। मुझे सताया गया और मुझ पर मुकदमे लगाए गए हैं। सलमान केस में कुछ लोग बीच में आ गए तो कुछ न कुछ तो होगा ही। बाबा सिद्दीकी कोई सही आदमी थोड़ा था, उस पर मकोका के केस लगे थे। आम आदमी पर मकोका थोड़े ही लगता है? दाऊद इब्राहिम से भी उसके संबंध थे। एक शूटर इतने बड़े - बड़े खुलासे कर रहा है, जो खुद को बहुत गरीब भी बता रहा है इससे पता चलता है कि कैसे युवाओं को पथभ्रष्ट किया जा रहा है। हमे अपने समाज़ को अपराधीकरण से बचाने के लिए हिंसा, अहिंसा का भेद करना होगा। वैसे भी बेरोजगार, असंतुष्ट युवाओं को अपनी सोच के साथ बहा ले जाना आपराधिक प्रवृत्ति के लिए आसान होता है। इससे पहले हमारे युवाओं की दिशा विपरीत हो जाए हमें आपराधिक मानसिकता का महिमामंडन करने से बाज आना होगा।

## विन्ध्य की उड़ान को लगे सुनहरे पंख!

> मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया। 1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशाप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं।

राजेन्द्र शुक्ल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है। 20 अक्टूबर 2024 की तारीख विन्ध्यक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी चिरप्रतीक्षित रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इस अवसर पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, रीवा के प्रभारी मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल साथ ही विन्ध्य के सांसद-विधायक गण, उद्यमी व नागरिक गण हवाई अड्डे पर आयोजित गौरवमयी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी रहेंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे को लोकार्पित करने ने जा रहे हैं जो भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा। औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का पथ प्रशस्त होगा। दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी(तत्कालीन नागरिक विमानन व उड्डयन मंत्री) ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है। यह सुयोग है कि 23 अक्टूबर को रीवा में विन्ध्य में इन्वेस्टर समिट और रीजनल इन्डस्ट्रियल कान्क्लेव का आयोजन है। यह हवाई अड्डा विन्ध्यक्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से एक्सीलेटर की भूमिका निभाएगा यह मेरा दृढ़ विश्वास है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा कई चरणों में विकसित हो रहा है। प्रथम चरण में 72 सीटर यात्री विमान के उड़ान की सुविधा प्रारंभ हो रही है। पाँच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। वह दिन दूर नहीं जब यहां से विदेशों के लिए भी हवाई जहाज उड़ने लगेंगे। रीवा एयरपोर्ट शिलान्यास के बाद रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है, इस उपलब्धि के लिए भारतीय विमान प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन अभिनंदन का पात्र है। हवाई यातायात की सुविधा की दृष्टि से रीवा अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। भविष्य में हम और भी आगे बढ़ेंगे। देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में डा. मोहन यादव के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर हम-सब का सपना पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। यह विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो हुआ है। मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया। 1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और अब डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा है। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है। जब मैं कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पाँच घंटे में बनारस पहुँचते थे वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्रायः सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। अपने रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है। इन औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों के लिए रीवा एयरपोर्ट कितनी बड़ी सहूलियत बनने जा रहा है यह अब उनसे ही पूछ सकते हैं। विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहाँ। का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। टीवी में दिखने वाला हर दूसरा बाघ या तो बांधवगढ़ का है या कि पन्ना का। पर्यटकों के लिए यह कितना आसान हो जाएगा। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और माँ शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा। बाणसागर का वृस्तित जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। प्रायः सभी बड़े औद्योगिक घरानों का निवेश यहां आया है। रीवा में नागपुर की तरह मेडिकल फैसिलटी और कोटा की तरह एकडमीज का विस्तार हो रहा है। हम यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश का हर दसवां घर विन्ध्य में उत्पादित बिजली से रोशन हैं।

## द्वापर युग के बाद पन्ना में होता है सबसे बड़ा रास!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

मध्यप्रदेश की हीरा नगरी पन्ना में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होता है। शरद पूर्णिमा की रात्रि में रात करीब एक बजे बंगलाजी से श्रीजी की सवारी ब्रह्म चबूतरे में लाई जाती है। रातभर महारास का उल्लास चलता है, ब्रह्म चबूतरे में पांच दिनों तक यह सवारी रुकती है। इस दौरान पांच दिन तक गरबा सहित विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है और शरद पूनम की चांदनी रात में प्राणनाथ का सौंदर्य देखते ही मनमोहक हो जाता है। जब चांद पूरा खिला हो,तभी ब्रह्म चबूतरे पर बने बंगलाजी मंदिर से श्रीजी की सवारी को हजारों सुन्दरसाथ नाचते-गाते, गरबा खेलते हुए रासमंडल में पधारते है। इस अवसर पर प्रणामी धर्मावलंबी रास उत्सव का आनंद लेते हुए भक्ति रस के अमृत का पान करते है। महोत्सव में देश-विदेश से हजारों सुंदरसाथ आते हैं। महामति प्राणनाथ ने संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को विजयादशमी के दिन वरदानी तलवार सौंपी थी और वीरा उठाकर संकल्प कराया था कि जब तक जीतकर नहीं आओगे तब तक मैं यहीं ठहरुंगा। परिणाम यह रहा कि महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुन्देलखंड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बनाया था।उन्होंने औरंगजेब के सरदारों को धूल चटा दी थी।इस संदर्भ में तेरस की सवारी का आयोजन पहली बार बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल ने किया था। सद्गुरु के सम्मान की प्रतीक इस सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुंदेलखंड को चारों तरफ से औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति प्राणनाथ ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आशीर्वाद देकर कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक मैं इसी खेजड़ा मंदिर में ही रुकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर विजयश्री पाकर कर लौटे तो सद्गुरुमहामति प्राणनाथ को पालकी में बिठाकर अपने कंघों का सहारा देकर प्राणनाथ मंदिर स्थित गुम्मट बंगला (जिसे ब्रह्म चबूतरा भी कहते हैं) लाए थे।प्राणनाथ गुंबट बंगला में अपने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ ठहरे थे। उस समय वे पूर्णिमा की चांदनी रात में सुंदरसाथ के साथ श्रीकृष्ण द्वारा ग्वाल-ग्वालियों के साथ खेले जाने वाले महारास की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ आए सुंदरसाथ ने महामति प्राणनाथ से अखंड महारास का अनुभव कराने का निवेदन किया। तब पूनम की आधी रात शुरू होने वाली थी। इस पर महामति प्राणनाथ ने पांच हजार सुंदरसाथ के साथ महारास खेलना शुरू किया। यह महारास पांच दिन तक बिना रुके, बिना थके चलता रहा। जिसे द्वापर युग के बाद सबसे बड़ा रास कहा जाता है।तभी से यह महारास हर साल मनाया जा जाता है।पवित्र नगरी पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को 400 साल पूरे हो चुके हैं। बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा महोत्सव का पहला कार्यक्रम संवत् 1740 में हुआ था। तब महामति प्राणनाथ ने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ पूनम की चांदनी रात में अखंड रास के दर्शन कराए थे। चार सौ साल के लंबे सफर में यह महोत्सव नित नई उंचाइयों को छूता जा रहा है। अब भारत के अलावा, ब्रिटेन, कनाड़ा और अमेरिका सहित विश्व के कई देशों से सुंदरसाथ पन्ना पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1971 में मंदिर में ढाई क्विंटल सोने का कलश चढ़ाया गया था। उस साल सबसे अधिक श्रद्धालु मुक्तिधाम में पहुंचे थे। उन्होंने बताया, तब पूरे शहर में श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिख रहे थे। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों आदि की छुट्टी कर दी गई थी और सभी जगह श्रद्धालुओं को रुकवाया गया था। तब कोई भी सरकारी भवन ऐसा नहीं बचा था जहां श्रद्धालुओं को नहीं रुकवाया गया हो। प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 1961 में लाली शर्मा के प्रयासों से हुई थी। तब वे ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन बने थे। इसके बाद प्राणनाथ ट्रस्ट ही गुंबटजी, बंगलाजी, गुरु मंदिर, बाईजू राज मंदिर, खेजड़ा मंदिर और चौपड़ा मंदिर आदि का रख-रखाव कर रहा है। जब ट्रस्ट नहीं था तब यहां आयोजन में आने वाले लोगों के लिए हर प्रकार की व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती थी। ट्रस्ट बनने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से आवास व्यवस्था का विस्तार किया गया है। आज यहां आने वाले ज्यादातार श्रद्धालुओं को ट्रस्ट अपने धर्मशालाओं, आवास गृहों आदि में ठहराता है। यहां चलने वाले लंगर में हर दिन हजारों लोग प्रसाद ग्रहरण कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर साल शरद पूर्णिमा के आयोजन में ट्रस्ट करीब 50 लाख रुपए खर्च करता है।

# करवाचौथ सुहागिनों द्वारा पति की रक्षा का महापर्व!

**सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं।करवा चौथ के दिन सुबह स्नान आदि करें इसके बाद उपवास संकल्प लें। मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। इस मंत्र को बोलकर संकल्प लें।यह संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत किया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख चंद्रमा की पूजा करती हैं।**



**महिलाएं** प्रतिवर्ष अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुखद जीवन और उनकी जीवन रक्षा के लिए करवाचौथ का व्रत करती हैं। यह उपवास निर्जला होता है। इस दिन महिलाएं एक-दूसरे के घर जाकर एकत्रित होती हैं। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व व्रत का आरंभ करती हैं और रात को चांद के निकलने पर पूजा-अर्चना करते हुए उपवास समाप्त करती हैं।इस वर्ष यह व्रत 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा।करवा चौथ के दिन चंद्रोदय 20 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 55 मिनट पर होगा।इस साल कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से होगा, जो अगले दिन 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी।चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर सुबह 06 बजकर 46 मिनट से शुरू होगी और 21 अक्टूबर को सुबह 04 बजकर 16 मिनट पर समापन होगा।



सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं।करवा चौथ के दिन सुबह स्नान आदि करें इसके बाद उपवास संकल्प लें। मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। इस मंत्र को बोलकर संकल्प लें।यह संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत किया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख चंद्रमा की पूजा करती हैं। इसके साथ ही करवा चौथ पर भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय जी के अलावा करवा माता की पूजा का भी विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत रखने और विधि-विधान के साथ पूजा करने से दांपत्य जीवन में मधुरता आती है और पति-पत्नी का रिश्त अटूट होता है। इसके अलावा पति की लंबी आयु के लिए भी करवा चौथ का व्रत रखा जाता है।

इसके बाद गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं।इसके बाद आठ पूरियों का अठावरी बनाएं। साथ में कुछ मीठा और पकवान बनाएं

इसके बाद पीली मिट्टी से गौरी माता की प्रतिमा बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।गौरी की लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उसपर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग आदि सामग्री माता पार्वती को अर्पित करें।पूजा के समय जल से भरा एक लोटा रखें।बायना देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं। माता गौरी भगवान गणेश और करवा माता की विधिवत पूजा करें।करवे पर 12 बिंदी रखें और गेहूं चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें। कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ से पानी घूमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।रात में चंद्रमा निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। इसके बाद पति से आशीर्वाद प्राप्त करे।

करवाचौथ का उपवास सूर्योदय से पहले शुरू होता है जिसे चांद निकलने तक रखा जाता है।इस उपवास में सांस अपनी बहू को सरगी देती है।इस सरगी को लेकर बहुएं अपने व्रत की शुरुआत करती हैं।

इस व्रत में शाम के समय शुभ मुहूर्त में चांद निकलने से पहले पूरे शिव परिवार की पूजा की जाती है।चांद निकलने के बाद महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं और अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। करवाचौथ पर सुबह सूर्योदय से पहले उठ जाएं। सरगी के रूप में मिला हुआ भोजन करें पानी पीएं और भगवान की पूजा करके निर्जला व्रत का संकल्प लें।करवाचौथ में महिलाएं पूरे दिन जल-अन्न कुछ ग्रहण नहीं करतीं फिर शाम के समय चांद को देखने के बाद दर्शन कर व्रत खोलती हैं।करवाचौथ की एक कथा भी है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहां तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी।

शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही खा सकती है। चूंकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चांद उदित हो रहा हो।इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चांद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चांद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।वह पहला टुकड़ा मुंह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुंह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है।


उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियां उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।

इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूंकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह कर वह चली जाती है।

सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है।

अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अंगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुंह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है।कुंवारी लड़कियां करवा चौथ का व्रत एक अच्छे वर की तलाश में रखती है। जहां सुहागिन इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करती है तो वहीं, कुंवारी लड़कियां तारों को पूजती हैं।




# टीबी उन्मूलन पर देना होगा विशेष ध्यान

**टीबी एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी दिवस मनाया जाता है।**

इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरुआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्वारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं।

टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक टीबी रोग रिपोर्ट 2020 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के कारण दुनिया भर में टी.बी. से होने वाली मौतों में वृद्धि हो सकती है। भारत में अप्रैल 2020 में लॉकडाउन के समय क्षय रोग के मामलों में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व में टी.बी. के वैश्विक मामलों का 44 प्रतिशत फिलीपींस, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका में है। जबकि भारत, चीन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, नाइजीरिया, बांग्लादेश और रूस में टी.बी. के दो-तिहाई मामले



दर्ज किये गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट दर्शाती है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण टीबी के खिलाफ लड़ाई में वर्षों से दर्ज की जा रही प्रगति को एक बड़ा झटका लगा है। एक दशक से ज्यादा समय में पहली बार टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। हाल ही में जारी रिपोर्ट दर्शाती है कि वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में ज्यादा लोगों की मौत हुई है और अपेक्षाकृत कम लोगों में इस बीमारी का पता चल पाया है। रिपोर्ट के अनुसार टीबी के कारण पिछले वर्ष करीब 15 लाख लोगों की मौत हुई थी। इनमें से अधिकतर मौतें मुख्य रूप से उन 30 देशों में हुई हैं जहाँ टीबी एक बड़ी समस्या है।

संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अनुमान जताया है कि टीबी से पीड़ित लोगों और मृतक संख्या 2022 में और भी अधिक होने की आशंका है। 2019 में नए मरीजों की संख्या 71 लाख थी। लेकिन 2020 में 58 लाख नए मरीजों का ही पता चला। संगठन का अनुमान है कि फिलहाल टीबी के 41 लाख मरीज ऐसे हैं। जिन्हें या तो अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं है या फिर सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना नहीं है।

एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है। संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है। इसलिए माना यह जाना चाहिए कि हम 2025 तक टीबी को जड़ से मिटा देने की बात कर रहे हैं मगर वह इतना आसान नही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं। वास्तव में मरीज उससे कहीं ज्यादा रहे हैं। भारत के गलत आंकड़ों की वजह से इस रोग का विश्वस्तरीय आकलन सही ढंग से नहीं हो पाया है। पिछले कुछ समय से टीबी के कई नए रूप सामने आ गए हैं। कई मानसिक बीमारियां टीबी का बड़ा कारण बनकर उभरी हैं। इस बीमारी को लेकर हमे नजरिया बदलने की जरूरत है। सरकार को परम्परागत तौर-तरीके से बाहर निकलना होगा। टीबी से निपटने के लिए सरकार को निजी क्षेत्र के साथ मिलकर व्यापक योजना बनानी होगी।

कुछ वर्षों पूर्व तक टीबी की बीमारी को लाईलाज रोग माना जाता था। टीबी के मरीजो को घर से अलग रखा जाता था व उससे अछूत जैसा व्यवहार किया जाता था। मगर अब टीबी की बीमारी का देश में पर्याप्त उपचार व दवा उपलब्ध है। टीबी के रोगियों द्वारा नियमित दवा के सेवन से नो माह में ही टीबी का रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है। सरकार को टीबी रोग की प्रभावी रोकथाम के लिये बजट में स्वास्थ्य सुविधओं के विस्तार के लिये और अधिक राशि का प्रावधान करना होगा। टीबी के प्रति लोगों को सचेत करने के लिये देश भर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या बढ़ाकर ही टीबी पर काबू पाया जा सकता है।

टीबी का संबंध पोषण से जुड़ा रहता है। भूखे पेट रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इसलिए टीबी की बीमारी के शिकार गरीब तबके के लोग ज्यादा होते हैं। पोषण से मतलब संतुलित भोजन से माना जाना चाहिए। इसलिए यहां पर केवल टीबी का इलाज मुहैया करा भर देने से टीबी का खात्मा संभव नहीं है। यह तब मुमकिन होगा जबकि देश में लोगों को रोग प्रतिरोधक ताकत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार भी मिले।

विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार को इस क्षेत्र में एक ठोस अभियान शुरू करना होगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस जानलेवा बीमारी पर काबू पाने की राह में पैसों की कमी आड़े नहीं आए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इससे मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होगी। सरकार ने टीबी को मिटाने के लिये जो प्रतिबद्धता जतायी है उस पर तुरन्त अमल करने की जरूरत है। तभी विश्व क्षयरोग दिवस 2022 की थीम 'टीबी को खत्म करने के लिए निवेश करें, जीवन बचाए' सार्थक हो पायेगी।

# पेट ठीक से साफ नहीं होता तो खाना बनाने में उपयोग करें यह औषधि

**स्वस्थ रहने के लिए आपको हर दिन हींग का उपयोग करना चाहिए। लेकिन इसकी मात्रा सीमित होना बहुत जरूरी है। नहीं तो पेट साफ करने वाला, सिर दर्द दूर करनेवाला और गैस की समस्या से मुक्ति दिलानावाले यह मसाला शरीर पर ठीक विपरीत प्रभाव डाल सकता है...**



हींग भारतीय खान-पान में सदियों से उपयोग किया जा रहा है। यह एक तरह की आयुर्वेदिक औषधि भी है, जिसे इसके गुणों के आधार पर रेचक प्रकृति का माना जाता है। आयुर्वेद में रेचक उन खाद्यपदार्थों को कहते हैं, जो हमारा पाचनतंत्र और मलमार्ग साफ करने और मल के निकलने की क्रिया में सुधार करने का कार्य करते हैं...

## इस समस्याओं से दिलाता है मुक्ति

■ अपनी डेली डायट में हींग का सेवन करनेवाले लोगों को पेट फूलने की समस्या नहीं होती है।

■ नियमित रूप से हींग मिलाकर भोजन तैयार किया जाए और उसका सेवन किया जाए, पेट में गैस बनने और अपच की समस्या नहीं होती है।

■ जिन लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत अधिक दर्द और मरोड़ की समस्या होती है, उन्हें नियमित रूप से हींग का सेवन करना चाहिए।

## बच्चों के लिए लाभकारी

■ बच्चों के पेट में कीड़े हो जाने की समस्या बहुत ही आम है। हालांकि यह दिक्कत किसी भी उम्र के लोगों के साथ हो सकती है लेकिन मुख्य रूप से बच्चों में देखने को मिलती है।

■ इसलिए बच्चों के लिए कोई भी डिश तैयार करते समय उसमें थोड़ा-सा हींग अवश्य डालें। इससे दो फायदे होंगे। पहला यह कि बच्चे का पेट साफ रहेगा और उसकी लंबाई ठीक से बढ़ेगी।

■ साथ ही बड़ा होने पर उसे हींग का टेस्ट अजीब नहीं लगेगा। इससे वह अपनी नियमित डायट में इसका उपयोग कर पाएगा और जीवनभर कई तरह की बीमारियों से बचा रहेगा।

## कान के दर्द से छुटकारा


■ अगर कभी अचानक किसी को कान में दर्द हो जाए तो हींग एक पेनकिलर की तरह आपको जल्द राहत दे सकता है। इसके लिए आप छोटी कटोरी में एक चम्मच नारियल का तेल गर्म करें और इसमें हींग का छोटा टुकड़ा डालकर पिंघलने दें।

■ जब यह हींग नारियल तेल में अच्छी तरह घुल जाए तो इस तैयार मिश्रण को आप इयर ड्रॉप की तरह उपयोग करते हुए कान में डालें। ध्यान रखें कि तेल गर्म ना हो। नारियल का तेल मसल्स को रिलैक्स करने के काम करता है तो हींग जलन, सूजन और दर्द को दूर करता है।

## पेट दर्द करे दूर

■ यदि आपके पेट में अचानक दर्द हो जाए और उस समय आपके पास कोई भी दवाई उपलब्ध ना हो तो हींग आपके लिए दर्द निवारक औषधि की तरह काम कर सकता है।

■ आप दो चुटकी हींग लेकर इसे आधा चम्मच पानी में घोल लें। अब इस हींग मिले पानी में रुई का छोटा पीस भिगोकर उसे अपनी नाभि में रखकर लेट जाएं। इसके साथ ही थोड़ा-सा हींग मिला पानी पूरे पेट पर हल्के हाथों से लगा लें। मात्र 5 से 10 मिनट के अंदर आपको राहत मिल जाएगी।



# सिनवार की हत्याः पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैरान करने वाला हुआ खुलासा

तेल अवीव(ईएमएस)। साउथ गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन के तहत हमास चीफ याह्या सिनवार को मारकर बेंजामिन नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर 2023 अटैक का बदला भी ले लिया। याह्या सिनवार की मौत कन्फर्म हो चुकी है। मगर उसकी मौत कैसे हुई, इसे लेकर अब पॉस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मानें तो याह्या सिनवार की मौत को कन्फर्म करने के लिए इजरायली सैनिकों ने उसकी उंगली काट दी थी। याह्या सिनवार हमास का पोलित ब्यूरो चीफ था। एक वीडियो में यह देखा गया कि याह्या सिनवार के चहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उसकी खोपड़ी का कुछ हिस्सा उड़ा हुआ दिखा, जो कि पोस्टमॉर्टिम करने वाले चीफ पैथोलॉडिस्ट के दावों से मिलता है। बता दें कि इजरायली सैनिकों ने नुकसान के आकलन और किसी भी बचे हुए लोगों की तलाश के लिए जमीनी छापेमारी करने से पहले ठिकाने पर एक टैंक से गोला दागा था। गुप्त सूचना के आधार पर दक्षिणी गाजा में की गई एक ग्राउंड रेड में हमास नेता याह्या सिनवार मारा गया।

याह्या सिनवार के शव का पोस्टमॉर्टम करने वाले चीफ पैथोलॉजिस्ट की मानें तो हमास चीफ सिनवार की मौत सिर में गोली लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि हमास नेता को टैंक के गोले से भी चोटें आई थीं, मगर उन्होंने यकीन से कहा कि याह्या सिनवार की मौत सिर में गोली लगने से ही हुई है। सोशल मीडिया पर याह्या सिनवार का वीडियो वायरल है। उसमें वह मौत से कुछ देर पर सोफे पर बैठा नजर आता है। इजरायली सैनिक ड्रोन से इसकी पुष्टि कर रहे थे। याह्या सिनवार के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली कटी हुई थी। वीडियो में बाएं हाथ की सभी उंगलियां पहले थी, मगर बाद में एक उंगली गायब दिखी। वह उंगली डीएनए मैच के लिए थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सैनिकों ने उसकी मौत की पुष्टि के लिए उसकी उंगलियां काट दी थी। उसके सिर में गोली मारी गई थी, जिससे उसकी खोपड़ी उड़ गई। उसका हाथ बुरी तरह से घायल हो चुका था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली सैनिक जब सिनवार के ठिकाने में दाखिल हुए तो उन्हें याह्या सिनवार जैसा दिखने वाला एक शव मिला। मगर वे पूरी तरह से कन्फर्म होना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने डीएनए जांच के लिए उसकी उंगली काट दी। दरअसल, याह्या सिनवार इजरायल की जेल में पहले सजा काट चुका था। उसी दौरान इजरायल ने सिनवार का प्रोफाइल बना लिया था। दरअसल, 2011 में एक कैदी-अदला-बदली के तहत रिहा होने तक दो दशकों तक सिनवार इजरायली जेल में बंद था। उस दौरान इजरायली सैनिकों के पास सिनवार का प्रोफाइल था। बता दें कि याह्या सिनवार 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड था। हमास के उस हमले में इजरायल के 1200 लोगों की मौत हो गई थी।

### अमेरिका और जर्मनी का दावा कहा- खत्म हो सकता है गाजा संघर्ष खत्म

हमास नेता याह्या सिनवार की मौत के बाद अमेरिका और जर्मनी ने बड़ा दावा किया। दोनों देशों का कहना है कि सिनवार की मौत के बाद गाजा पट्टी में संघर्ष खत्म करने की दिशा में सहजता से आगे बढ़ा जा सकता है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि याह्या सिनवार एक निर्दयी हत्यारा और आतंकवादी था, जो इजरायल को खत्म करने और वहां के लोगों को मौत के घाट उतारने पर उतारू था। पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुए आतंकवादी हमलों का वह मास्टरमाइंड था, जिसने हजारों लोगों को मौत के घाट उतारा था। बर्लिन में हुई बैठक के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्री ने संयुक्त बयान में कहा कि सिनवार ने गाजा में संघर्ष विराम के रास्ते में बाधा डाली थी। उसकी मौत संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों की गति को बढ़ा सकती है। सभी बंधकों को रिहा किया जाना चाहिए। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवीय सहायता बढ़ाए जाने की दिशा में जर्मनी और अमेरिका अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### सिनवार के बाद खत्म हो जाएगा हमास?

एक वीडियो बयान में हमास के अधिकारी खलील अल-हय्या ने सिनवार की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि समूह अपने महान नेता के नुकसान का शोक मना रहा है। किंग्स कॉलेज लंदन के मध्य पूर्व विश्लेषक एंड्रियास क्रेग ने कहा कि सिनवार की हत्या न केवल एक अत्यंत प्रतीकात्मक घटना थी, बल्कि इस बहुत ही नेटवर्क वाले संगठन में नेतृत्व का शून्य भी पैदा कर दिया।बता दें कि उसकी मौत ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की मौत के दो महीने से कुछ अधिक समय बाद हुई है। हमास और ईरान ने हनिया की मौत के लिए इजरायल को दोषी ठहराया है, हालांकि इजरायल ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। क्रेग ने कहा कि हमास के राजनीतिक नेतृत्व, जो ज्यादातर कतर में निर्वासन में है, और गाजा में सैन्य और परिचालन शाखाओं के बीच मतभेद उभर आए थे। जुलाई में इजरायल ने यह भी कहा था कि उसने गाजा में हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दीफ को मार दिया है, जिसे हमास ने नकारा है। क्रेग ने कहा, हमास के विभिन्न सेल लड़ाई जारी रखेंगे, लेकिन आंदोलन के केंद्र में एक शून्य है, और इससे समन्वय करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के जेम्स डॉर्सी ने कहा कि सिनवार हमास में एक असाधारण व्यक्ति था। जिसे आंदोलन के राजनीतिक और सैन्य दोनों विंग से व्यापक समर्थन प्राप्त था।

### याह्या सिनवार की हत्या के बाद क्या हमास अस्तित्व मिट जाएगा?

इजरायल पर हमास आतंकियों ने हमला कर कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद इजरायल ने हमास का समूल नष्ट करने का संकल्प लिया था। बता दें कि 7 अक्टूबर के हमले में हमास के लड़ाकों ने इज़रायली सुरक्षा को तोड़ दिया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 150 से ज़्यादा इज़रायली बंधक बन गए। यह गाजा में पिछले कई सालों में सबसे बड़ी झड़प थी और इसने इज़राइल के रक्षा तंत्र की तैयारी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। तभी से इजरायल लगातार हमास के आतंकियों को चुन चुनकर मार रहा है। अब तक कई बड़े आतंकियों का खात्मा हो चुका है। इजरायल का युद्ध का उद्देश्य, शुरू से ही, हमास को पृथ्वी से मिटा देना रहा है। इस अस्पष्ट लक्ष्य की ओर, सिनवार की मृत्यु एक प्रमुख मील का पत्थर है। जुलाई में इस्माइल हानिया और सितंबर में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद, यह इजरायल द्वारा किसी दुश्मन नेता की शायद सबसे प्रमुख हत्या है। याह्या सिनवार की हत्या हमास के लिए, जिसने इजरायली युद्ध मशीन के दबाव में काफी नुकसान उठाया है, यह एक बहुत बड़ा झटका होगा। जो वास्तव में अस्तित्व के संकट को जन्म दे सकता है। इसके साथ ही, यह फिलिस्तीन में शत्रुता को समाप्त करने के लिए एक छोटा सा रास्ता भी प्रदान करता है। बता दें कि इजराइली रक्षा बलों ने गुरुवार की शाम को घोषणा की कि उसने दक्षिणी गाजा के राफा में एक लक्षित जमीनी अभियान में हमास प्रमुख याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार इस ऑपरेशन में मारे गए तीन हमास आतंकवादियों में से एक था। जब वह इजरायल के जेल में था तब इजरायल ने उसका डीएनए सैंपल लिया था। इसी डीएनए सैंपल से इजरायल ने मिलान कर सिनवार के मौत की पुष्टि की। अब सवाल उठता है कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत का हमास पर क्या असर पड़ेगा। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि हमास और फिलिस्तीन इस क्षति पर किस प्रकार प्रतिक्रिया करेंगे। लेकिन अमेरिका और अन्य इजरायली सहयोगियों के लिए यह इजरायल में तनाव को कम करने और यहूदी राष्ट्र को उस संघर्ष से बाहर निकलने का अवसर प्रदान करता है। जिसने हजारों लोगों की जान ले ली है, अरबों डॉलर खर्च हो गए हैं और विश्व को एक दीर्घकालिक राजनीतिक और नैतिक संकट में डाल दिया है। मीडिया में कहा गया है कि युद्ध को रोकने के लिए बंधकों के लिए युद्ध विराम समझौते की प्रगति के साथ महीनों तक अड़े रहने के बाद, अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों को उम्मीद थी कि सिनवार को एक दिन बाहर निकाला जा सकता है।

## अब तक बाबा बेंगा की भविष्यवाणियां सच हुईं, 2043 तक यूरोप में स्थापित होगा मुस्लिम शासन?



सोफिया(ईएमएस)। बाबा बेंगा की भविष्यवाणियां पूरी दुनिया में चर्चित हैं। अब तक उन्होंने जो भी भविष्यवाणी की है वो अधिकांशतः सही साबित हुई है। एक बार फिर उनकी भविष्यवाणी ने सुर्खियां बटोरी हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 2043 तक यूरोप में मुस्लिम शासन आ जाएगा। बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणियों में यूरोप के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई हैं और इस दिशा में कुछ अहम घटनाओं की भविष्यवाणी की है।

इसके अलावा, बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2025 में यूरोप में एक बड़ा संघर्ष होगा, जो महाद्वीप में तबाही का कारण बनेगा। इस संघर्ष के कारण यूरोप में हालात बिगड़ जाएंगे और यह मानवता के लिए एक संकट का समय साबित होगा। इसके बाद, 2033 में ग्लोबल वार्मिंग के गंभीर परिणामों की भविष्यवाणी भी की गई है। बाबा वेंगा का कहना था कि ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र स्तर बढ़ेगा, जिससे लोगों का जीवन और भी मुश्किल हो जाएगा।

हालांकि, बाबा वेंगा की भविष्यवाणियाँ हमेशा सटीक नहीं होतीं, लेकिन जिन घटनाओं का उन्होंने पहले उल्लेख किया था, वे समय के साथ सच साबित हुईं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यूरोप में 2043 तक मुस्लिम शासन की भविष्यवाणी भी सच साबित होती है या नहीं। इस प्रकार की भविष्यवाणियाँ लोगों के मन में डर और अज्ञात की जिज्ञासा को जन्म देती हैं, लेकिन इन पर विश्वास करने से पहले तथ्यात्मक आधार पर विचार करना जरूरी है। बाबा वेंगा, जिनका जन्म बुल्गारिया में हुआ था, ने अपनी मृत्यु से पहले साल 5079 तक की भविष्यवाणी की थी। उनकी भविष्यवाणियों में कई घटनाएँ पहले ही सही साबित हो चुकी हैं, जैसे सोवियत यूनियन का विघटन और 9/11 के आतंकी हमले। अब उनका दावा है कि 2043 तक यूरोप में मुस्लिम शासन का उदय होगा और पूरे महाद्वीप में नारा-ए-तकबीर गूंजेगा। इस बयान के बाद, कई लोग इसे भारत में हो रही सांप्रदायिक चर्चाओं से जोड़ कर देख रहे हैं, जहां कुछ लोग हिंदू एकता की बात करते हुए मुस्लिम आबादी के बढ़ने को लेकर चिंतित हैं।

### उत्तर कोरिया में मिला दक्षिण कोरियाई ड्रोन, हमले की दी धमकी

प्योंगयांग,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया के प्योंगयांग के एक जिले में एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन मिला है। वहीं उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सैन्य संपत्तियों द्वारा बार-बार घुसपैठ को युद्ध की घोषणा माना जाएगा और जवाबी हमले किए जाएंगे। उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 13 अक्टूबर को प्योंगयांग में दक्षिण कोरियाई ड्रोन का मलबा मिला था।

### लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में अब तक 2418 की मौत, 11,336 घायल

बेरूतः(ईएमएस) । इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2418 हो गई है, जिसमें कुल 11,336 लोग घायल हुए हैं। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोग मारे गए औ 69 घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में कई क्षेत्रों में 87 हवाई हमले दर्ज किए गए, जिनमें से ज्यादातर दक्षिणी लेबनान में केंद्रित थे।

इस बीच इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बयान में कहा कि हिजबुल्लाह ने लेबनान से उत्तरी इजराइल की ओर करीब 75 प्रोजेक्टाइल दागे और लेबनान से दो ड्रोनों को इजराइल में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया गया। आईडीएफ ने कहा कि पिछले दिनों हवाई हमलों और नजदीकी मुठभेड़ों में करीब 60 हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए हैं।

### इजराइली सेना ने शिविरों पर किया हमला, 33 नागरिकों की मौत, कई घायल

गाजा,(ईएमएस)। उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 33 आम नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में जानकारी दी गई है कि मृतकों में 21 महिलाएं हैं और कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों में फंसे होने के कारण कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंचने की संभावना है। रिपोर्ट में एक बयान में कहा कि बमबारी में 85 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ गंभीर हैं। इसमें कहा गया है कि इजराइली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे इजराइली हमलों से आम फिलीस्तीनी नागरिकों के मरने वालों की संख्या बढ़कर 42,500 हो गई है।

### फिर मिली फ्लाइट को बम की धमकी, जांच के बाद खबर झूठी निकली

लंदन,(ईएमएस) । विमानों को पिछले कुछ दिनों से लगातार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं, जिनसे यात्रियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अब दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा फ्लाइट को शनिवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके कारण फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट की ओर डायवर्ड किया गया।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा जांच के बाद कोई खतरा नहीं पाया गया, और फ्लाइट को लंदन रवाना किया गया। यह घटना हाल के दिनों में कई झूठी धमकियों का हिस्सा है, जिसमें एक ही सप्ताह में करीब 15 फ्लाइट्स को इस तरह की धमकियों मिल चुकी हैं। इनमें से कई ने उड़ान से पहले जांच की, जबकि कुछ को वापस बुलाया पड़ा। फ्लाइट ने भारतीय समयानुसार रात 12:40 बजे फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर लैंड किया और करीब दो घंटे बाद लंदन के लिए रवाना हुई। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया कि 18 अक्टूबर को दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा फ्लाइट यूके17 को सोशल मीडिया पर सुरक्षा खतरा मिला। नियमों के मुताबिक सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और सुरक्षा के लिहाज से, पायलटों ने फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ने का निर्णय लिया। बता दें इससे पहले शुक्रवार को भी एक अकासा एयर की फ्लाइट, जो बेंगलुरु से मुंबई जाने वाली थी उसने उड़ान भरने से पहले सुरक्षा अलर्ट मिला। सभी यात्रियों को सुरक्षित जांच के लिए उतारा गया, जिसके बाद यह साबित हुआ कि यह भी एक झूठी धमकी थी। हाल के दिनों में, भारतीय एयरलाइनों की करीब 14 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकियों का सामना करना पड़ा, जिनमें से सभी झूठे निकली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय झूठी धमकियों को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डालना शामिल है।

### नेतन्याहू ने रखी शर्त, हमास मानने को तैयार नहीं, बाइडन बोले बहुत हुआ...

वॉशिंगटन(ईएमएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम युद्ध रोक देंगे, अगर हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे सभी बंधकों को रहिा कर दे। इसके कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का भी बयान आया है। उन्होंने कहा-अब बहुत हो चुका, यह जंग अब थमनी चाहिए। मैं विदेश मंत्री टोनी ब्लिकन को इजरायल भेज रहा हूं, ताकि शांति लाई जा सके। मगर इसके बाद हमास का भी बयान आया। उसने हथियार डालने से साफ इनकार कर दिया। ये भी कहा कि तब तक हम बंधकों को नहीं छोड़ेंगे, जब तक कि इजरायल फलिस्तिीन पर आक्रमण बंद नहीं कर देता।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास से युद्ध को खत्म करने और सभी बंधकों को तुरंत रिहा करने को कहा।



डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस मिशिगन, अमेरिका के ग्रैंड रैपिड्स में रिवरसाइड पार्क में एक अभियान रैली के दौरान बोलती हुई।

# पुतिन ने कहा- भारत के पास दुनियाभर के मसलों को सुलझाने की क्षमता

**- ब्रिक्स का विस्तार एक सही निर्णय है, क्योंकि इससे संगठन की ताकत और बढ़ेगी**

मास्को (ईएमएस)। भारत की बढ़ती इकॉनमी और लीडरशिप की तारीफ करते हुए रुस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भारत के पास दुनियाभर के मसलों को सुलझाने की क्षमता है। इंटरनेशल लेवल पर उसकी एक धमक है। बॉलीवुड फिल्में रूस में कहीं और की फिल्मों से ज्यादा देखी जाती हैं। रूस के कजान शहर में 22-23 अक्टूबर ब्रिक्स समिट होने वाली है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। ब्रिक्स और मिडिल ईस्ट में जंग को लेकर भी पुतिन ने बात की और कहा कि रूस दुनिया को फिर से आकार देने की कोशिश नहीं कर रहा है। सत्ता के नए केंद्रों का उभरना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। अन्य देशों को यह बात समझ में आनी चाहिए। इजरायल हमास जंग पर पुतिन ने कहा कि रूस ने हमेशा मध्य पूर्व संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र के दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है। आज भी हम उसी पर कायम हैं। ब्रिक्स को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देते हुए पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स कोई वेस्ट का विरोधी नहीं है बल्कि एक ऐसा संगठन है, जिसमें वेस्ट के देश शामिल नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का रुख भी ब्रिक्स को लेकर यही है। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार एक सही निर्णय है, क्योंकि इससे संगठन की ताकत और बढ़ेगी। इस मौके पर पुतिन ब्रिक्स का 17 प्वाइंट एजेंडा भी रखा। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स जैसे-जैसे विकसित होगा, सभी देशों को भी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने अमेरिका पर चीन के विकास में बाधा बने का आरोप लगाया। कहा कि यह सूरज को उगने से रोकने जैसा है। यूक्रेन युद्ध को लेकर जब उनसे पूछा गया कि इस संघर्ष के खत्म होने की कोई समयसीमा है, पुतिन ने कहा-यह तय कर पाना काफी मुश्कलि है। इतना जरूर कह सकते हैं कि सबकुछ रूस ही तय करेगा, वही जीतेगा।

# अमेरिका में कौन बनेगा राष्ट्रपति- सट्टा बाजार में किसकी चमक रही है किस्मत

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। पूरी दुनिया की नजर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर है। यहां कौन जीतेगा और हारेगा इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। इस पर सट्टा बाजार की भी नजर है। कमला हैरसि और डोनाल्ड दोनों अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इस बीच कई ओपनियिन पोल्स भी आए हैं, जिनमें ट्रंप-हैरसि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। लेकिन सट्टा बाजार क्या कह रहा है। सट्टा बाजार को अमेरिकी चुनाव की भविष्यिवाणी में काफी विश्वसनीय माना जाता है। क्योंकि लोग उसमें पैसे लगाते हैं। पहले के सर्वे में माना गया था कि हैरसि ट्रंप से कुछ आगे हैं। लेकिन अब पूरा खेल पलटता नजर आ रहा है। पॉलीमार्केट के अनुसार, 15 अक्टूबर तक पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के जीतने की संभावना 60 प्रतिशत तक थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नेशनल सर्वे ट्रैकर की मानें तो 49 प्रतिशत वोटर कमला हैरिस को वोट देने का प्लान बना रहे हैं जबकि सिर्फ 47प्रतिशत वोट ट्रंप के समर्थन में हैं। जबकि सट्टा बाजार इसके बिल्कुल उलट कहानी बयां कर रहा है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस के प्रोफेसर थॉमस मिलर ने फॉर्च्यून को बताया, सट्टेबाजी पोर्टल सटीक अनुमान लगाते हैं, क्योंकि इनमें लोगों का पैसा लगा होता है। मिलर खुद एक साइट चलाते हैं, जो प्रेडिक्टइट कॉन्ट्रैक्ट कीमतों के आधार पर इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजों का अनुमान लगाती है। इससे भी पता चलता है कि ट्रंप भारी मतों से जीत रहे हैं। पॉपुलर सट्टेबाजी प्लेटफार्म प्रेडिक्टइट ने दावा कयिा कि लोग ट्रंप की जीत पर ज्यादा पैसा लगा रहे हैं। अब ट्रंप के जीतने की संभावना 54 प्रतिशत है, जबकि हैरसि के जीतने की संभवना 49 प्रतिशत रह गई है। जुलाई से अब तक ऐसा पहली बार है कि हैरसि को 50 प्रतिशत से कम लोगों का समर्थन मिल रहा है। ज्यादातर सट्टेबाजी प्लेटफार्म ट्रंप को ही जीतते हुए देख रही हैं। बेटफेयर ने ट्रंप की जीत की संभावना लगभग 58 प्रतिशत तक मानी है जबकि कलशी ने 57 प्रतिशत फीसदी। प्रेडिक्टइट 54 प्रतिशत तथा स्मार्केट ने ट्रंप की जीत की संभावना 58 प्रतिशत मानी है। पोल ऑफ पोल करें तो पाएंगे कि ट्रंप के जीतने की संभावना 57 प्रतिशत से ज्यादा है। सितंबर के अंत में यह लगभग 48 प्रतिशत थी। लेकिन उसके बाद से जबरदस्त बदलाव आया है।

# ट्रूडो की पोल खोल रहे उनके अपने लोग, पूर्व एनएसए ने भी कर दिया कंफ्यूज, सिर्फ कोरे आरोप

ओटावा(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों के बाद द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए हैं। इस मामले में अब एक नया मोड़ आया है, जब कनाडा की पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉडी थॉमस ने कुछ अहम खुलासे किए हैं। वहीं कनाडा के विपक्षी नेता भी उन्हें लगातार घेर रहे हैं। अब कनाडा के एक विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री ट्रूडो पर अन्य विवादों से ध्यान हटाने के लिए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार से पिछली प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए खालिस्तानी आतंकवादी की नागरिकता मरणोपरांत छीन लेने को कहा है। जॉडी थॉमस ने हाल ही में कनाडा की विदेश मामलों की जांच समिति के समक्ष पेशी के दौरान कहा कि निज्जर की हत्या के पीछे बदले की भावना थी। उन्होंने बताया कि जब जांच शुरू हुई थी, तो कनाडाई खुफिया एजेंसियों का मानना था कि निज्जर की हत्या रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के प्रतिशोध में की गई थी। रिपुदमन की हत्या के ठीक एक साल बाद, निज्जर को एक गुरुद्वारे में गोली मार दी गई थी। यह वही गुरुद्वारा था, जहां पहले भी एक हाई-प्रोफाइल हत्या हो चुकी थी। पूर्व एनएसए थॉमस ने इस संदर्भ में साल 1985 की एयर इंडिया विमान दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि निज्जर इस हादसे के बाद रिपुदमन सिंह मलिक को धोखेबाज मानते थे, और इसी वजह से उनकी हत्या की गई थी। हालांकि, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, नए सबूत सामने आए, जिससे यह आशंका और गहरी हुई कि निज्जर की हत्या एक एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग हो सकती है, जैसा कि पहले जस्टिन ट्रूडो ने कहा था। जॉडी थॉमस ने यह भी स्वीकार किया कि इस मामले में जुटाए गए कुछ अहम सबूत भारत के साथ साझा नहीं किए गए हैं, जिससे अब इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच और भी जटिलताएं बढ़ सकती हैं। सिख समुदाय में इस हत्या को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है, और इस पर कानूनी एवं राजनीतिक दोनों ही स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। इस घटनाक्रम ने कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है और दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर सवाल उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता मैक्सिम बर्नियर ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी, जो पूरे विवाद का केंद्रीय व्यक्ति है, एक विदेशी आतंकवादी था, जिसे किसी तरह 2007 में नागरिकता प्रदान कर दी गई थी।

# इजरायल ने अब तक हमास और हिजबुल्लाह के 16 टॉप नेताओं को किया ढेर

तेलअवीव(ईएमएस)। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेन्याहू ने हमास के खात्मे की कमस खाई। तभी से हमास के खात्मे का अभियान इजरायल द्वारा चलाया जा रहा है। तमाम देशों का प्रेशर होने के बाद भी नेन्याहू ने किसी की नहीं सुनी और अब तक हमास और हिजबुल्लाह के टॉप लेवल के 16 नेताओं को ढेर कर दिया। बीते 17 अक्टूबर को इजरायल ने इस बात का ऐलान किया कि 7 अक्टूबर को इजरायली सैनिकों ने एक हमास के याह्या सिनवार को मार डाला। सिनवार को इजरायल पर हमले का मास्टरमाइंड माना जाता था। इजरायल ने इससे पहले हसन नसरल्लाह सहित हिजबुल्लाब के कई टॉप रैंक कमांडरों को मार गिराया है। हमास के हमले के बाद से यह सिलसिला लगातार जारी है।

### याह्या सिनवार

हमास नेता याह्या सिनवार को गाजा में इजरायली बलों ने मार डाला। वह फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर इजरायली कब्जे के प्रति अपनी गहरी दुश्मनी और हमास की इस्लामवादी विचारधारा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित था।

### हसन नसरल्लाह

लेबनान के सैयद हसन नसरल्लाह के बारे में इजरायल ने 28 सितंबर, 2024 को कहा था कि उन्होंने उसे मार दिया है। नसरल्लाह इजरायल के साथ दशकों के संघर्ष के दौरान हिज्बुल्लाह का नेतृत्व किया। उसे ईरान का भी समर्थन हासिल था।

### फतह शरीफ

इजरायली सेना ने 30 सितंबर, 2024 को कहा कि उसके बलों ने लेबनान में हमास के नेता शरीफ को मार दिया।

### अली कराकी

हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडरों में से एक अली कराकी नसरल्लाह की हत्या करने वाले हवाई हमले में मारा गया। इजरायली सेना ने कहा कि भूमिगत बंकर पर हमले में विभिन्न रैंकों के 20 से अधिक आतंकवादी मारे गए।

### नबील कौक

28 सितंबर, 2024 को हवाई हमले में मारे गए कौक हिजबुल्लाह की केंद्रीय परिषद का उप प्रमुख था।

### मोहम्मद सरूर

सरूर हिजबुल्लाह की ड्रोन इकाई का चीफ था। ड्रोन का इस्तेमाल इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष में पहली बार किया गया था। उसके नेतृत्व में हिजबुल्लाह ने इजरायल में विस्फोटक और टोही ड्रोन लॉन्च किया।

### मारवान इस्सा

इजरायली सेना ने कहा कि मार्च में इजरायली हमले में हमास के उप सैन्य कमांडर मारवान इस्सा की मौत हो गई। वह डेफ और सिनवार के साथ इजरायल की वांटेड लिस्ट में सबसे ऊपर था।

### इब्राहिम कुबैसी

कुबैसी ने हिजबुल्लाह की मिसाइल यूनिट का नेतृत्व किया। इजरायली सेना का कहना है कि कुबैसी ने 2000 में उत्तरी सीमा पर तीन इजरायली सैनिकों के अपहरण और हत्या की योजना बनाई थी।

### इब्राहिम अकील

20 सितंबर 2024 को इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह ऑपरेशन कमांडर इब्राहिम अकील पर 1983 में बेरूत में हुए दो ट्रक बम विस्फोटों के लिए 7 मिलियन डॉलर का इनाम था। इसमें अमेरिकी दूतावास और यू.एस. मरीन बैरक में 300 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

### अहमद महमूद वहबी

2024 की शुरुआत तक राडवान विशेष बलों के सैन्य अभियानों की देखरेख करने वाले एक शीर्ष कमांडर अहमद वहबी की 20 सितंबर को बेरूत उपनगरों में कई शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मौत हो गई। इब्राहिम अकील भी शामिल था।

### फुआद शुक्र

30 जुलाई को लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर फुआद शुक्र की मौत हो गई। 1982 में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा हिजबुल्लाह की स्थापना के बाद से ही शुकर हिजबुल्लाह के प्रमुख सैन्य नेताओं में से एक था।

### मोहम्मद नासिर

मोहम्मद नासिर 3 जुलाई को इजरायली हवाई हमले में मारा गया। इजरायल ने जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह दक्षिण-पश्चिमी लेबनान से इजरायल पर गोलीबारी करने वाली इकाई का नेतृत्व कर रहा था। लेबनान में वरिष्ठ सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह में एक वरिष्ठ कमांडर नासिर सीमा पर हिजबुल्लाह के संचालन के एक हिस्से के लिए जिम्मेदार था।

### तालेब अब्दुल्ला

वरिष्ठ हिजबुल्लाह फील्ड कमांडर अब्दुल्ला 12 जून को इजरायल द्वारा दावा किए गए एक हमले में मारा गया। यह दक्षिणी लेबनान में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र पर हमला था। लेबनान में सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि वह दक्षिणी सीमा पट्टी के मध्य क्षेत्र के लिए हिजबुल्लाह का कमांडर था।

### मोहम्मद देफ

हमास नेता देफ की 1 अगस्त को इजरायली सेना द्वारा हवाई हमले में हत्या कर दी गई थी। देफ कम से कम 2000 के दशक की शुरुआत से ही इजरायल की सूची में था।

### इस्माइल हनीयेह

इस्माइल हनीयेह की 31 जुलाई को तेहरान की यात्रा के दौरान हत्या कर दी गई थी। वह 2017 से हमास नेता था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उसे कम दूरी की मिसाइल से मारा गया।

### सालेह-अल अरोरी

2 जनवरी, 2024 को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह पर एक इजरायली ड्रोन हमले में हमास का उप प्रमुख सालेह अल-अरोरी की मौत हो गई। अरोरी हमास की सैन्य शाखा क़स्साम ब्रिगेड का संस्थापक भी था।

# मानसिक स्वास्थ्य क्या है जानिए लक्षण और उपाय

**मानसिक स्वास्थ्य का व्यक्ति की दिनचर्या पर काफी असर पड़ता है। जब व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होता है, तो उसका हर काम काफी अच्छे से होता है। लेकिन, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर व्यक्ति दिनभर चिड़चिड़ा महसूस कर सकता है। ऐसे में मानसिक समस्याओं से बचाव करना जरूरी है और इसके लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य क्या है।**



## मानसिक स्वास्थ्य क्या होता है?

किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का संबंध उसकी भावनात्मक (इमोशनल), मनोवैज्ञानिक (साइकोलॉजिकल) और सामाजिक (सोशल) स्थिति से जुड़ा होता है। मानसिक स्वास्थ्य से व्यक्ति के सोचने, समझने, महसूस करने और कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। इसका असर व्यक्ति के तनाव को संभालने और जीवन से जुड़े जरूरी विकल्प के चयन पर भी पड़ सकता है। मानसिक स्वास्थ्य जीवन के प्रत्येक चरण अर्थात बचपन, किशोरावस्था, वयस्कता और बुढ़ापे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का एहसास होता है। इस स्थिति में व्यक्ति दूसरों के साथ सकारात्मक तरीके से बातचीत कर सकता है। साथ ही तनाव की समस्या से निपटने की क्षमता भी रखता है।



## मानसिक स्वास्थ्य क्यों महत्वपूर्ण है?

मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि इसके बिना जीवन के सभी कार्य प्रभावित होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य का उद्देश्य यानी मेंटल हेल्थ किन कामों में सहायक भूमिका निभाता है,

- तनाव से जूझने
- शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने
- लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखने
- सामाजिक कार्य में योगदान देने
- प्रोडक्टीव काम करने के लिए
- अपनी क्षमता को जानने में
- स्ट्रोक, टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम से बचने के लिए

## सामान्य मानसिक स्वास्थ्य विकार

**चिंता (एंग्जायटी)** – मानसिक स्वास्थ्य संबंधी एक विकार चिंता भी है। चिंता के कारण वास्तविक या काल्पनिक स्थितियों में अत्यधिक चिंता या भय उत्पन्न हो सकता है।
**अवसाद (डिप्रेशन)** – यह मानसिक समस्या सामान्य उदासी या दुख से अलग होती है। इसमें व्यक्ति को काफी दुख, क्रोध, निराश या फ्रस्टेशन हो सकती है।
**बाइपोलर डिसऑर्डर** – बाइपोलर विकार को पहले मैनिक डिप्रेशन कहा जाता था। इस समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को बारी-बारी से मेनिया (असामान्य रूप से भावनाओं को प्रकट करना) और अवसाद होता है।
**ईटिंग डिसऑर्डर**- यह विकार भोजन और शरीर की छवि से संबंधित जुनूनी व्यवहार होता है। इस समस्या में व्यक्ति बहुत कम खाता है या फिर जरूरत से ज्यादा खाने लगता है।
**पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर**- मानसिक स्वास्थ्य संबंधी यह विकार ऐसी घटनाओं के बाद उत्पन्न होता है, जिसकी कभी आशा न की गई हो। इसमें किसी तरह की लड़ाई, किसी अपने की मृत्यु या गंभीर दुर्घटना शामिल है। इस समस्या की चपेट में आने वाला व्यक्ति तनाव और डर महसूस करता है।
**सिजोफ्रेनिया और सायकोटिक विकार** – यह एक गंभीर मानसिक रोग है। इसमें लोग ऐसी चीजों को देखने, सुनने और विश्वास करने लगते हैं, जो वास्तविक में हैं ही नहीं।
**अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी)** – यह बच्चों में पाए जाने वाले सबसे आम मानसिक विकारों में से एक है। इस समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को अपने व्यवहार को नियंत्रित रखने में परेशानी होती है।
**एडिक्टिव डिसऑर्डर** – इस मानसिक समस्या के अंतर्गत व्यक्ति को शराब या ड्रग्स जैसे नशीले पदार्थों की लत लग सकती है। इस लत के कारण व्यक्ति की जान को भी जोखिम हो जाता है।
**पर्सनालिटी डिसऑर्डर** – इस स्थिति में व्यक्ति की पर्सनालिटी यानी बिहेवियर में पूरी तरह बदलाव हो जाता है। इससे व्यक्ति के सोचने-समझने, खाने-पीने और सोने के समय में भी बदलाव होता है, जिसका असर व्यक्ति के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। इससे व्यक्ति को तनाव होना भी काफी आम हो जाता है।

## बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण

यदि किसी को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होती है, तो उनमें इसके लक्षण पहले ही दिखाई देना शुरू हो जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण कुछ इस तरह के हो सकते हैं:

- खाने या सोने की आदतों में बदलाव
- पसंदीद लोगों और गतिविधियों से दूरी बनाना
- ऊर्जा हीन या लो एनर्जी का एहसास होना
- सुन्न महसूस करना जैसे कि कुछ भी मायने नहीं रखता है
- अजीब सा दर्द महसूस होना
- असहाय या निराश महसूस करना
- धूम्रपान, शराब पीना और ड्रग्स का अधिक उपयोग करना
- कन्फ्यूज्ड होना, चीजों को भूलना और गुस्सा आना
- परेशान, चिंतित या डरा हुआ महसूस करना
- मूड स्विंग्स के कारण रिश्तों में दरार पड़ना
- दिमाग में बार-बार उन यादों का आना, जिन्हें भूलना चाह रहे हैं
- ऐसी आवाजें सुनना और बातों पर विश्वास करना जो सच नहीं हैं
- खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने की सोच
- दैनिक कार्य को ठीक से न कर पाना

## मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के कारण और जोखिम कारक

- परिवार में पहले किसी को मानसिक समस्या होना
- तनाव और बचपन में हुए दुर्व्यवहार के कारण
- मस्तिष्क में रासायनिक असंतुलन (केमिकल इम्बेलेंस)
- मस्तिष्क की चोट (ब्रेन इंजरी)
- गर्भावस्था के दौरान वायरस और जहरीले रसायनों के संपर्क में आना
- शराब और ड्रग्स का उपयोग
- कैंसर जैसी गंभीर समस्या होना
- अकेलापन महसूस होना

## अन्य मानसिक स्वास्थ्य इलाज

**मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए कुछ इलाज का भी सहारा लिया जा सकता है, जिसमें ये शामिल हैं:**

### 1. मनोचिकित्सा

मानसिक स्वास्थ्य के इलाज के लिए मनोचिकित्सक की मदद लेना एक अच्छा उपाय है। मनोचिकित्सक के द्वारा दी जाने वाली थेरेपी से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इस बात की जानकारी एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित मेडिकल रिसर्च में भी दी हुई है। व्यक्ति की स्थिति के हिसाब से मनोचिकित्सक इन थेरेपी को अपना सकते हैं:
**कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी** – इस थेरेपी में व्यक्ति के बर्ताव और भावनाओं को समझा जाता है और उसी के अनुसार समस्या का समाधान किया जाता है।
**सिस्टमिक थेरेपी** – इस प्रक्रिया के दौरान डॉक्टर एक सिस्टम तैयार करता है, जिसमें रोगी के परिवार के लोगों को शामिल किया जाता है। उसके बाद किसी स्थिति या फिर धारणाओं के बारे में उन्हें चर्चा करने के लिए कहा जाता है। इस थेरेपी से यह समझा जाता है कि सब लोग आपस में किस तरह से संवाद करते हैं। साथ ही परिवार संबंधी विवाद को भी सुलझाया जाता है।
**पर्सन सेंटर्ड थेरेपी** – इस थेरेपी में व्यक्ति के पर्सनल अप्रोच के आधार पर इलाज की प्रक्रिया को निर्धारित किया जाता है।
**चिंता (एंग्जायटी)** – इस इलाज की प्रक्रिया के दौरान ब्रेन केमिस्ट्री में बदलाव किया जाता, जिससे कि अवसाद और सायकोटिक लक्षण में सुधार होता है। यह प्रक्रिया गंभीर अवसाद से गुजर रहे लोगों को ही कराने की सलाह दी जाती है।
ट्रांसक्रेनियल मेग्नेटिक स्टिम्युलेशन– इस थेरेपी के माध्यम से मस्तिष्क के नर्व सेल्स को उत्तेजित किया जाता है, जिससे अवसाद के लक्षण कम हो सकते हैं।

### 2. मेडिकेशन (दवाइयां)

मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए कई दवाइयों का भी उपयोग किया जा सकता है। डॉक्टर व्यक्ति की परेशानी को समझकर उसे दवा बताते हैं।

## कैसे बेहतर बनाए रखें

### 1. व्यायाम (एक्सरसाइज)

मानसिक स्वास्थ्य के उपाय के तौर पर व्यायाम कर सकते हैं। दरअसल, व्यायाम के दौरान होने वाली शारीरिक गतिविधि से तनाव और अवसाद कम होता है। साथ ही यह मूड में सुधार करने का भी काम कर सकता है। इसलिए, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम करना जरूरी है।

### 2. मेडिटेशन

यह मन और शरीर का अभ्यास होता है, जिसे ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। मेडिटेशन के कई तरीके होते हैं, जिसे दिनचर्या में शामिल किया जा सकता है। इनमें माइंडफुलनेस मेडिटेशन और ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन भी शामिल हैं। ये दोनों ध्यान करने की तकनीक हैं, जिनके माध्यम से मन को शांत रखा जा सकता है।

### 3. रिलैक्सेशन तकनीक

रिलैक्सेशन एक्सरसाइज के माध्यम से पूरे शरीर को आराम दिया जा सकता है। इस तकनीक के मदद से रक्तचाप और मांसपेशियों में तनाव व मानसिक तनाव को कम करने में सहायता मिल सकती है। इससे मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर हो सकता है।

### 4. लिखना (राइटिंग)

कई सारी चीजों को दिमाग में रखने से टेंशन हो सकती है। इससे मानसिक स्वास्थ्य धीरे-धीरे बिगड़ते जाता है। ऐसे में लेखन की मदद से चीजों को दिमाग से निकालने से मन को हल्का महसूस हो सकता है। इससे मूड बेहतर करने में भी सहायता मिल सकती है।

### 5. टाइम मैनेजमेंट स्ट्रेटेजीज

एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित वैज्ञानिक परीक्षण में मानसिक स्वास्थ्य के लिए टाइम मैनेजमेंट ट्रेनिंग को प्रभावी बताया गया है। टाइम मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी चिंता, अवसाद, नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ ही नकारात्मक भावनाओं से बचाने का काम कर सकता है। इस ट्रेनिंग के दौरान यह खास ध्यान दिया जाता है कि व्यक्ति का ध्यान परेशान करने वाली बातों में न जाए और उसका दिमाग किसी-न-किसी कार्य में व्यस्त रहे।

### 6. अरोमाथेरेपी (लैवेंडर तेल)

अरोमाथेरेपी की मदद से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इस बात की पुष्टि के लिए हुए वैज्ञानिक रिसर्च में दिया है कि लैवेंडर का तेल कई न्यूरोलॉजिकल (मस्तिष्क से संबंधित) विकारों के उपचार में प्रभावी औषधि का काम करता है। इससे चिंता, तनाव और अवसाद सभी को कम किया जा सकता है।



### 7. कैनाबिडियोल ऑयल

एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित रिसर्च पेपर से मिली जानकारी के अनुसार, कैनाबिडियोल ऑयल के इस्तेमाल से चिंता की समस्या कम हो सकती है। साथ ही इस तेल के उपयोग से नींद की गुणवत्ता में भी सुधार हो सकता है। इसी वजह से माना जाता है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में यह तेल अच्छी भूमिका निभाता है।

### 8. हर्बल टी (कैमोमाइल टी)

मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए कैमोमाइल को लेकर कई शोध किए गए है। उन परीक्षणों से पता चलता है कि कैमोमाइल टी में एंटी-डिप्रेसेंट और एंटी एंग्जायटी प्रभाव होते हैं। इन दोनों गतिविधियों के कारण अवसाद और चिंता की समस्या दूर रहती है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।

### 9. ओमेगा -3 फैटी एसिड

ओमेगा -3 फैटी एसिड मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। इस बात को प्रमाणित करने के लिए किए गए अध्ययन में दिया हुआ है कि ओमेगा -3 फैटी एसिड अवसाद और सिजोफ्रेनिया की समस्या को कम करने का काम कर सकता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य को लाभ मिलता है।

### 10. माका रूट

माका रूट का उपयोग भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जा सकता है। वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार, माका रूट में एंटी-डिप्रेसेंट गतिविधि होती है। इसके कारण अवसाद से राहत मिल सकती है। साथ ही मूड को बेहतर और चिंता को कम करने में भी यह प्रभावी हो सकता है।

### 11. वेलेरियन

वेलेरियन एक तरह का औषधीय पौधा है, जिसे मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। दरअसल, नींद ठीक तरह से पूरी न होने से मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। ऐसे में वेलेरियन नींद का समय और गुणवत्ता में सुधार करने का काम कर सकता है। इसी वजह से वेलेरियन को मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना गया है।

### 12. दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने में दोस्तों और परिवार के सदस्यों की भी अहम भूमिका होती है। सोशल सपोर्ट और लोगों से मजबूत रिश्ता होने पर इंसान अपने मन की सारी बातें खुलकर एक दूसरे से एक कर सकता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रह सकता है। साथ ही तनाव, चिंता जैसे मानसिक विकार दूर रहते हैं।


### 13. पेट्स के साथ समय बिताना

मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेट्स थेरेपी को भी आजमाया जा सकता है। एनसीबीआई की वेबसाइट पर पब्लिश वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार, पेट्स मूड को अच्छा करने का काम कर सकते हैं। इससे व्यक्ति को सकारात्मक तरीके से सोचने में भी मदद मिल सकती है।

## मानसिक स्वास्थ्य का निदान

***मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए डॉक्टर कई तरह के टेस्ट कर सकते हैं। इन परीक्षणों में ये शामिल हैं:***

**व्यक्ति की मेडिकल हिस्ट्री** – मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए डॉक्टर पहले मरीज की मेडिकल हिस्ट्री यानी पुरानी बीमारियों और उसके द्वारा ली जा रही दवाओं की जानकारी लेते हैं।
**शारीरिक परीक्षण और लैब टेस्ट** – मेडिकल हिस्ट्री के बारे में जानने के बाद अगर विशेषज्ञ को लगेगा कि किसी बीमारी के कारण मानसिक समस्या हो रही है, तो डॉक्टर शारीरिक परीक्षण कर सकते हैं। उसके बाद जरूरी लैब टेस्ट का सुझाव देते हैं।
**मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन (साइकोलॉजिकल इवेलुएशन)** – इस निदान के दौरान विशेषज्ञ व्यक्ति से उसकी सोच, भावनाओं और व्यवहार से जुड़े सवाल करते हैं। फिर उन सवालों के जवाब के आधार पर इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि व्यक्ति मानसिक समस्या से जूझ रहा है या नहीं।



### मानसिक स्वास्थ्य के लिए आहार


मानसिक स्वास्थ्य पर खानपान का काफी असर पड़ता है। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और इससे जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए सही आहार खाना और गलत खानपान से परहेज करना जरूरी है। इन आहार के बारे में हम नीचे दो भाग में जानकारी दे रहे हैं।

### क्या खाना चाहिए

- ओमेगा -3 फैटी एसिड से समृद्ध खाद्य पदार्थ, जैसे – मछली और मांस।
- अमीनो एसिड, मिनरल्स और बी विटामिन्स से भरपूर खाद्य पदार्थ को आहार में शामिल करें। जैसे कि साबुत अनाज, अंडा, दही, बीन्स, हरी पत्ते वाली
- सब्जियां और मकई।
- सभी तरह के फल।
- फोलिक एसिड युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए केल, बीन्स और फलियां जैसे सब्जियां आदि का सेवन कर सकते हैं।
- मस्तिष्क स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए, फलियां, पत्तेदार सब्जी, जैतून का तेल (मोनोअनसैचुरेटेड फैट), दही, नट्स का सेवन करना भी अच्छा माना जाता है।

### क्या नहीं खाना चाहिए

- फास्ट फूड के सेवन से बचना चाहिए।
- अधिक तले हुए और मसालेदार खाद्य पदार्थ का सेवन न करें।
- शराब और सिगरेट न पिएं।
- मिठाई, कुकीज, स्नैक्स से परहेज करें।



# पूरे मैदान में घूमे, बल्ला हवा में घुमाया... ऐसा था सरफराज का शतक सेलिब्रेशन

बेंगलुरु (ईएमएस)। सरफराज खान... भारतीय क्रिकेट यह एक ऐसा नाम है, जिन्हें फैंस बेसब्री से टेस्ट में खेलते हुए देखना चाहते थे। इसकी वजह थी घरेलू क्रिकेट में उनका दमदार प्रदर्शन। घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद भी सरफराज को नजरअंदाज किया जा रहा था। लेकिन सरफराज भी अड़े रहे। हौसला बनाए रखा। उनकी सालों की मेहनत अब रंग लाई। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला। डेब्यू सीरीज में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं अब सरफराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ दिया। भारत के लिए खेलते हुए शतक जड़ना सिर्फ सरफराज का ही सपना नहीं था बल्कि पूरे खान परिवार का सपना था। उनके पिता नौशाद खान ने अपने दोनों बच्चों (सरफराज और मुशीर खान) को भारत के लिए खिलाने का सपना देखा था। इसके लिए उन्होंने मेहनत भी काफी की। सुबह उठकर बच्चों को मैदान लेकर जाना और आर्मी जैसी ट्रेनिंग कराना। जहां सरफराज भारत के लिए खेल रहे हैं, वहीं छोटे भाई मुशीर घरेलू क्रिकेट में तपकर तैयार हो रहे हैं। जब शतक जड़ने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सरफराज ने सेलिब्रेट किया। सरफराज का यह सेलिब्रेशन कुछ खास रहा था। सरफराज ने 110 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। अपनी सेंचुरी उन्होंने चौके के साथ पूरी की। शतक लगाने के बाद सरफराज खुशी से झूम उठे और भागने लगे। उन्होंने भागते-भागते जोर से अपना बल्ला हवा में घुमाया और सेलिब्रेट किया। उनके सेलिब्रेशन में एक अलग सी खुशी थी। ऐसा लग रहा था कि वे अपने पिता से कह रहे हों कि जैसे पापा मैंने कर दिखाया...सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में तमाम शतक लगाए हैं। लेकिन यह उनका पहला इंटरनेशनल शतक था। इसलिए यह पल उनके लिए सबसे ज्यादा खास था, जिसको उन्होंने अच्छे से सेलिब्रेट किया। बता दें कि सरफराज ने शतक तक पहुंचने के लिए अपनी पारी में 13 चौके और 3 छक्के लगाए थे। जब सरफराज बल्लेबाजी करने आए थे। तब बोर्ड कीवी टीम के पास बड़ी लीड थी। रोहित शर्मा आउट हो चुके थे। उन्हें मुश्किल पिच पर विराट कोहली के साथ साझेदारी करनी थी।



### सरफराज ने पिच पर कूद-कूदकर पंत को आउट होने से बचाया

भारत-न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के चौथे दिन मैदान पर तब अजीबोगरीब माहौल बन गया, जब ऋषभ पंत रन आउट होने से बाल-बाल बच गए। पहली पारी में 46 रन पर सिमटने के बाद टीम के लिए पंत और सरफराज खान तेजी से रन बना रहे थे जबकि कीवी टीम साझेदारी को तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थी। इस बीच मेहमानों के पास पंत को आउट करने का सुनहरा मौका था, लेकिन सरफराज के एनिमेटेड हस्तक्षेप से ऐसा नहीं हो सका। दरअसल, मैट हेनरी की गेंद खेलने के बाद सरफराज ने एक रन लिया लेकिन पंत शायद दूसरा रन लेना चाहते थे। सरफराज ने खतरा देखकर फौरन पंत को मना किया। मगर पंत बॉल की ओर देख रहे थे, इसके बाद सरफराज पिच पर कूद-कूदकर पंत को न भागने के लिए मनाने लगे। सरफराज का कूदना देखकर ड्रेसिंग रूम में बैठे विराट कोहली, रोहित शर्मा सहित पूरी भारतीय टीम खुद को हंसने से रोक नहीं सकी। पंत भाग्यशाली रहे कि डेरिल मिचेल स्टंप्स से काफी आगे थे जबकि थ्रो स्टंप्स पर नहीं लगा। कमेंटेटर रवि शास्त्री ने मजे लेकर कहा, सरफराज यहां रेन डांस कर रहे हैं..। इस बीच सरफराज ने चौथ दिन की सुबह अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने केवल 110 गेंदों में इस उपलब्धि को हासिल किया। टिम साउदी की गेंद पर बैकफुट से कवर्स की ओर शानदार पंच पर चौके से सरफराज ने अपना शतक पूरा किया था। सरफराज ने खुशी से दहाड़ते अपना बल्ला भारतीय ड्रेसिंग रूम की ओर दिखाते हुए नजर आए। इस तरह वह टेस्ट इतिहास में एक ही टेस्ट में शून्य और शतक बनाने वाले 22वें भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके पहले रचिन रविंद्र के शानदार शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 356 रन की बड़ी बढ़त ले ली थी हालांकि, भारत ने सरफराज के शतक के साथ मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय टीम लंच तक तीन विकेट खोकर 344 रन बना चुकी है। बारिश के चलते लंच जल्दी लेना पड़ा। न्यूजीलैंड के पास अब सिर्फ 12 रन की ही लीड बची हुई है।



### सरफराज के शतक से खुश नहीं नायर... तिहरा शतक लगाएं

भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर चाहते हैं कि सरफराज खान अपने बेहतरीन घरेलू क्रिकेट के फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाएं। नायर ने कहा कि वे चाहते हैं कि सरफराज बेंगलुरु टेस्ट में तिहरा शतक लगाएं। सरफराज ने टेस्ट मैच के तीसरे दिन 70 रन की तेज पारी के साथ भारत की वापसी की अगुआई की थी, जब न्यूजीलैंड ने भारत को मुश्किल स्थिति में डाल दिया था। इसके बाद उन्होंने चौथे दिन शतक पूरा किया। नायर ने सरफराज के बारे में कहा, हम सरफराज को शतक, दोहरे शतक, शतक और तिहरे शतकों से जोड़ते हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि दिन के अंत में हम घरेलू सरफराज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का धुरंधर खिलाड़ी बनाता हुया देख और तिहरा शतक बनाएंगे। नायर ने कोहली की 70 रनों की पारी की तारीफ कर कहा कि बल्लेबाज का विकेट खेल में बाद में बहुत बड़ा परिणाम दे सकता है। कोहली के बारे में नायर ने कहा, विराट कोहली का फिर से रन बनाना हमेशा अच्छा है। दिन के खेल के अंत की आखिरी गेंद पर आउट होना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम अभी भी बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश कर सकते हैं और उम्मीद है कि हम इस खेल को अंतिम दिन तक ले जाएंगे।

### पिच पर मिल रहा टर्न, अच्छी बढ़त की उम्मीद : कुलदीप

स्पिनर कुलदीप यादव ने टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजों पर भरोसा जताया कि वे दूसरी पारी अच्छी बढ़त हासिल करेंगे ताकि भारतीय स्पिनरों को प्रभाव डालने का मौका मिल सके। भारत ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 231 रन बना थे और अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे था।
कुलदीप ने कहा कि जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो स्पिनरों को कुछ मदद मिल रही थी और उम्मीद है कि हमें पांचवें दिन और स्पिन मिलेगी लेकिन इसके लिए बचाव करने के लिए हमें अच्छे स्कोर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाज के आक्रमण को देखते हुए हम चाहेंगे कि हम लक्ष्य प्रभावी रहे। हम अभी स्कोर की भविष्यवाणी नहीं कर सकते क्योंकि हमें अभी भी बहुत खेलना है।
कुलदीप ने उम्मीद जताई थी कि 70 रन पर खेल रहे सरफराज खान स्कोर को बढ़ाते हुए इसे बड़े स्कोर में तब्दील करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी ने उनका प्रदर्शन देखा, उन्होंने ईरानी ट्रॉफी के दौरान 200 रन बनाए। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह यहां एक और शतक बनाएंगे। वह जब तक रन बनते रहेंगे हम उतने ही मजबूत होंगे। कुलदीप ने कहा कि हालांकि वह स्पिनरों के खिलाफ अच्छी तकनीक से खेलते हैं। जिस तरह से वह बाएं हाथ के स्पिनरों का सामना करते हैं, उन्होंने न्यूजीलैंड को तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी कराने पर मजबूर कर दिया है।

### मांजरेकर ने क्यों सरफराज को बताया जावेद मियांदाद

संजय मांजरेकर ने सरफराज खान की तारीफ कर उनकी तुलना दिग्गज पाकिस्तानी बल्लेबाज जावेद मियांदाद से की। सरफराज न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में मैट हेनरी द्वारा तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में अपनी गलती सुधारकर चौथे दिन शतक लगाया। इतना ही नहीं सरफराज ने विराट कोहली के साथ 136 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने तीसरे दिन के खेल के अंत में आउट होने से पहले 70 रन बनाए। मांजरेकर ने कहा कि सरफराज की पारी ने उन्हें मियांदाद की याद दिला दी जिन्होंने पाकिस्तान के लिए 124 टेस्ट मैचों में 23 शतक और 43 अर्द्धशतक के साथ 8832 रन बनाए। मांजरेकर ने कहा, वे (सरफराज) मुझे 1980 के दशक के मियांदाद की याद दिलाता है, लेकिन यह 2024 का मियांदाद है। जिस तरह से सरफाराज ने खेला, उससे मैं वाकई प्रभावित हूं। हम जानते हैं कि वह स्पिन को अच्छी तरह खेलता है, लेकिन मुझे उसका तेज गेंदबाजों को खेलने का तरीका पसंद आया। मांजरेकर ने सरफराज की अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपना विकेट बचाए रखने की कोशिश करने के लिए भी प्रशंसा की। मांजरेकर ने कहा, दिन के खेल के अंत में जब वह रक्षात्मक रूप से खेलना चाह रहा था और खराब रोशनी चाहता था, जबकि वास्तव में तेज रोशनी थी। मुझे वह तरीका पसंद आया जिस तरह से वह बाउंसरों पर झुक रहा था, बस दिन को खेलने की कोशिश कर रहा था, इसलिए वह खेल भी खेल सकता है और यह भारत और सरफराज खान के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि उसने बल्लेबाजी का वह तत्व भी दिखाया है।

## शॉ रन बनाए ना बनाए, उनका बल्ला शतक ठोंक रहा..... आयुष म्हात्रे ने बताया

मुंबई (ईएमएस)। युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के पहले प्रथम श्रेणी शतक और गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर गत चैम्पियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन महाराष्ट्र पर दबाव बना दिया। 17 साल के म्हात्रे ने अपने तीसरे ही मैच में नाबाद 127 रन बना लिए हैं।उन्होंने 163 गेंदों की अपनी पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए। मुंबई ने पहले दिन के आखिर में 3 विकेट पर 220 रन बनाए। टीम के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके पृथ्वी शॉ को कौन नहीं जानता। हालांकि निरंतरता के साथ रन नहीं बनाने के कारण शॉ टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की नहीं कर सके। हालांकि शॉ रन बनाए या ना बनाए। उनका बल्ला चल रहा है। जी हां, जिस बल्ले से म्हात्रे ने रणजी ट्रॉफी में अपनी पहली सेंचुरी ठोकी है। बता दें कि आयुष सरफराज के भाई मुशीर खान की जगह खेल रहे हैं। बता दें कि शॉ भी इस मैच में खेल रहे हैं। आयुष ने पृथ्वी के साथ ओपनिंग की। लेकिन भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान रह चुके शॉ सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए।
रणजी ट्रॉफी में ओपनिंग करते हुए शतक जड़ने वाले आयुष 12वीं क्लास के छात्र हैं। उन्हें 5 साल की उम्र से ही क्रिकेट में इंट्रस्ट था। आयुष ने इसका खुलासा खुद किया कि उन्होंने पृथ्वी शॉ से बैट मांगा था और शॉ ने उन्हें बैट दे दिया।
टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली महाराष्ट्र की टीम पहली पारी में 126 रन पर आउट हो गई। स्पिनर शम्स मुलानी ने 6.4 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिये। मोहित अवस्थी को तीन और रॉयस्टोन डायस तथा शार्दुल ठाकुर को दो दो विकेट मिले। महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ दो रन बनाकर आउट हो गए। निखिल नाईक ने 38 और अजीम काजी ने 36 रन बनाये। मुंबई ने पृथ्वी साव (01) और हार्दिक तामोर (04) के अलावा अजिंक्य रहाणे (31) के विकेट गंवाये। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 45 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## शाकिब अल हसन की जगह मुराद को मिला मौका

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की जगह स्पिनर हसन मुराद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौका दिया है। यह टेस्ट मैच 21 अक्टूबर से शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। 23 वर्षीय मुराद ने 2021 में डेब्यू के बाद से 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट झटके हैं। बीसीबी राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, हमें बताया गया है कि शाकिब पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह अपने टेस्ट करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं, लेकिन शाकिब के अनुभव के साथ-साथ, हमारे पास अभी भी बल्ले और गेंद दोनों से उनकी जगह लेने के लिए उस क्षमता वाला कोई खिलाड़ी नहीं है। हालांकि, हसन मुराद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे हमारे सिस्टम में हैं। हमारा मानना है कि उनमें इस स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। शाकिब ने बांग्लादेश लौटने से बचने के अपने फैसले के पीछे सुरक्षा मुद्दे का हवाला दिया। हसीना सरकार में विधायक रहे ऑलराउंडर को बांग्लादेश के समयानुसार शाम 5 बजे दुबई से ढाका जाने वाली फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन वह किसी कारण इस फ्लाइट में सवार नहीं हुए। क्रिकेटर के करीबी ने पुष्टि कर बताया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब से उड़ान रद्द करने का आग्रह किया और उन्हें अमेरिका लौटने को कहा। शाकिब ने बताया, मुझे घर लौटना था... लेकिन अब मुझे नहीं लगता कि मैं लौट पाऊंगा। यह सुरक्षा का मुद्दा है, मेरी अपनी सुरक्षा का मामला है।
बांग्लादेश टीम : नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, मोमिनुल हक शौराब, मुशफिकुर रहीम, लिट्टन दास (विकेटकीपर), जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, हसन मुराद।

## चामिका करुणारत्ने की जगह ऑलराउंडर चामिंडू टीम में शामिल

पल्लेकल (ईएमएस) । चामिका करुणारत्ने की जगह तेज गेंदबाज ऑलराउंडर चामिंडू विक्रमसिंघे को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका ने स्पिन आक्रमण में जेफरी वेंडरसे को भी शामिल किया है जिसकी अगुआई महेश थीक्षाना और वानिंदू हसरंगा करेंगे। वेंडरसे और वेलालेज अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेंगे। विक्रमसिंघे को पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई टीम में शामिल किया गया था लेकिन जब स्पिन के अनुकूल सतहें आम हो गईं, तो उनकी जगह डुनिथ वेलालेज को शामिल किया गया। तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शिराज ने अपनी जगह बरकरार रखी है। इस बीच दिलशान मदुशंका चोट के कारण वेस्टइंडीज टी20आई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद वापस लौटे हैं। हालांकि, वेस्टइंडीज के खिलाफ तीनों टी20आई खेलने वाले युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा गया है। असिथा फर्नांडो तेज गेंदबाजी आक्रमण को पूरा करेंगे। श्रीलंका की बल्लेबाजी इकाई हाल के मैचों से अपरिवर्तित है, जिसमें कप्तान चरिथ असलांका टीम की अगुआई कर रहे हैं। टीम में अनुभवी खिलाड़ी अविष्का फर्नांडो, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा शामिल हैं जबकि कामिंडु मेंडिस, जनिथ लियानागे और निशान मदुश्का जैसे खिलाड़ी गहराई और बहुमुखी प्रतिभा जोड़ते हैं। तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 20 अक्टूबर से शुरू होगी, जिसके सभी खेल पल्लेकेले में खेले जाएंगे।
श्रीलंका वनडे टीम में चैरिथ असलांका (कप्तान), अविष्का फर्नांडो, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चामिंडु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मोहम्मद शिराज को शामिल किया गया है। ये टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेलेंगी।

## बीसीबी ने प्रमुख कोच हथरुसिंघे को पद से हटाया

ढाका (ईएमएस) । खिलाडी के साथ मारपीट और कदाचार के आरोप में दो दिन पहले हुए निलंबन के बाद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम के प्रमुख कोच चंडिका हथरुसिंघे को पद से हटा दिया है। यह निलंबन मैदान पर मौजूद उनके व्यवहार और रोजगार शर्तों के उल्लंघन के आधार पर किया गया है। चंडिका के स्थान पर फिल सिमंस को फरवरी 2025 में होने वाली आगामी चैंपियंस ट्रॉफी तक टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया गया है। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने कहा कि हथुरुसिंघे ने बंगलादेश के एक क्रिकेटर के साथ मारपीट की और अपने अनुबंध में उल्लेखित से अधिक छुट्टियां लीं। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कदाचार के दो मामलों पर स्पष्टीकरण मांगा था। हथुरुसिंघे ने अगले दिन प्रतिक्रिया दी जिसके बाद गुरुवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाई गई। बीसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा, ‘सभी कारकों पर विचार करने के बाद बोर्ड ने हथुरूसिंघे के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और अस्वीकार्य माना। उनकी बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होती है। बंगलादेश के कोच के रूप में हथुरुसिंघे का दूसरा कार्यकाल समाप्त हो गया। उनका अनुबंध जनवरी 2025 तक था।



जर्मनी के डॉर्टमंड में बोरूसिया डॉर्टमंड और एफसी सेंट पॉली के बीच जर्मन फर्स्ट डिवीजन बुंडेसलीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद पास करते बोरूसिया डॉर्टमंड के सेरहो गुइरासी (दाएं)।

## हैडिन और गोंजाल्विस ही रहेंगे पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल के अलगे सत्र की तैयारी में लगी पंजाब किंग्स ने अपने पुराने सहयोगी कोचिंग स्टाफ को बनाये रखा है। पंजाब ने बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच ब्रैड हैडिन और ट्रेवर गोंजाल्विस व अपने स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी, को आगामी सत्र के लिए बनाये रखा है। केवल एक बदलाव के तौर पर तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स टीम से जुड़ेंगे। पंजाब ने गत माह ही रिकी पोंटिग को मुख्य कोच बनाया था। पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स में मुख्य कोच रहते हुए होप्स की सेवाएं ली थीं। बेलिस पिछले साल मुख्य कोच थे और संजय बांगड़ क्रिकेट डेवलपमेंट प्रमुख थे पर अब ये दोनो ही कोचिंग स्टाफ में शामिल नहीं हैं। टीम को इस बार पोंटिंग के आने से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। पोंटिंग को चार साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया है। पंजाब की टीम आज तक कभी भी आईपीएल नहीं जीती है। टीम एकमात्र बार 2014 में फाइनल में पहुंची थी। पिछले सात चरण में टीम शीर्ष पांच में भी नहीं पहुंच पायी थी । इस साल की शुरुआत में 10 टीमों में नौवें स्थान पर रही थी।



जिनचेंगजियांग, दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र में टूर ऑफ़ गुआंग्शी/यूसीआई वर्ल्ड टूर के चौथे चरण के दौरान फिनिश लाइन पार करने के बाद जश्न मनाते इज़राइल-प्रीमियर टेक के स्टेज विजेता एथन वर्नोन ।

## रुतुराज ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कर सकते हैं कप्तानी, 31 अक्टूबर को पहला, दूसरा मैच 7 नवंबर को खेला जाएगा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर सकते हैं जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन के शामिल होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेलेंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश करेगा। ईश्वरन ने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक लगाने के साथ ही उनके बल्ले से शतकों की बरसात होने लगी। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मौका माना जा सकता है।
देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन की पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। युवा बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है।
अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प हो सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय मैच का पहला मैच 31 अक्टूबर को मैके में खेला जाएगा। दूसरा मैच 7 नवंबर को मेलबर्न में होगा।
ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए संभावित भारत ए टीम : रुतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), ईशान किशन (विकेट कीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, यश दयाल।

## एक ही ओवर में लगातार लिए पांच विकेट, पार्कर ने किया कारनामा

नई दिल्ली (ईएमएस) । क्रिकेट मैच के दौरान एक ही ओवर में पांच लगातार गेंद पर पांच विकेट लेते गेंदबाज के बारे में आपने कभी नहीं सुना होगा। आस्ट्रेलिया में 116 साल के क्रिकेट इतिहास में ये पहली बार देखने को मिला, जब ग्लेन पार्कर नाम के गेंदबाज ने ये कारनामा कर दिखाया।
विक्टोरियन सब-डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन में गेंदबाज ग्लेन पार्कर ब्राइटन के लिए खेल रहे थे और सामने थी हूपर्स क्रॉसिंग की टीम । शुरुआती ओवर्स से ब्राइटन के गेंदबाजो की जमकर पिटाई हो रही थी तभी वो हुआ जो अकल्पनीय था ।ब्राइटन टीम के कप्तान पैट कैसेडी ने गेंदबाजी के लिए ग्लेन पार्कर को बुलाया। ग्लेन पार्कर ने एक ही ओवर में, लगातार पांच गेंदों में अविश्वसनीय रूप से पांच विकेट लिए । ये इतिहास रचने के बाद ग्लेन पार्कर से जब पुछा गया कि उन्होंने क्या खास किया तो पार्कर ने कहा कि वो सही जगह गेंद को गिरा रहे थे और बाकी बल्लेबाजी लगातार उनको गलत लाइन में खेलते चले गए ।ये क्रिकेट इतिहास की पहली ट्रिपल हैट्रिक थी आज तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इससे पहले ये कारनामा नही हुआ था। मैच की पहली गेंद पर बल्लेबाज कैच हुआ बाकी दो बल्लेबाज बोल्ड और दो एलबीडब्ल्यू आउट हए । गेंदबाजी के लिए वैसे भी आस्ट्रेलिया स्वर्ग माना जाता रहा है और ऐसे में फर्स्ट क्लास क्रिकेट के कुछ अनोखे रिकार्ड कंगारू गेंदबाजो के नाम अगर नजर आए तो चौंकिएगा मत। 2017 में येलोर्न नॉर्थ के निक गुडेन ने सेंट्रल गिप्सलैंड प्रतियोगिता में लैट्रोब के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी । निक गुडेन की जो बात उनकी ट्रिपल हैट्रिक को और भी खास बनाती है, वह यह है कि उन्होंने अपने पिछले स्पैल में 10 गेंदों के तूफानी स्पैल में आठ विकेट लेकर पहले ही हैट्रिक ले ली थी।
टिम वॉल नाम के गेंदबाज के खाते में एक बड़ा रिकार्ड है, जिन्होंने 1933 में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ शील्ड मैच में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी 10 विकेट लिए थे। वॉल ने 12.4 ओवरों में 26 रन देकर एक हैट्रिक समेत सभी 10 विकेट लिए इसमें महान डोनाल्ड ब्रैडमैन का विकेट भी शामिल था। पांच लगातार गेंदो पर पांच विकेट लेने का रिकार्ड भले ही ग्लेन पार्करके नाम हो पर इससे पहले एक ओवर में पांच विकेट लेने का कारनामा किया जा चुका है। वैलिंगटन के मैदान पर न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने ये कारनामा अंजाम दिया था । बस फर्क इतना था कि ये पांच विकेट लगातार गेंद पर नहीं थे। 6 अप्रैल 2011 में वेलिंगटन के खिलाफ मुकाबले में शुरुआती चार गेंदों पर चार विकेट हासिल किए। इस ओवर की छठी गेंद पर भी उन्हें विकेट मिला और इस तरह उन्होंने एक ओवर में पांच विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।
इस मैच में उन्होंने 36 रन देकर 6 विकेट हासिल किए थे। नील वैगनर ने जिन खिलाड़ियों को एक ओवर में पवेलियन की राह दिखाई, उनमें स्टीवर्ट रोड्स, जो ऑस्टिन स्मेली, जीतन पटेल, तुगागा और मार्क गिलेस्पी शामिल रहे।

# आज फाइनल में भिड़ेंगे न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीका, महिला टी20 वर्ल्ड कप में बनेगा इतिहास


नई दिल्ली,(ईएमएस)। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच महिला टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 20 अक्टूबर यानी रविवार को खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम पहली बार वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचेगी। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर 14 साल बाद फाइनल में पहुंची है। वहीं साउथ अफ्रीका टीम लगातार दूसरी बार विश्व कप के खिताबी मुकाबला खेलेगी। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को हराया वहीं साउथ अफ्रीका ने मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया था। दोनों टीमों में से कोई भी टीम अभी तक यह टूर्नामेंट नहीं जीत सकी है। जो टीम इसे जीतेगी उसके नाम पहली बार टी20 विश्व कप ट्रॉफी होगी। भारतीय समय के मुताबिक यह मैच शाम 7:30 बजे दुबई में खेला जाएगा।
3 अक्टूबर को महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज हुआ था जिसमें कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कई मैचों का फैसला आखिरी ओवर में हुआ। हालांकि खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की हार टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर थी। साल 2009 के बाद पहली बार विश्व कप फाइनल ऑस्ट्रेलिया के बगैर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया टीम सबसे ज्यादा 6 बार यह ट्रॉफी अपने नाम कर चुकी है। वहीं फाइनल में पहुंची साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड में ना तो उनकी पुरुष टीम और ना ही महिला टीम इस ट्रॉफी को अभी तक जीत सकी है।
न्यूजीलैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप में उतरने से पहले इस टीम ने साल 2024 में खेले 13 टी20 मैचों में से सिर्फ एक मैच जीता था। इसके बाद विश्व कप में उसने जो प्रदर्शन किए उससे फैंस भी हैरान है। अब यह टीम खिताब से एक कदम की दूरी पर है।
साउथ अफ्रीका को ‘चोकर्स’ कहा जाता है, क्योंकि यह टीम बड़े मुकाबलों में हार जाती है। पुरुष और महिला टीम पर यह टैग सटीक बैठता है। साउथ अफ्रीकी टीम लगातार दो बार उप विजेता रही है। इसकी पुरुष टीम हाल में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में हार गई थी। हलांकि महिला टीम के पास अब खिताब जीतकर इस मिथक को तोड़ने का बेहतरीन मौका है।

### वेस्टइंडीज को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में पहुंचा

महिला टी-20 विश्वकप 2024 का फाइनल में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। दक्षिण अफ्रीका पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंच चुका है। अब न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज टीम को दूसरे सेमीफाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराकर फाइनल में पहुंचा है। शारजहा के मैदान पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में डिएंड्रा डोटिन के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 128 रन ही बनाने दिए। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के विकेट लगातार गिरते गए। डॉटिन ने आखिर में 22 गेंदों पर 33 रन ठोके लेकिन वह टीम को जीत दिलाने में नाकाफी साबित हुए।
टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड का फैसला गलत साबित हुआ और आधी टीम 98 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर (33) और सूजी बेट्स (26) रन के बाद कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। इस दौरान ब्रूक के बल्ले से 9 गेंदों पर 18 तो इसाबेल ने 14 गेंदों पर 20 रन बनाए और अपनी टीम का स्कोर 128 रन तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए डोटिन ने 4 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट झटके जबकि एफी फ्लेचर ने 2 विकेट लिए।
विंडीज टीम जब मैदान पर उतरी तो सधी शुरूआत की। कप्तान हेले 15 तो क्विना 12 रन बनाए। मध्यक्रम में डॉटिन क्रीज पर टिकी रही। उन्होंने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए और टीम को संभाला। 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही टीम की हालत खराब हो गई। इस दौरान फ्लेचर (17) और जेडा जेम्स (14) ने 21 रनों की पार्टनरशिप की लेकिन जेम्स की विकेट गिरते ही विंडीज मैच जीतने से दूर हो गई।
प्लेयर आफ द मैच ईडन कार्सन ने कहा कि मैं वास्तव में भावुक हूं लेकिन मुझे लड़कियों पर गर्व है। जब डिएंड्रा डॉटिन हमें उत्साहित कर रही थी...तो लड़कियों ने विश्वास कर लिया और उसे रोक लिया और हम लाइन पर आ गए। हमें वास्तव में एक और कम स्कोर का बचाव करना था। आज हमने वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने थे, वे एक खतरनाक टीम हैं। हमने देखा कि वेस्टइंडीज ने किस तरह से गेंदबाजी की, उन्होंने थोड़ी अधिक बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंदबाजी की और यह काम कर गई।

# सोना एक हफ्ते में 2,580 रुपए महंगा, दिवाली तक 80,000 तक पहुंचेगा, जून 2025 तक सोना 85,000 के आंकड़े को छूने की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले एक हफ्ते में सोना 2,580 रुपए महंगा हो चुका है और अब इसकी कीमत 77,410 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिवाली तक सोने का दाम 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। इसके अलावा जून 2025 तक सोना 85,000 रुपए के आंकड़े को छूने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी के चलते सोने की मांग में तेजी आई है, जिससे इसकी कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। मोडिटी विश्लेषकों का अनुमान है कि अगले साल जून तक सोने की कीमत 85,000 रुपए तक जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना पहली बार 2,700 डॉलर प्रति आउंस से ऊपर निकल गया है। आईबीजेए (इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन) के आंकड़ों के मुताबिक इस साल सोने की कीमत में अब तक 14,164 रुपए का इजाफा हुआ है और पिछले 12 महीनों में 18,127 रुपए की वृद्धि देखी गई है। यानी कि एक साल में सोने का रिटर्न 30.6 फीसदी रहा है, जबकि इसी अवधि में सेंसेक्स का रिटर्न 22.27 फीसदी था। विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा हालात को देखते हुए सोने की कीमतों में तेजी के रुकने के आसार कम हैं। ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी इसकी बड़ी वजह मानी जा रही है। भारत में भी सोने की मांग में भारी इजाफा हुआ है। 2018-19 से लेकर 2023-24 तक, देश में सोने का आयात 45 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है। अनुमान है कि दिवाली से पहले सोने की कीमत 80,000 रुपए तक पहुंच सकती है, और जून 2025 तक यह 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक हो सकता है। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आएंगे, और 7 नवंबर को अमेरिकी केंद्रीय बैंक दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यदि डोनाल्ड ट्रंप जीतते हैं, तो अनिश्चितता बढ़ेगी, जिससे सोना और महंगा हो सकता है।



## शेयर बाजार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट रही

मुंबई (ईएमएस)। विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में बिकवाली और उम्मीद से कम दूसरी तिमाही के नतीजों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट देखी गई। जिस वजह से शुक्रवार को सेंसेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी 0.44 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सेंसेक्स हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 81,697 पर खुला और 591.69 अंक उछलकर 81,973.05 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 94 अंक मजबूत होकर एक बार फिर 25000 के पार खुला और 163.70 अंक मजबूत होकर 25,127.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। इस दौरान दिन के ऊपरी स्तरों से बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली के कारण ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 600 अंकों तक नीचे फिसल गया और 152.93 अंकों की गिरावट के साथ 81,667.19 पर बंद हुआ। निफ्टी भी कमजोर होकर 25100 के नीचे खुला और 70.60 अंकों की गिरावट के साथ 25,057.35 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दौर देखा गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 240.75 अंक गिरकर 81,579.37 अंक पर खुला और 318.76 टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 62.7 अंक गिरकर 24,994.65 अंक पर खुला और 86.05 अंक फिसलकर 25000 के नीचे पहुंच गया और 24,971.30 पर बंद हुआ।

# वित्त मंत्री ने मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक मंत्री से व्यापार एवं निवेश बढ़ाने पर चर्चा की

मैक्सिको सिटी (ईएमएस)। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक ऋण मंत्री डॉ. रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार एवं निवेश बढ़ाने पर चर्चा की। सीतारमण ने डॉ डे ला ओ को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी तथा विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों के अनुसरण में पिछले 6 वर्षों में मैक्सिकन अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत को मैक्सिको सरकार के साथ अपने अनुभव साझा करने तथा भारत के डिजिटल परिवर्तन के आधार पर सहयोग की संभावना तलाशने में खुशी होगी। भारत ने एक अरब से अधिक बैंक खातों, मोबाइल फोन तथा डिजिटल पहचान (आधार), एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)



की नींव का लाभ उठाकर एक नई डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण करने, कमजोर वर्ग के साथ-साथ बड़े समाज को सशक्त बनाने में सफलता प्राप्त की है। डॉ. डे ला ओ ने समग्र रूप से आबादी की मदद करने के लिए मैक्सिकन प्रशासन के आधारभूत स्तंभों को साझा किया। इनमें निम्न आय वाले परिवारों को सहायता, सार्थक बुनियादी ढांचे में विकास, आपूर्ति पक्ष के उपाय शामिल हैं जो राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए अत्यधिक लालफीताशाही से निटपने में मदद करते हैं।श्रीमती सीतारमण ने सभी भारतीयों को बुनियादी सुविधायें कम से कम उपलब्ध कराने के मामले में भारत और मैक्सिको के बीच समानताएं बताईं - जैसे खाद्य सुरक्षा, आवास, बिजली, रसोई गैस, तकनीक-संचालित वित्तीय समावेशन, और आय का पूरक आदि।

उन्होंने लगभग 1,500 पुराने कानूनों और विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 6,000 अनुपालन विनियमों को हटाकर बुनियादी ढांचे से संबंधित खर्च के साथ-साथ व्यापार करने में आसानी पर भारत के निरंतर ध्यान को भी साझा किया। सीतारमण ने भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के माध्यम से इंडिया मैक्सिको के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी का प्रस्ताव रखा और इस बात पर जोर दिया कि युवा नवोन्मेषी और प्रभावी समाधान लाने में सक्षम हैं, और विचारों के ऐसे आदान-प्रदान से दोनों देशों को मदद मिल सकती है।

# धनतेरस पर की गई पूजा और खरीदारी से जीवन में सुख और समृद्धि आती है

**▪ धनतेरस के दिन सोने और चांदी के बर्तन, सिक्के और आभूषण खरीदने की परम्परा रही है**

मुंबई (ईएमएस)। धनतेरस एक ऐसा पर्व है जो हमें धन, स्वास्थ्य और खुशियों का संदेश देता है। इस दिन की गई खरीदारी केवल भौतिक समृद्धि नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक समृद्धि का भी प्रतीक है। धनतेरस पर की गई पूजा और खरीदारी से जीवन में सुख और समृद्धि का संचार होता है, जो हमें और हमारे परिवार को एक नई दिशा में आगे बढ़ाता है। धनतेरस पर खरीदारी करने की परंपरा और मान्यता दोनों हैं।

सदियों से ये रीत चली आ रही है की दिवाली का आरंभ धनतेरस की शॉपिंग से होता है। देवी लक्ष्मी की तरह ही भगवान धन्वंतरि भी सागर मंथन से उत्पन्न हुए हैं। धनवंतरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था इसलिए इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। धनतेरस के दिन सोने और चांदी के बर्तन, सिक्के और आभूषण खरीदने की परम्परा रही है।

सोना सौंदर्य में वृद्धि तो करता ही है, मुश्किल घड़ी में संचित धन के रूप में भी काम आता है। कुछ लोग शगुन के रूप में सोने या चांदी के सिक्के भी खरीदते हैं। यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें 13 गुणा वृद्धि होती है। लोग इस दिन ही दीवाली की रात पूजा करने के लिए लक्ष्मी व गणेश जी की मूर्ति भी खरीदते हैं। धनतेरस पर झाड़ू खरीदने से घर में धन को आकर्षित करने की क्षमता बढ़ती है। इसे अभिजीत मुहूर्त अथवा सूर्यास्त के बाद खरीद कर घर ले आएं। फाइनेंशियल कंडीशन को स्थिर करने हेतु नए झाड़ू पर सफ़ेद रंग का धागा बांधकर उपयोग में लाएं। पुरानी झाड़ू को आधी रात के बाद घर से बाहर निकालें।

लोक मान्यता के अनुसार इस अवसर पर धनिया के बीज खरीद कर भी लोग घर में रखते हैं। ऐसी जनश्रुति है कि इस दिन सूखे धनिया के बीज खरीद कर घर में रखना भी परिवार की धन संपदा में वृद्धि करता है। दीवाली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों या खेतों में बोते हैं। ये बीज उन्नति व धन वृद्धि के प्रतीक होते हैं।

बदलते दौर के साथ लोगों की पसंद और जरूरत भी बदली है। कुछ लोग धनतेरस के दिन विलासिता से भरपूर वस्तुएं खरीदते हैं तो कुछ जरूरत की वस्तुएं खरीद कर धनतेरस का पर्व मनाते हैं। वैश्वीकरण के इस दौर में भी लोग अपनी परम्परा को नहीं भूले हैं और अपने सामर्थ्य के अनुसार यह पर्व मनाते हैं। धनतेरस के दिन वाहन खरीदने का फैशन सा बन गया है। लोग इस दिन गाड़ी खरीदना शुभ मानते हैं। कुछ लोग मोबाइल, कम्प्यूटर और बिजली के उपकरण इत्यादि भी धनतेरस पर ही खरीदते हैं। धनतेरस पर हीरा और चांदी खरीदना शुभ होगा। सोना लेने की इच्छा है तो बिस्कुट अथवा बॉड खरीदें।

## लॉफिंग ज़ोन

मालिक (नौकर से), 'पर तुमने पिछले नौकरी क्यों छोड़ी?'
नौकर, 'परेशानी के कारण।'
मालिक, 'कैसी परेशानी थी तुम्हें?'
नौकर, 'मुझे नहीं, वे लोग मुझसे परेशानी हो गए थे।'

□ □ □

मालिक (नौकर से), 'तुमसे बोला था कि वह पैकेट संजू जी के घर दे आना, गए क्यों नहीं।'
नौकर, 'मालिक गया तो था लेकिन पैकेट देता किसे?' उनके घर के बाहर बोर्ड लिखा था 'सावधान, यहां कुत्ते रहते हैं।'

□ □ □

एक मोटी महिला के इलाज के क्रम में परिक्षण के बाद डाक्टर ने कहा, 'आपके रोग का कारण मोटापा है, इसलिए आपको हमेशा कुछ न कुछ करते रहना चाहिए।'
'करती हूं, डाक्टर साहब। मैं हमेशा आराम करती रहती हूं।' मोटी महिला ने जवाब दिया।

□ □ □

पिता, 'बेटा तुम्हें यह ईनाम किस बात के लिए मिला?'
बेटा, 'वाद-विवाद प्रतियोगिता में एक घंटा बोलने पर।'
पिता, 'विषय क्या था।'
बेटा, 'कम बोलने के फायदे।'

## आज का इतिहास


1587 हुग्यूनो ने कोल्ट्रास (फ्रांस) में कैथोलिक लीग को पराजित किया।
1782 कोपेनहेगन शहर आग से तबाह हो गया।
1805 फ्रांसीसी सैनिकों ने उल्म की लड़ाई में आस्ट्रिया को शिकस्त दी।
1883 पेरू ने एक संधि के तहत अपना कुछ क्षेत्र चिली को दे दिया।
1905 रूस में आम हड़ताल हुई।
1921 फ्रांस और तुर्की में संधि हुई।
1945 अरब लीग का गठन हुआ।
1952 केन्या में आपात स्थिति की घोषणा की गयी।
1960 जैकलिन केनेडी और एसिरस्टाटल ओनासिस का निधन दुर्घटना में हुआ।
1962 भारत पर चीन ने हमला किया।
1977 थाईलैंड में सेना ने सत्ता पर कब्जा किया।
1986 मोजाबिक के राष्ट्रपति समीरा माइकल का निधन विमान दुर्घटना में हुआ।
1989 हंगरी की संसद ने कम्युनिस्ट पार्टी की वर्कर्स मिलिशिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
1992 जापान नरेश अकीहितो चीन यात्रा पर गए।

## प्रसंगत: ज्ञान का अभिमान

नालंदा विश्वविद्यालय का एक होनहार छात्र था कौशल। उसने धर्मशास्त्रों में विशेष योग्यता हासिल की थी, मगर उसे अपने ज्ञान पर अभिमान होने लगा था। नालंदा छोड़ते समय कौशल ने अपने गुरु से कहा, 'गुरुदेव, आपने जो भी ज्ञान मुझे दिया, मैंने उसे श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया परंतु मेरी ज्ञान-पिपासा अभी शांत नहीं हुई है। मैं और अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहता हूं।' उसके गुरु ने उसे पाटलिपुत्र के धर्माचार्य योगी महाराज के आश्रम में जाने को कहा। धर्माचार्य ने जब कौशल से उसके आने का प्रयोजन पूछा तो उसने कहा, 'गुरुदेव! मैं नालंदा से आपके पास और अधिक ज्ञान प्राप्त करने आया हूं। कृपया मुझे अपने शिष्य के रूप में स्वीकार कर लें।' धर्माचार्य कौशल से उसके अध्ययन के बारे में पूछने लगे। कौशल ने कहा, 'मुझे लगभग हर तरह का ज्ञान प्राप्त है, मैंने सभी धर्म ग्रंथों का कई बार अध्ययन किया है। मैंने शास्त्रार्थ में अच्छे-अच्छे विद्वानों को पराजित किया है।' बातचीत के बाद धर्माचार्य ने अपने सहायक को गर्म दूध लाने के लिए कहा। सहायक एक पात्र में दूध तथा दो प्याले रखकर चला गया। धर्माचार्य एक प्याले में दूध डालने लगे। दूध का प्याला भर गया, पर उन्होंने दूध डालना बंद नहीं किया। दूध छलक कर प्याले से बाहर गिरने लगा। धर्माचार्य तब भी दूध डालते गए। कौशल ने हैरत से देखा और कहा, 'गुरुदेव, यह आप क्या कर रहे हैं? दूध का प्याला तो भर चुका है। अब इसमें और दूध नहीं समाएगा।' कौशल की बात सुनकर धर्माचार्य ने दूध डालना बंद कर दिया, फिर मुस्कुराकर बोले, 'वत्स, जिस प्रकार दूध भरने के लिए खाली प्याला चाहिए, उसी प्रकार ज्ञान ग्रहण करने के लिए भी खुला मन आवश्यक है। मन में ग्रहणशीलता होनी चाहिए। तुमने अपने ज्ञान के बारे में अपने मन में अनेक भ्रम एवं पूर्वाग्रह भर रखे हैं। ऐसे में मेरा दिया हुआ अतिरिक्त ज्ञान कहां समाएगा?' कौशल का सारा अभिमान चूर-चूर गया।

## दैनिक पंचांग

**20 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2024 वर्ष का 294 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 06.47 बजे तदनन्तर चतुर्थी 04.18 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 08.32 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 14.12 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 06.47 बजे, बव 17.28 बजे तदनन्तर बालव 04.18 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872138
**जूलियन दिन** 2460603.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 16 **विशेष** करवा चौथ।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.46 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.05 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 10.21 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.26 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.12 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 15.45 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.16 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 18.56 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 20.54 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.07 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | सिंह | 01.23 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.35 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8163



**बाएँ से दाएँ**
1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4


**ऊपर से नीचे**
1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

**शब्द पहेली -8162 का हल**




■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7704



खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 7703 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6648

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 7 | | | 5 | 1 |
| 4 | 31 | | 31 | 2 | 31 | |
| | 5 | | 3 | 1 | 7 | |
| 6 | 31 | 3 | 29 | | 38 | 6 |
| | 3 | | | 6 | | |
| 7 | 31 | 5 | 36 | | 35 | 5 |
| | | 4 | | 7 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6647 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 4 | 23 | 2 | 31 | 2 | 39 | 7 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 33 | 5 | 29 | 3 | 36 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 37 | 3 | 36 | 5 | 29 | 5 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 6008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | 20 | | 30 | | 40 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 52 | | 51 | | 48 | | 36 | = | 13 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 51 | | 94 | | 76 | | 41 | = | 41 / 23 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore


## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 6007**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | - | 91 | + | 15 | - | 7 | = | 11 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 33 | - | 20 | + | 24 | - | 15 | = | 22 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 50 | - | 44 | + | 24 | - | 15 | = | 15 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 39 | + | 56 | - | 2 | - | 35 | = | 58 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 11 | + | 61 | - | 42 | = | 76 / 58 |


## शब्दजाल - 7695



शब्द जाल में उन 10 देशों के नाम हैं जहां मुस्लिम आबादी सर्वाधिक है. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, टर्की, इरान, नाईजीरिया, अल्जीरिया, मोरक्को, इज्पिट.

**शब्दजाल - 7694 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने ओल्ड ऐज होम में मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई



जमशेदपुर । जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डिमना स्थित फुरीदा द्वारा संचालित ओल्ड ऐज होम में रह रहे महिलाओं के बीच ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालने के लिए जागरूक किया और अपील की के लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक मतदाता अपना वोट जरूर दें क्योंकि आपके एक वोट से फर्क पड़ता है आप अपने घर से निकलकर अपने बूथ तक जाकर वोट करें। इस कार्यक्रम में मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान फुर्रिडा के डायरेक्टर भास्कर कुमार साहा ने शपत दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के रिटायर्ड हेडमास्टर रिजवान अहमद अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी हाजी अयूब अली मोहम्मद फिरोज आलम समाजसेवी सैयद मंजर अमीन मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी आफताब आलम मोहम्मद वाहिद आलम मोहम्मद तबरेज ने भी शपथ ली।

## अवैध बालू लदा ट्रक जब्त:बोकारो जिला में दो स्थानों पर कार्रवाई, प्राथमिकी भी दर्ज



बोकारो: बोकारो उपायुक्त के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बालीडीह ओपी के बियाडा (BIADA) पर भारत पेट्रोलियम के सामने अवैध रूप से बालू खनिज का प्रेषण करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जिसे जब्त कर बालीडीह ओपी थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई । साथ ही माराफारी थानांतर्गत सेल मनसा सिंह द्वार के समीप मुख्य पथ पर 01 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते पकड़ा गया। जिसे माराफारी थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## इग्नू अध्ययन केंद्र चतरा कॉलेज चतरा में अब 31 अक्टूबर तक नामांकन की तिथि बढ़ी

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा :- इग्नू अध्ययन केंद्र चतरा कॉलेज चतरा में सत्र जुलाई 2024 हेतु नामांकन जारी है l विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय के माध्यम से स्नातकोत्तर ,स्नातक ,पीजी डिप्लोमा, व अन्य रोजगार परक कार्यक्रम में नामांकन ले सकते हैं नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है l इस विश्वविद्यालय में वैसे विद्यार्थी भी नामांकन ले सकते हैं जो रेगुलर माध्यम से कक्षाएं कर रहे हैं एसटी, एससी समुदाय के विद्यार्थियों के लिए स्नातक जनरल कार्यक्रम मे निशुल्क नामांकन का प्रावधान है l इसके माध्यम से कामकाजी महिलाएं ,नौकरी पैसा कर्मी, योग्यता वर्धन हेतु नामांकन ले सकते हैं l नामांकन लिंक https, /ignouadmission.samarth.edu.in उक्त जानकारी इग्नू के समन्वयक डॉक्टर मुकेश कुमार झा ने दी.

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे उज्जवल कुमार दास



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा: राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर तैयारी अपने जोरों पर है। चतरा जिले के दो विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होना है। चतरा विधानसभा सीट एल जे पी के झोली में गई वहीं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आधिकारिक तौर पर पार्टी हाई कमान द्वारा उज्जवल कुमार दास के नाम की घोषणा कर दी गई है। उज्जवल कुमार दास के नाम की घोषणा होने से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। उज्जवल कुमार दास के प्रत्याशी बनाए जाने पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है पर पार्टी के इस निर्णय पर आभार व्यक्त किया है।

## पहली रोटी गाय की, परंपरा जीवित रखने को अभियान चला रही गोशाला- रागिनी सिंह

झरिया, (धनबाद), बस्ताकोला स्थित श्री झरिया गोशाला की घर की पहली रोटी गाय के नाम कार्यक्रम का आज तीन साल कुछ माह हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी गोशाला पहुंचकर गाय माता को रोटी ओर गुड़ चना खिलाया। इस मौके पर रागिनी ने तुला दान में अपने शरीर के वजन के बराबर गाय का गौ भोजन गौशाला में दान किया। इस दौरान रागिनी सिंह कमिटी के द्वारका प्रसाद गोयनका, मुरलीधर पोद्दार, अनील खेमका, निशांत गोयनका, हरिराम गुप्ता सहित अन्य सदस्यों से मिले। रागिनी सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में परंपरा रही है कि परिवार में बनने वाली पहली रोटी गाय के हिस्से की होती है। बस्ताकोला गोशाला ने इस परंपरा को जीवंत करने की कोशिश की है और वर्तमान में यह एक अभियान का रूप ले चुका है। जब तक जीवित रहेंगे रहेंगे, तब तक गोमाता को सेवा करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग अपने जन्मदिन या दोस्तों को पार्टी मनाने के लिए बड़े-बड़े होटल एवं रेस्टोरेंट में पैसा खर्चा कर चले आते हैं। यही जन्मदिन अगर गोशाला में आकर गो सेवा किया जाए, इससे बड़ा पुण्य कुछ नही होगा। वही पहली रोटी गाय का संस्थापक अनिल खेमका ने कहा कि तीन साल कुछ माह पूरा हो गया है।

## चिरकुंडा नगर परिषद के सुंदर नगर में बीसीसीएल वाटर पंप हाउस से लगभग 20 टन की हुई लोहा चोरी

चिरकुंडा, (धनबाद ), बीती रात चिरकुंडा के सुंदर नगर स्थित बीसीसीएल के वाटर पंप हाउस जो नदी किनारे में मौजूद है। यह पंप हाउस पूरा लोहे का बना हुआ था, जिसे चोरों ने कटिंग सेट से काटकर पूरा पंप हाउस को ही चोरों ने लगभग 20 टन लोहा की चोरी की है।

# संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं" पर सीसीएल में एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

### "आई गॉट कर्मयोगी" प्लेटफॉर्म के विषय में कर्मियों को जागरूक किया गया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : 19 अक्टूबर 2024 को, एचआरडी सीसीएल ने सतर्कता विभाग, सीसीएल के सहयोग से "संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं" पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्री एस.के. ठाकुर, जीएम (ईई) और श्री ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सतर्कता),उपस्थित थे, जिन्होंने विषय विशेष पर विस्तार से प्रकाश डाला । श्री आर.के. पांडे, महाप्रबंधक (एचआरडी) ने कार्यक्रम के उद्देश्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।



श्री एस.के. ठाकुर, जिन्होंने सत्र के लिए संकाय के रूप में कार्य किया, ने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए, जिससे सत्र अत्यधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बन गया।

कार्यक्रम के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया "आई गॉट कर्मयोगी" प्लेटफॉर्म प्रतिभागियों को प्रदर्शित किया गया जिससे कार्यक्रम में महत्वपूर्ण मूल्य जुड़ गया।

ज्ञात हो कि आईगॉट कर्मयोगी भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया एक ई - लर्निंग है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की दक्षता को बढ़ाने में मदद करना है। इस ऐप के माध्यम से कर्मचारी विभिन्न ऑनलाइन कोर्स, वेबिनार और अन्य लर्निंग सामग्री का लाभ उठा सकते हैं। ऐप में व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व कौशल, तकनीकी ज्ञान और अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। कर्मचारी अपनी प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं और प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आईगॉट कर्मयोगी ऐप कर्मचारियों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देने और उन्हें अधिक उत्पादक बनाने में मदद करता है।

## एचसीजी कैंसर अस्पताल में टी लिंफोब्लास्टिक लिंफोमा कैंसर से ग्रसित बच्चे का सफल इलाज

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : रांची के एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल में एक 7 वर्षीय बच्चा सांस में तकलीफ की शिकायत के साथ आया। अस्पताल में डॉ अभिषेक कुमार ने जांच में पाया कि बच्चे का ऑक्सीजन की मात्रा भी काफी कम है। बच्चे के सीने का एक्स रे करने पर पता चला कि उसके सीने के भीतर मांस का टुकड़ा बढ़ा हुआ है, जो हृदय और फेफड़े पर दबाव बना रहा है, जिसके कारण बच्चे को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। बच्चे के फेफड़े में पानी भी भर था।



### जांच करने पर बच्चे में टी लिंफोब्लास्टिक लिंफोमा नामक कैंसर पाया गया

बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती किया गया और कीमोथेरेपी दिया गया। 2 दिन की इलाज के बाद बच्चे को icu से निकल दिया गया। बच्चे की हालत अब बेहतर है, और चिकित्सक की मानें तो मेडिकल कोर्स पूरी होने के बाद आशा है कि जल्द ही वह पूरी तरह से ठीक हो जाएगा। बच्चे को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

आपको बता दें कि डॉ अभिषेक कुमार झारखंड के एकमात्र बाल कैंसर विशेषज्ञ हैं, जो वर्तमान में रांची के एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल में पीडियाट्रिक ऑनकोलॉजी कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं।

## पलामू में सड़क हादसे में दो की मौत:वृद्ध को बाइक सवार ने मारा टक्कर, गंभीर स्थिति के बाद एमएमसीएच में भर्ती

पलामू: पलामू में दो अलग - अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पाटन थाना क्षेत्र के किशैनी गांव में वृद्ध को उनके घर के पास ही एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती किया गया था। जहां से इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

रांची जाने के क्रम में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक किशैनी गांव निवासी 60 वर्षीय मजदूर नकाई सिंह के रूप में हुई है। शनिवार की दोपहर एमएमसीएच में वृद्ध के बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। नकाई सिंह शुक्रवार की शाम गांव में ही मजदूरी करके साइकिल से घर लौट रहा थे। घर से कुछ दूर पहले एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

### बैरिया चौक में हुई दूसरी घटना

दूसरी घटना डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया चौक पर हुई। मोटरसाइकिल में बोलोरो ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक बनुवा गांव निवासी के रहने वाले चंदीप सिंह (28) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि उसकी पत्नी और बच्चा बाल बाल बच गए। दोनों को हल्की चोट आई है।

शनिवार को एमएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक ड्राइवर का काम करता था। चंदीप सिंह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ समूह से लोन लेने के लिए मेदिनीनगर आए थे। घर लौटने के क्रम में बैरिया चौक पर एक बोलेरो बाइक में टक्कर मार भाग निकला। कुछ दूर मुंदरिया इलाके में चालक बोलेरो को सड़क पर लगाकर फरार हो गया।

## 108 एंबुलेंस कर्मियों ने हड़ताल किया खत्म:3 माह का बकाया वेतन का हुआ भुगतान, काम पर लौटे सभी, मरीजों को मिली राहत



गिरिडीह: गिरिडीह में 6 सूत्री मांगों को लेकर सभी 108 कर्मी पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर थे। सोमवार को 3 माह का बकाया वेतन भुगतान हो जाने पर हड़ताल को समाप्त कर दिया गया है। इस मौके पर 108 कर्मियों ने संघ के जिलाध्यक्ष और मजदूर मोर्चा के नेता को गुलदस्ता भेंट देकर सम्मानित किया।

### वेतन भुगतान हो जाने पर खत्म किया गया हड़ताल

इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड मजदूर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह एवं जिला अध्यक्ष बबलू तांती ने बताया कि उनकी 6 सूत्री मांगों में से एक बकाया मानदेय का भुगतान किया गया है। साथ ही उन्हें पीएफ ईसीस का लाभ देने एवं वेतन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का आश्वाशन भी दिया गया है।

### अगर फिर से वेतन में कटौती हुई तो करेंगे हड़ताल : जिलाध्यक्ष

वहीं आचार संहिता लागू भी हो चुका है। इन सभी को देखते हुए उन्होंने अपना हड़ताल स्थगित कर दिया है। अगर इस दौरान किसी भी कर्मियों को हटाया जाता है या फिर हड़ताल के दौरान उनकी वेतन में कटौती की जाती है तो पुनः आचारसंहिता के बाद वे सभी हड़ताल करेंगे।

## गरीबों का भला नहीं चाहती है बीजेपी – डा.अजय



जमशेदपुर। पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा.अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी गरीबों का भला नहीं चाहती है. यही भाजपा का दोहरा चरित्र है. एक तरफ बीजेपी गरीवों के विकास की बात करती है. वहीं दूसरी ओर गरीब बच्चों को दिए गए जर्सी और जूता का शिकायक चुनाव आयोग में करती है. उन्होंने कहा कि यही भाजपा का असली चेहरा है. मईंया सम्मान योजना को बंद करवाने के लिए भी बीजेपी द्वारा रांची हाईकोर्ट में मामला दर्ज करवाया गया था. वही भाजपा के नेताओं द्वारा गरीबों के विकास की बड़ी बड़ी बाते की जाती है. जो बाद में जुमला में तब्दिल हो जाता है. मेरे निवेदन पर एक स्वंय सेवी संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. जिसमें मैं एक अतिथि के तौर पर उपस्थित हो कर बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया.

डा. अजय ने कहा कि दरअसल बीजेपी का चरित्र गरीबों को परेशान करना है. गरीबों के घर उजाड़ने के लिए बीजेपी के एक बड़े नेता ने एनजीटी में शिकायत की थी. जिसके संबंध में मेरे द्वारा खुलासा किया गया था. दरअसल भाजपा हार के डर से बौखला गई है और मुझे बदनाम करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है. मजे की बात है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के पास जमशेदपुर पूर्वी से कोई प्रत्याशी मेरे विरोध में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है. इसलिए बीजेपी मुझे बदनाम और परेशान करने का कोई मौका खोना नहीं चाहती है. लेकिन यह भी सच है कि सच परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं होता है. भुनेश्वर में भी एक साजिश के तहत मुझे बदनाम करने के लिए बीजेपी के इशारे पर मामला दर्ज कराया गया है. जनता सब समझ रही है. जनता ने मन बना लिया है, वह चुनाव में बीजेपी को करार जवाब देगी.

## डालसा की टीम मुसाबनी में चलाया जागरूकता अभियान



जमशेदपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकार , न्याय सदन , सिविल कोर्ट जमशेदपुर के निर्देशन में मोबाईल वैन द्वारा शनिवार को मुसाबनी प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया । इस दौरान डालसा टीम में पीएलवी के रूप में नागेन्द्र कुमार , अरूण रजक , जोबा रानी बास्के , संजय तिवारी एवं आशीष प्रजापति शामिल थे। उक्त जागरूकता अभियान मुसाबनी के मेड़िया घाघरा टोला , मुसाबनी बस स्टैंड, ताजहोटल पीडब्लूडी एरिया आदि जगहों में जरूरतमंद लोगों के बीच कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया । इस दौरान उन्हें पीएलवी द्वारा डालसा के कार्य व उद्देश्य के बारे में बताया गया । साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम , चाईल्ड प्रोटेक्शन , शिशु प्रोजेक्ट, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा, नशापान , प्लास्टिक उन्मूलन आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा राज्य एवम केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया गया। जागरूकता अभियान के दौरान घाघरा टोला में महिलाओं ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में फॉर्म भरने के बाबजूद उन्हें 1000 की राशि नही मिलने की डालसा टीम से शिकायत की और कहा कि प्रखंड कार्यालय में पता करने पर बताया जा रहा है कि आपका बैंक खाता संख्या रजिस्ट्रेशन के समय गलत चढ़ गया है और उसे सही खाता संख्या देने पर उसमें सुधार भी नही किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में उनका कोई सुनने वाला नही है । ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में भी धांधली होने की शिकायत किया है ।

## प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत:चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस कर रही जांच

गिरिडीह: गिरिडीह शहर के पचंबा में संचालित पार्वती फाउंडेशन मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में शनिवार को प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पचंबा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने घटना के संबंध में परिजनों से जानकारी ली।

### प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत

मृतका की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के भूपतडीह निवासी रंजीत कुमार यागिरिडीह शहर के पचंबा में संचालित पार्वती फाउंडेशन मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में शनिवार को प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पचंबा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने घटना के संबंध में परिजनों से जानकारी ली।

### इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप

मृतका की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के भूपतडीह निवासी रंजीत कुमार यादव की (28) वर्षीय पत्नी कालिका देवी थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 10 बजे कालिका देवी को इलाज के लिए पचंबा थाना के सामने संचालित पार्वती फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दोपहर में प्रसव के बाद बच्ची हुई। लेकिन रात में अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों ने कलिका देवी के इलाज में लापरवाही कर दी। जिसके बाद अचानक उसका पेट फूलने लगा। बाद में आनन-फानन में अस्पताल के प्रबंधक ने रेफर कर दिया, लेकिन इसी बीच दोनों की मौत हो गई।

### अस्पताल प्रबंधक ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

घटना के बाद अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक व नर्स अस्पताल छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की तो अस्पताल प्रबंधक सीधा थाना पहुंच पहुंचे। मामले में अस्पताल प्रबंधक ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। कहा कि प्रसूता का पहले से दिल्ली में हार्ड का ऑपरेशन हुआ था। जिसकी जानकारी अस्पताल में चिकित्सक को नहीं दी गई थी। कहा कि चिकित्सक द्वारा प्रसूता का इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

## ओरमांझी में तीन दिवसीय सिंधु कान्हू फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



ओरमांझी(मोहसीनआलम):एसएस हाई स्कूल मैदान में शनिवार क्रो तीन दिवसीय सिंधु कान्हू फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन युवा खेल क्लब सौजन्य seआयोजित किया गया.टूर्नामेंट का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया, टूर्नामेंट के पहले दिन आनेको टीमों ने अपने खेल का प्रतिभा दिखाकर अगले राउंड में पहुंचा। उद्घाटन मैच यु एम स्पोटिंग बनाम एफ सी हेंदेबीली के बीच खेला गया।जिसमें यु एम स्पोटिंग ने हेन्देबिली को 3-0 से पराजित किया।अन्य मैच जे एफ सी चूट्टू ने एस एफ सी घना लाली को ट्रायब्रेकर मे 3-2 से, ब्रांड जंगल एफ सी ओरमांझी ने नायक ब्रदर्स गेतलसूद को 3-2 से,एफ सी जोन्हा ने एस टी एफ सी लुपुंगा को 4-2 से, वही क्वार्टर फाइनल में चूट्टू ने युएम स्पोटिंग को 1-0 से, ब्रांड जंगल एफ सी ने जोंहा को ट्रायब्रेकर में 7-6 से पराजित किया। मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित मैच का उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरीमोहन महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुबारक अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, सुरेंद्र उरांव, काशीनाथ पाहन,मगनु मुंडा, धनंजय बेदिया,धीरज महतो, बादल नायक, आदर्श महतो, अनमोल मुंडा, संजीव कुमार महतो, रमेश कुमार महतो सहित आने को खेल प्रेमी मौजूद थे।

## गोविंदपुर में एनएच किनारे गुमटी से 26 बोतल अवैध शराब जब्त



धनबाद : गोविंदपुर थाना पुलिस ने शनिवार को रतनपुर में जीटी रोड (एनएच-2) किनारे एक गुमटी से 26 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की. पुलिस ने कापासारा निवासी गुमटी संचालक गोस्टो कुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी रुस्तम अली ने बताया कि गुमटी की आड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी. गुमटी संचालक गोस्टो कुमार मंडल विभिन्न ब्रांडों शराब लाकर बेचता था. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी कर शराब जब्त कर ली. गोस्टो कुमार मंडल के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया. छापेमारी में एसआई रविरंजन पांडे, दिनेश कुमार मेहता, संतोष कुमार, विजय श्रीवास्तव शामिल थे. थाना प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए इलाके में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

## मालगाड़ी की चपेट में आया शिशु हाथी:पटरी पार करने के दौरान हुआ हादसा, परिचालन भी हुआ प्रभावित



लातेहार : सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन केकराही गांव के निकट शुक्रवार की देर रात मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई। मृत हाथी का बच्चा मालगाड़ी के नीचे फंसा रहने के कारण रेलवे का परिचालन भी प्रभावित रहा। शनिवार को वन विभाग और रेलवे विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृत हाथी के बच्चे को मालगाड़ी के नीचे से बाहर निकाला गया।

### पटरी पार करने के दौरान हादसा

जानकारी के अनुसार बीती रात करीब साढ़े 12 बजे हाथियों का झुंड रेल पटरी को पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक डाउन लाइन पर मालगाड़ी ट्रेन के चपेट में आ गई। उसकी मौत हो गई। हाथी का बच्चा मालगाड़ी में फंसे होने के कारण गाड़ी को घटनास्थल पर ही रोकना पड़ गया। इस संबंध में रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृत हाथी के बच्चे को रेलवे ट्रैक से बाहर निकाला गया।

### घटनास्थल पर ही पोस्टमॉर्टम

मिली जानकारी के मुताबिक घटनास्थल पर ही पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। इसके बाद उसे दफ़नाया दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि घटना करीब रात्रि 12:30 बजे की है। शनिवार की सुबह आठ बजे ट्रैक से बाहर निकालने के बाद यातायात चालू कराया गया। हालांकि रेलवे विभाग के द्वारा ऑप्शनल व्यवस्था के तहत अप लाइन के माध्यम से ही रेलवे परिचालन को कराया गया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।